राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



हजारीबाग में लेवी के पैसे के साथ गिरफ्तार राहुल दुबे गैंग के दो सदस्य

• बोकारो, शुक्रवार 11 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 117 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### आइएएस अधिकारी विनय चौबे निलंबन मुक्त

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** शराब घोटाला मामले में फंसे आइएएस अधिकारी विनय चौबे निलंबन से मुक्त होने के बाद उन्होंने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान दे दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक राजभाषा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले आइएएस अधिकारी विनय चौबे को निलंबन से मुक्त करने का आदेश दिया गया था जिसके बाद गुरुवार को उन्होंने योगदान दिया है। विनय कुमार चौबे के निलंबन मुक्त होने के बाद योगदान देते ही प्रशासनिक गलियारों में गुरुवार को हलचल देखा गया।

### किसान की गला दबाकर हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में एक किसान की हत्या कर दी गई। पिठवर टोली निवासी 45 साल के विश्वनाथ उरांव का शव देवाकी खपरा टोली के पास एक खेत से मिला। पुलिस ने गुरुवार को शव बरामद किया। थानेदार मोहन कुमार सिंह ने बताया कि हत्या की सूचना मिलते ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे की वजह और आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के किशुनपुर में बुधवार देर रात तेज रफ्तार बोलेनो कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ट्रक में फंस गई। हादसे में किशुनपुर निवासी सरयू राणा के 28 वर्षीय पुत्र बसंत राणा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार उपेंद्र राणा, रामदेव राणा और गुड्डू राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

### खदान में मिला महिला का कंकाल

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बलियापुर थाना क्षेत्र के बाघमारा पंचायत के हरिहरटिांड़-टेका खुटु जंगल में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक खदान में महिला का कंकाल मिला। जंगल में कंकाल मिलने की खबर देखते ही देखते आसपास के इलाके में फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बलियापुर थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कंकाल को बाहर निकलवाया।

### राहुल दुबे गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गिद्दी थाने की पुलिस ने लेवी के पैसे के साथ राहुल दुबे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्य कोयला कारोबारियों से लेवी व रंगदारी वसूलने के लिए काले रंग की बाइक से गिद्दी की ओर आ रहे हैं। इसके बाद विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई।

# तीन इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** माओवादी संगठन के खिलाफ सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के बीच संगठन को बड़ा झटका लगा है। झारखंड में लंबे समय तक सक्रिय रहे तीन सक्रिय माओवादियों ने हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया है। तीनों ने पश्चिम बंगाल पुलिस के सामने हथियार डाल दिए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने तीनों इनामी नक्सलियों के समर्पण की पुष्टि की है। तीनों के खिलाफ कुल 81 मामले दर्ज हैं। रामप्रसाद के खिलाफ 44, मीता के खिलाफ 19 और गौरी के खिलाफ 18 मामले दर्ज हैं। सरेंडर करने वालों में पूर्वी सिंहभूम के पटमदा निवासी और इनामी माओवादी रीजनल कमेटी सदस्य राम प्रसाद मार्डी उर्फ सचिन, उसकी पत्नी और इनामी जोनल कमेटी सदस्य मीता उर्फ नयनतारा और इनामी महिला कैडर बुलू उर्फ गौरी शामिल हैं। तीनों पर इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में राम प्रसाद मार्डी को संगठन का महत्वपूर्ण सदस्य माना जाता था। वह माओवादी संगठन में रीजनल कमेटी सदस्य के पद पर सक्रिय था। उस पर इनाम घोषित था। राम प्रसाद ने अपनी



एके-47 राइफल के साथ सरेंडर किया है। राम प्रसाद मूल रूप से झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा का रहने वाला है। वह लंबे समय से वह माओवादी संगठन से जुड़कर झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था। संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होने के कारण उसकी गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों के लिए लगातार चुनौती बनी हुई थीं। राम प्रसाद की पत्नी मीता उर्फ नयनतारा भी माओवादी संगठन की सक्रिय सदस्य थी। वह पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम थाना क्षेत्र के सोनाचूड़ा की रहने वाली है। संगठन में उसे जोनल कमेटी सदस्य की जिम्मेदारी मिली हुई थी। मीता पर भी 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पति के साथ उसने भी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। झारखंड पुलिस के इतिहास में यह चौथी घटना है, जिसमें पति-पत्नी दोनों ने एक साथ हथियार डाले हैं। सरेंडर करने वाली तीसरी माओवादी बुलू उर्फ गौरी है। वह पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबनी थाना क्षेत्र के करमसोल की रहने वाली है और मदन महतो की पत्नी है। बुलू संगठन की सक्रिय कैडर के रूप में काम कर रही थ, उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इनामी नक्सली रामप्रसाद मंडी उर्फ महादेव उर्फ सचिन उर्फ सुनील, भाकपा माओवादी की क्षेत्रीय कमेटी का सदस्य रहा है। उसके खिलाफ झारखंड में कुल 44 मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, पुलिस बल पर हमला, हथियार और विस्फोटक अधिनियम समेत कई गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस सारंडा और दलमा के साथ-साथ एमजीएम, पटमदा, बोड़ाम और घाटशिला क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षा बल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। अभियान में पुलिस के साथ कोबरा बटालियन के जवान भी शामिल हैं।

## नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति की शक्तियां जब्त, रजिस्ट्रार भी हटाए गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी में बवाल मचा हुआ है। राज्यपाल ने नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों को जब्त कर लिया है। वहीं यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ नफीस अहमद का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया गया है। डॉ नफीस अहमद की जगह पर डॉ मृत्युंजय कुमार को प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया गया है। डॉ मृत्युंजय कुमार यूनिवर्सिटी में प्रॉक्टर के पद पर तैनात है। दरअसल नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति को लेकर राजभवन से पत्र आया था। पत्र के आलोक में रजिस्ट्रार ने भी एक पत्र जारी किया था। इस पत्र में लिखा गया है कुलपति दैनिक कार्यों के अलावा और कुछ नहीं करेंगे। आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में पहले लोकभवन से अनुमति प्राप्त करने होंगे। यानी राज्यपाल सह कुलाधिपति ने वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की बात कही है। रजिस्ट्रार डॉ नफीस अहमद ने एक महीने पहले इस्तीफा दे दिया था और उनका इस्तीफा 10 सितंबर से लागू होना था। 9 सितंबर को डायरेक्टर हायर एजुकेशन के निर्देश पर कुलपति ने रजिस्ट्रार के पद पर डॉ मृत्युंजय कुमार को तैनात किया है। कुलपति और रजिस्ट्रार को लेकर 09 सितंबर को ही आदेश जारी हो गया था। पूरे मामले में कुलपति और रजिस्ट्रार फिलहाल कुछ भी नहीं बोलने को तैयार नहीं है। इधर नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी में कथित वित्तीय गड़बड़ी को लेकर छात्र संगठनों का आंदोलन जारी है। सूचना के अधिकार कानून के तहत छात्र संगठन यूनिवर्सिटी का ऑडिट रिपोर्ट को निकाला था और प्रतिदिन मीडिया के सामने खुलासा कर रहे थे। छात्र संगठनों ने राज्यपाल से मुलाकात भी की थी। रजिस्ट्रार के मामले में भी छात्र संगठन ने राज्यपाल को पत्र लिखा और मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है। छात्र नेता राहुल दुबे ने बताया कि रजिस्ट्रार के मामले में भी राज्यपाल को पत्र लिखा गया है। जब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई अंतिम पायदान तक नहीं पहुंचती है, छात्रों का आंदोलन जारी रहेगा।

## दुर्गा सोरेन का संघर्ष हमेशा प्रेरणा देगा : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो के दिवंगत नेता और अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के प्रमुख योद्धाओं में थे। वे उनके बड़े भाई के साथ-साथ अभिभावक और मार्गदर्शक भी थे। उन्होंने झामुमो में दुर्गा सोरेन को पार्टी का मजबूत स्तंभ बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गा सोरेन ने अपना पूरा जीवन झारखंड, झारखंडी पहचान और यहां के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष में लगा दिया। उनका संघर्ष, विचार और हिम्मत हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा,



उनके बड़े भाई, अभिभावक और मार्गदर्शक, झामुमो के मजबूत स्तंभ दादा स्व. दुर्गा सोरेन ने अपना पूरा जीवन झारखंड, झारखंडी अस्मिता और यहां के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए समर्पित कर दिया था। उनका संघर्ष, विचार और जुझारूपन हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेंगे।

## नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी, छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिमडेगा।** नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। सिमडेगा पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार करने के साथ कई अहम दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक सबूत बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह ने लगभग 5-6 करोड़ रुपये की ठगी की है। वे नौकरी दिलाने का वादा करके सिक्योरिटी मनी के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ठगते थे। यह मामला जिले के बानो और कुरडेग थाना क्षेत्रों से *जुड़ा है।* स्थानीय ग्रामीणों ने एक फाउंडेशन पर ठगी का आरोप लगाया था। इसी आधार पर बानो थाने में केस नंबर 27/26 और कुरडेग थाने में केस नंबर 36/26 दर्ज किया गया। इसके बाद एसपी श्रीकांत एसपी श्रीकांत एस खोटरे



ने वरीय पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह और एसडीपीओ धर्मदेव पासवान की संयुक्त अगुवाई में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया। टेक्निकल और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसआईटी ने दोनों मामलों में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पद के हिसाब से सिक्योरिटी डिपॉजिट तय की गई थी। स्टेट हेड के लिए 3 लाख, डिस्ट्रिक्ट हेड के लिए 1.50 लाख, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के लिए 60 हजार और सेंटर इंचार्ज के लिए 40 हजार रुपये। जांच में यह भी पता चला कि नियुक्ति के बाद भी अलग-अलग मदों में पैसे काटे जाते थे। इसके अलावा जांच में खुलासा हुआ कि संगठन को चलाने वाला मुख्य आरोपी खुद को नेशनल हेड बताता था। गिरफ्तार किए गए लोगों में अशोक साईं, ओम प्रकाश, कुशल केरकेट्टा, सरोज केरकेट्टा, गौरती केरकेट्टा और कुंदन शर्मा शामिल हैं। जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी ने लोगों से अपील की है कि वे नौकरी या नियुक्ति के लिए बिना ठीक से जांच-पड़ताल किए किसी व्यक्ति या संस्था को पैसे न दें। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या धोखाधड़ी की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या पुलिस अधिकारियों को दें।

## चुप्पी को बातचीत और निराशा को आशा में बदलने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आज रांची सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जागरुकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के झारखंड अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने किया। इस मौके पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों व कर्मचारियों को आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूक रहने और जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. सीमा गुप्ता ने कहा कि मानसिक परेशानी और आत्महत्या की प्रवृत्ति का एक महत्वपूर्ण कारण अपनी परेशानियों और भावनाओं को दूसरों के साथ साझा न



करना है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के साथ हम सहज महसूस करते हैं, उसके साथ अपनी परेशानियों को साझा करना चाहिए ताकि समय रहते भावनात्मक सहयोग और आवश्यक सहायता मिल सके। उन्होंने सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग को भी मानसिक तनाव का एक कारण बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें दो महत्वपूर्ण बातों पर विशेष ध्यान देना होगा, पहला चुप्पी को बातचीत में बदलना होगा और दूसरा निराशा को आशा में बदलने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि अक्सर हम चाहते हैं कि हमारे जीवन में चीजें ठीक उसी तरह हों, जैसा हम सोचते हैं, इस मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गुस्सा, चिंता और असंतोष मानसिक तनाव को बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं। स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए इन भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी है। शशि प्रकाश झा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति मानसिक तनाव या किसी प्रकार की मानसिक परेशानी से जूझ रहा है तो उसे अकेले इसका सामना नहीं करना चाहिए, समय पर सहायता लेना बेहद जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डोडा तस्करी मामले में दोषी को 20 साल की सजा, चार लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** 631 किलो डोडा की तस्करी मामले में दोषी तमिलनाडु राज्य निवासी के. सरथ को अदालत ने 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर चार लाख का जुर्माना भी लगाया है। एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश एके मिश्रा ने यह सजा सुनाई है। दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी से भूसुर रिंग रोड की तरफ एक बोलेरो पिकअप वैन में डोडा की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर खरसीदाग थाना की पुलिस ने 20 मार्च 2025 को सड़क पर चेकिंग अभियान शुरू की। उसी दौरान खूंटी की ओर से आ रही पिकअप वैन को पुलिस ने रोका। उसकी तलाशी लेने पर 40 बोरा डोडा बरामद की गई थी। वहीं पिकअप वैन के मालिक सह ड्राइवर के. सरथ को मौके पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### नशे के तीन सौदागर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर जिले में नशे का व्यापार करने वाले के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बारियातु थाना कांड संख्या 10/2025 के प्राथमिकी अभियुक्त आदित्य यादव को गिरफ्तार एवं बरवाडीह थाना क्षेत्र में नौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों विमलेश कुमार सिंह व मिथुन कुमार को गिरफ्तार किया गया। मामले में बरवाडीह थाना में कांड संख्या 60/26 दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।


## ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में जुटा शिक्षा विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में स्कूल से बाहर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम के बीच सामने आए आंकड़े तस्वीर और चुनौती, दोनों को सामने रखते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में 59,094 बच्चे स्कूल से बाहर चिन्हित किए गए थे। इनमें से 52,629 यानी करीब 89 फीसदी बच्चों का दोबारा स्कूल में नामांकन कराया गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में किए गए हाउसहोल्ड सर्वे में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 19,862 बच्चे स्कूल से बाहर मिले हैं। इनमें अब तक 9,560 बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है जबकि बाकी बच्चों की ट्रैकिंग जारी है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से गुरुवार को ऐसे ही बच्चों के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया



गया। इसमें स्कूल से बाहर रहने के बाद दोबारा स्कूल लौटे करीब 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें वैसे बच्चे भी शामिल थे जो कभी स्कूल में नामांकित नहीं हुए थे या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके थे। बच्चों ने अधिकारियों के सामने अपने अनुभव साझा किए। कुछ बच्चों ने रीडिंग स्किल दिखाई तो कुछ ने स्टोरी टेलिंग के जरिए अपनी बात रखी। बातचीत की तो कई बच्चों ने बताया कि पारिवारिक और दूसरी परेशानियों के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। बाद में सरकारी प्रयास और शिक्षकों की समझाने से उन्होंने दोबारा स्कूल जाना शुरू किया। अब यही बच्चे पढ़ाई के साथ अपने भविष्य के सपने फिर से संवार रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विभाग और निदेशालय लगातार काम कर रहे हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भी बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कई योजनाएं और अभियान चलाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष करीब 60 हजार बच्चों को दोबारा स्कूल की मुख्यधारा से जोड़ने में सफलता मिली थी और इस वर्ष भी नामांकन का आंकड़ा बेहतर है। आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान के लिए स्कूल-आवास मैपिंग, शिक्षकों की टैगिंग और घरेलू सर्वे जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। यह पूरी प्रक्रिया दहार पोर्टल के जरिए डिजिटल रूप से की जा रही है। इसके अलावा विद्या समीक्षक केंद्र का टोल फ्री नंबर 0651-2710007, ऑनलाइन सूचना लिंक, स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद और यू-डायस में ड्रॉप बॉक्स के जरिए मिले बच्चों का सत्यापन किया जा रहा है। 15 से 18 वर्ष के बच्चों को एनआइओएस से जोड़ने की भी तैयारी है। वहीं ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे विशेष क्षेत्रों में बच्चों की पहचान की जा रही है। सिर्फ 6 से 18 वर्ष के बच्चे ही नहीं, सर्वे में 3 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 10,133 बच्चे भी चिन्हित हुए हैं। इनके आंगनबाड़ी में नामांकन के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। विशेष प्रशिक्षण केंद्रों और विशेष नामांकन अभियान के जरिए भी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की कोशिश जारी है। आंकड़े बताते हैं कि हजारों बच्चों की स्कूल वापसी हुई है लेकिन चालू वर्ष में चिन्हित करीब 20 हजार बच्चों में से अभी आधे से ज्यादा का नामांकन बाकी है। ऐसे में असली चुनौती सिर्फ बच्चों की पहचान नहीं बल्कि उन्हें स्कूल में बनाए रखना और दोबारा ड्रॉपआउट होने से रोकना है।





CMYK

# राहुल दुबे गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, 40 हजार और बाइक बरामद

## कोयला कारोबारियों से लेवी व रंगदारी वसूलने के आरोप में गिद्दी पुलिस की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** कोयला कारोबारियों से लेवी एवं रंगदारी वसूलने के लिए गिद्दी क्षेत्र में पहुंचे राहुल दुबे गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिद्दी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लेवी की वसूली की गई 40 हजार रुपये की नकदी, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 10 सितंबर 2026 को गिद्दी थाना प्रभारी पु०अ०नि० मो० ईकबाल हुसैन को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से कोयला कारोबारियों से लेवी एवं रंगदारी वसूलने के लिए गिद्दी क्षेत्र में आने वाले हैं। सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाना में सन्हा दर्ज कर तत्काल छापामारी टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस टीम रवाना हुई। इसी दौरान गुप्तचर से सूचना मिली कि आरोपी रंगदारी



एवं लेवी की रकम वसूलने के बाद ग्राम बुण्डु-बसरिया होते हुए रामगढ़ की ओर भाग रहे हैं। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और टोंगी गिद्दी मेन रोड के पास पुलिस वाहन से मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मन्नु कुमार साव (19 वर्ष), पिता प्रमोद साव, निवासी सौदागर मुहल्ला, रामगढ़ कैंट, थाना एवं जिला रामगढ़ तथा अविनाश कुमार (करीब 18 वर्ष), पिता राजेश साव, निवासी कोरीटोला मुण्डा टोली, थाना एवं जिला रामगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के 80 नोट, कुल 40,000 रुपये, सफेद रंग का वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल, नीले रंग का वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल तथा काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल संख्या बरामद कर जब्त की है। इस मामले में गिद्दी थाना में संबंधित धाराओं के तहत कांड संख्या 111/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में गिद्दी थाना प्रभारी पु०अ०नि० मो० ईकबाल हुसैन, पु०अ०नि० दामुराम बोयपाई, स०अ०नि० चन्दन उराँव, स०अ०नि० सुनील कुमार, आरक्षी 1605 ओम प्रकाश कुमार महतो, आरक्षी 262 राजेन्द्र कुमार तथा चालक आरक्षी 1453 अनिल कुमार सिंह शामिल थे।

# हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने गुणवत्ता मानकों पर चर्चा में लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने लद्दाख के लेह में आयोजित संसदीय स्थायी समिति (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) की अध्ययन यात्रा के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बीआईएस मानकों के गुणवत्ता से उठे। वहीं लद्दाख जैसे दुर्गम और भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्ता मानकों के अनुपालन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई। सांसद मनीष जायसवाल ने समिति की चर्चा में भाग लेते हुए गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने और उपभोक्ता हितों की बेहतर



नियंत्रण और प्रवर्तन में सुधारद्ध विषय पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लिया। अध्ययन यात्रा के क्रम में लद्दाख में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के निर्धारित मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बाजार में उपलब्ध उत्पादों की नियमित गुणवत्ता जांच, बीआईएस मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई और उपभोक्ताओं के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुखता सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को समझने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता मानकों का प्रभावी अनुपालन सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़ा विषय है। संसदीय स्थायी समिति की यह अध्ययन यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण से संबंधित व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान सामने आने वाले अनुभवों और सुझावों के आधार पर संबंधित व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिए समिति द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलवक्त सांसद मनीष जायसवाल इसी अध्ययन यात्रा में हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### एमडीएम के 12 बोरा चावल के कथित गबन की जांच तेज, स्कूल पहुंची प्रशासनिक टीम

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गांडेय प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राताबहियार में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के चावल के कथित गबन, फर्जी उपस्थिति दर्ज करने और विद्यालय विकास मद की राशि में अनियमितता की शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को प्रशिक्षु आईएएस एस. कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम विद्यालय पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने विद्यालय में एमडीएम के 12 बोरा चावल के कथित गबन, बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करने तथा पोशाक सामग्री को बोरे में छिपाकर रखने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। इन शिकायतों को लेकर ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में विरोध-प्रदर्शन भी किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के सचिव सह शिक्षक अजय कुमार सिंह द्वारा एमडीएम चावल, बच्चों की पोशाक तथा विद्यालय विकास मद की राशि में अनियमितता की गई है। वहीं, विद्यालय के पूर्व सहायक अध्यापक रामप्रसाद यादव ने भी लगाए गए आरोपों की पुष्टि किए जाने का दावा किया था। इसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। जांच के दौरान पूर्व मुखिया प्रकाश यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार, अमर गोप, सुरेंद्र यादव, गिरधारी गोप, मनोज मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बड़े भाई और अभिभावक थे सुदिव्य सोनू, पोषण सखियों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, जिला कमेटी एवं सभी प्रखंड कमेटियों की अगुवाई में गुरुवार को झंडा मैदान में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद पोषण सखियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने कहा कि पोषण सखियों की गई हुई नौकरी को वापस दिलाने में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। उन्होंने कहा कि सुदिव्य सोनू सिर्फ मंत्री नहीं थे, बल्कि पोषण सखियों के लिए बड़े भाई और अभिभावक के समान थे। उनके असमय निधन से पोषण सखियों ने अपना मार्गदर्शक और अभिभावक खो दिया है। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष रजिया खातून, सचिव रीता दास, बसंती कुमारी, गावां प्रखंड सचिव रिंकी श्रीवास्तव, गुड़िया चौधरी, प्रीति कुमारी, नंदनी कुमारी, ललिता देवी, सीमा कुमारी, ज्योति दास, रिंकी कुमारी, तमन्ना परवीन, सोनिया हांसदा, कृष्णा हेंब्रम समेत सैकड़ों पोषण सखियां मौजूद थीं।

### खतियान-रसीद नहीं तो जाति-आवासीय प्रमाण-पत्र में अड़ंगा, भूमिहीन गरीब परेशान

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जारी एसआईआर एवं राशन कार्ड केवाईसी के बीच जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में भूमिहीन गरीब परिवारों के सामने प्रमाण-पत्र बनवाने की समस्या खड़ी हो गई है। आरोप है कि खतियान और जमीन की रसीद नहीं होने के कारण कई लोगों के आवेदन अटक रहे हैं, जबकि सरकार की ओर से ऐसे मामलों में वैकल्पिक प्रावधान किए गए हैं। सदर प्रखंड के सेनादोनी पंचायत अंतर्गत तिगोजोरी गांव में गुरुवार को भूमिहीन परिवारों की बैठक में यह मामला सामने आया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास जमीन का खतियान या रसीद नहीं है, लेकिन सरकार की ओर से भूमिहीन/गृहविहीन परिवारों को जमीन मिलने से संबंधित प्रमाण-पत्र मौजूद है। इसके बावजूद जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, वे प्रमाण-पत्र बनाने के लिए आयोजित कैंप में भी पहुंचे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। बैठक की अगुवाई फॉरवर्ड ब्लॉक नेता मनोज यादव एवं पंकज वर्मा ने की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि वैकल्पिक प्रावधान के तहत ऐसे सभी भूमिहीन लोगों का जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र अविलंब बनाया जाए। नेताओं ने कहा कि गरीबों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इधर, पार्टी के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने कहा कि येन-केन-प्रकारेण गरीबों को ही परेशान होना पड़ रहा है।

# सुदिव्य सोनू की चमक संगठन और सरकार दोनों पर : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला कार्यालय में आयोजित शोकसभा में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया तथा उनके संघर्ष, संगठन के प्रति समर्पण और गिरिडीह के विकास में उनके योगदान को नमन किया। झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू झारखंड आंदोलन से उपजे ऐसे कोहिनूर हीरा थे, जिसकी चमक संगठन और सरकार दोनों पर थी। एक साधारण कार्यकर्ता से



लेकर मंत्री पद तक का उनका सफर संघर्षपूर्ण जीवन की महागाथा है। उन्होंने कहा कि समय के कालचक्र ने उन्हें हम सबके बीच से ओझल कर दिया, लेकिन उनकी विचारधारा, संघर्ष और समर्पण हमेशा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता रहेगा। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मेयर प्रमिला मेहरा ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से गिरिडीह को अपूरणीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह के विकास को लेकर दिवंगत मंत्री का विजन हमेशा याद किया जाएगा। झामुमो जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने कहा कि हम सबके बीच से हमारा अभिभावक चला गया। पार्टी संगठन के प्रति उनके विचार, संघर्ष और समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक जवाबदेही है कि वे एकजुट रहें। जिला उपाध्यक्ष अजित कुमार पप्पु ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपूरणीय क्षति हुई है। वहीं डिप्टी मेयर सुमित कुमार ने कहा कि गिरिडीह नगर निगम को मॉडल बनाने का सपना सुदिव्य कुमार सोनू ने देखा था। उस सपने को पूरा करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# निलंबन मुक्त होने के बाद आईएएस विनय चौबे ने कार्मिक विभाग में दिया योगदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने शराब घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को निलंबन मुक्त कर दिया है। निलंबन से मुक्त होने के बाद उन्होंने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में योगदान दिया। एसीबी ने शराब घोटाले में मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों के साथ कथित साजिश कर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद उनके खिलाफ दो और मामले दर्ज हुए, जिनमें



प्रभाव का इस्तेमाल कर करीबी लोगों के नाम पर गलत तरीके से म्यूटेशन कराने का आरोप है। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह जेल से बाहर आए थे।

# विकसित भारत विजन से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सुनहरा मौका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत), गिरिडीह की ओर से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 (वीबीवाईएलडी 2027) का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकसित भारत क्विज का आयोजन किया जा रहा है। एपीए, नेहरू युवा केंद्र ने जिले के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज में भाग लेने की अपील की है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसमें हिस्सा ले सकते हैं। ऑनलाइन क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। युवा विभिन्न भाषाओं में



ऑनलाइन क्विज में भाग ले सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के विचार, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता की पहचान कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करना है। क्विज में चयनित प्रतिभागियों को अगले चरण में 500 शब्दों के विकसित भारत निबंध चैलेंज में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद चयन प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ेगी। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों में से शीर्ष दो को राज्य स्तर की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में प्रस्तावित है। चयनित युवा इस राष्ट्रीय मंच पर विशेषज्ञों, केंद्रीय सचिवों और केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त करेंगे। कुछ चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिल सकता है। नेहरू युवा केंद्र ने युवाओं से अपील की है कि वे माइ भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर अधिक से अधिक संख्या में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 क्विज में भाग लें और राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर हासिल करें।

# कॉलेज में झारखंड छात्र मोर्चा ने मंत्री सुदिव्य सोनू को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह कॉलेज परिसर में गुरुवार को झारखंड छात्र मोर्चा (झामुमो छात्र संगठन) की गिरिडीह कॉलेज कमेटी की ओर से दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्या कुमार सोनू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने नम आंखों से दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सुदिव्या कुमार सोनू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा प्रार्थना की गई।



वक्ताओं ने कहा कि सुदिव्या कुमार सोनू का निधन झारखंड और गिरिडीह के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने गिरिडीह के विकास और आम जनता के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से छात्र समुदाय समेत समाज के विभिन्न वर्गों में गहरा शोक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत सुदिव्या कुमार सोनू की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके योगदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

# नगर थाना में विदाई और स्वागत समारोह में रतन सिंह को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर थाना कार्यालय कक्ष में गुरुवार को विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में निवर्तमान थाना प्रभारी पु.नि. रतन कुमार सिंह को भावपूर्ण विदाई दी गई। पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके आगामी कार्यकाल के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, नगर थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी पु.नि. श्याम किशोर महतो का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं



दीं। समारोह के दौरान उम्मीद जताई गई कि श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तथा आम लोगों के साथ बेहतर पुलिसिंग की दिशा में ठोस पहल होगी। अधिकारियों एवं कर्मियों ने नए थाना प्रभारी को हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में वंदना सभा, विद्यार्थियों को मोबाइल के अनावश्यक उपयोग से बचने की दी नसीहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा गिरिडीह में गुरुवार को प्रातः वंदना सभा का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन गिरिडीह के सचिव एवं झारखंड ग्रामीण बैंक के प्रबंधक प्रदीप कुमार वर्णवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार वर्णवाल ने मां सरस्वती, ॐ, भारत माता तथा संत शिरोमणि रविदास जी के चित्रों पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का परिचय एवं स्वागत किया। आचार्य सुमन मंडल ने अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते



हुए प्रदीप वर्णवाल ने कहा कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए योग्य और संस्कारवान नागरिक तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं कि वे ऐसे विद्यालय परिवार से जुड़े हैं, जहां पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, संस्कार और सेवा भाव की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते अनावश्यक उपयोग पर चिंता जताते हुए विद्यार्थियों से इससे बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल स्वाध्याय और एकाग्रता की आदत को प्रभावित कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग करते हुए नियमित अध्ययन और आत्मविकास पर ध्यान देना चाहिए। वर्णवाल ने विद्यालय परिसर में लगे महापुरुषों के चित्रों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इन्हें केवल चित्र के रूप में न देखें, बल्कि उनके जीवन और संघर्षों को पढ़ें, समझें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी विशेष प्रतिभा और हुनर के साथ भेजा है। उस प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना ही सच्चे गुरु और शिक्षा का उद्देश्य है। अंत में प्रधानाचार्य श्री आनंद कमल ने मुख्य अतिथि के प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया।

# आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर 12 सितंबर को सत्याग्रह

## आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग, हड़ताली चौक पर उपवास-सह-सत्याग्रह में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ देने तथा जातिगत आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त कर आर्थिक आधार को आरक्षण का मानदंड बनाने की मांग को लेकर सवर्ण एकता मंच 12 सितंबर को हड़ताली चौक पर एकदिवसीय उपवास-सह-सत्याग्रह करेगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसकी जानकारी गुरुवार को प्रधान कैफेटेरिया में आयोजित प्रेस वार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने दी। मंच के संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि जातिगत आरक्षण के खिलाफ देशभर में उठ रही आवाज को मजबूती देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरक्षण का आधार जाति नहीं, बल्कि सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति होनी चाहिए। इसी मांग को लेकर मंच लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज



कराएगा। समाजसेवी एवं सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कहा कि आरक्षण का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में समान अवसर और सामाजिक समरसता के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित सत्याग्रह में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। दीपक नाथ सहाय ने कहा कि मंच का उद्देश्य किसी जाति या समुदाय का विरोध करना नहीं है। संगठन जातिगत आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था के खिलाफ संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाना चाहता है। उन्होंने लोगों से 12 सितंबर को हड़ताली चौक पहुंचकर उपवास-सह-सत्याग्रह में भाग लेने की अपील की। वहीं बप्पी करण और प्रभात प्रधान ने युवाओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी से आंदोलन को मजबूती मिलेगी। मंच के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सत्याग्रह पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और किसी प्रकार के विवाद या टकराव से बचते हुए संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाई जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान सुनील सिंह राठौर, बलराम शर्मा सहित मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

# 11 राज्यों के खिलाड़ियों से सजा मोरहाबादी स्टेडियम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राजधानी के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में गुरुवार से सीआईएससीई झारखंड-बिहार नेशनल हॉकी टूर्नामेंट का आगाज हुआ, टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

10 से 12 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के 11 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले खेले जा रहे हैं, अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ी मैदान पर अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के जरिए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिल रहा है।

उद्घाटन के मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में हॉकी का गौरवशाली इतिहास रहा है और राज्य के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश-दुनिया में झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की। मोरहाबादी का एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम अगले तीन दिनों तक हॉकी मुकाबलों का गवाह बनेगा। अलग-अलग आयु वर्ग में होने वाले मैचों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी जीत के साथ आगे बढ़ने के लिए मैदान पर पूरी ताकत लगा रहे हैं। वहीं, प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही खिलाड़ी खुशबू ने कहा कि रांची में खेलने का अनुभव अच्छा है। यहां बेहतर मैदान और माहौल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ना है। खिलाड़ी राखी ने भी प्रतियोगिता को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों की टीमों के साथ खेलने से खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने का मौका मिलता है। टीम मुकाबलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## जेपीएससी परीक्षा घोटाला: सीडीआर की कड़ियों से एल खियांग्ते तक पहुंची जांच की आंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच में पूर्व अध्यक्ष लबियाक्तलुआंगा खियांग्ते शुरू से ही दायरे में रहे। 5 सितंबर 2026 को जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान केस डायरी और जांच के तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत ने खियांग्ते की भूमिका से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदु सामने रखे। इनमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड यानी सीडीआर भी प्रमुख रहा। जांच में एल खियांग्ते के घेरे में आने वाले अहम पहलुओं में सीडीआर शामिल है। अदालत को बताया गया कि केस डायरी में अन्य व्यक्तियों और खियांग्ते के बीच संपर्क से जुड़ी सीडीआर सामग्री मौजूद है। अभियोजन का दावा है कि जेपीएससी और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी टीडीपीएल से जुड़े लोगों के बीच संपर्क की जांच के दौरान खियांग्ते की भूमिका भी सामने आई।

# जमशेदपुर पुलिस ने शुरू किया 'जोहार पुलिस' चैटबॉट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। जमशेदपुर पुलिस ने आम लोगों की सुविधा के लिए एक नई डिजिटल पहल शुरू की है। अब नागरिक अपने मोबाइल फोन से व्हाट्सऐप के जरिए पुलिस की कई सेवाओं और जरूरी जानकारियों का लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए पुलिस ने 'जोहार पुलिस' व्हाट्सऐप चैटबॉट की शुरुआत की है। जमशेदपुर एसएसपी एहतेशाम वकारीब ने बताया कि इस सेवा का इस्तेमाल करने के लिए नागरिकों को 9471167577 नंबर पर व्हाट्सऐप से सिर्फ 'Hi' भेजना होगा, इसके बाद चैटबॉट के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न पुलिस सेवा और जानकारियां उन तक पहुंच सकेगी। इसके अलावा क्यूआर कोड स्कैन कर भी इस सेवा से जुड़ा जा सकता है। 'जोहार पुलिस' चैटबॉट के माध्यम से लोग खोए हुए मोबाइल फोन से संबंधित जानकारी और सहायता, साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत और जानकारी, ट्रैफिक व चालान संबंधी जानकारी हासिल कर सकेंगे। इसके अलावा पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन की जानकारी तथा विभिन्न पुलिस सत्यापन की स्थिति भी देखी जा सकेगी। पुलिस के अनुसार नागरिक, पुलिस कार्यालय में दिए गए आवेदन या शिकायत की स्थिति की जानकारी भी चैटबॉट के माध्यम से ले सकेंगे। इसके साथ ही नजदीकी पुलिस थाना की जानकारी, महिला सुरक्षा और ईव-टीजिंग से संबंधित शिकायत या सूचना देने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। चैटबॉट में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी सहायता तथा पुलिस तक शिकायत, सुझाव और फीडबैक पहुंचाने की सुविधा भी दी गई है। पुलिस के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पुलिस कार्यालय आए बिना व्हाट्सऐप के माध्यम से त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। डिजिटल माध्यम से पुलिस और आम जनता के बीच संवाद और समन्वय को भी बेहतर बनाने की कोशिश की गई है। जमशेदपुर पुलिस ने जिले के लोगों से 'जोहार पुलिस' चैटबॉट का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की अपील की है।

# ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में जुटा शिक्षा विभाग, 52629 बच्चों का कराया नामांकन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड में स्कूल से बाहर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम के बीच सामने आए आंकड़े तस्वीर और चुनौती, दोनों को सामने रखते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में 59,094 बच्चे स्कूल से बाहर चिन्हित किए गए थे। इनमें से 52,629 यानी करीब 89 फीसदी बच्चों का दोबारा स्कूल में नामांकन कराया गया। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में किए गए हाउसहोल्ड सर्वे में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 19,862 बच्चे स्कूल से बाहर मिले हैं। इनमें अब तक 9,560 बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है, जबकि बाकी बच्चों की ट्रैकिंग जारी है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से गुरुवार को ऐसे ही बच्चों के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया। इसमें स्कूल से बाहर रहने के बाद दोबारा स्कूल लौटे करीब 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें वैसे बच्चे भी शामिल थे, जो कभी स्कूल में नामांकित नहीं हुए थे या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके थे। बच्चों ने अधिकारियों के सामने अपने अनुभव साझा किए। कुछ बच्चों ने रीडिंग स्किल दिखाई, तो कुछ ने स्टोरी टेलिंग के जरिए अपनी बात रखी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विभाग और निदेशालय लगातार काम कर रहे हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भी बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## बैंक कर्मचारियों का हड़ताल आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 11 सितंबर को झारखंड सहित देशभर के बैंकों में हड़ताल रहेगा। इस हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी शामिल होंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों के द्वारा केंद्र सरकार से पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने, पीएलआई भुगतान की विसंगतियों को दूर करने और 8 मार्च 2024 को हुए समझौते को लागू करने की मांग को लेकर हड़ताल किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के संयुक्त संयोजक मुनिंद्र लाल सिंह ने बताया कि सरकार 8 मार्च 2024 को हुए समझौते को अब तक लागू नहीं कर पाई है, जो बेहद ही चिंता का विषय है।

# पांच महीने बाद भी यूनिफॉर्म की राशि का इंतजार, पुरानी ड्रेस में स्कूल जा रहे बच्चे

**नया एकेडमिक सेशन शुरू हुए महीनों बीत गए, अभी भी कई स्टूडेंट्स को यूनिफॉर्म के लिए पैसे नहीं मिले**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। सरकारी स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए पांच महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन कई विद्यार्थियों को अब तक यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाली राशि का इंतजार है। इसका सीधा असर बच्चों और उनके अभिभावकों पर पड़ रहा है। जिन बच्चों की पुरानी ड्रेस छोटी या खराब हो चुकी है, उन्हें उसी यूनिफॉर्म को किसी तरह इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वहीं, नए दाखिले वाले बच्चों के सामने अलग समस्या है। उनके पास स्कूल की निर्धारित पोशाक नहीं होने से वे भी परेशानी में हैं। यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाली राशि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होती है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई के साथ यूनिफॉर्म, जूते और दूसरी जरूरतों का खर्च भी उठाना पड़ता है। ऐसे में सरकारी योजना की राशि समय पर नहीं मिलने से अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ जाता है। मौजूदा महंगाई में सीमित रकम में दो जोड़ी यूनिफॉर्म तैयार कराना भी परिवारों के लिए आसान नहीं है। विभागीय व्यवस्था के तहत पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए पोशाक मद में 600 रुपये, छठी से आठवीं कक्षा के लिए 700 रुपये और नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 1200 रुपये दिए जाने का प्रावधान है। यह राशि बच्चों की स्कूल ड्रेस की जरूरत पूरी करने के लिए दी जाती है।

# बिना रेडियोलॉजिस्ट एवं अहर्ता प्राप्त चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड जांच नहीं करने का निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग**। उपायुक्त हेमन्त सती ने जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में संचालित अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्रों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बिना रेडियोलॉजिस्ट अथवा अहर्ता प्राप्त चिकित्सक की उपस्थिति के अल्ट्रासाउंड जांच नहीं की जाए। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्रों की नियमित निगरानी एवं जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी जांच केंद्र में निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बिना रेडियोलॉजिस्ट एवं अहर्ता प्राप्त चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड किया जाता पाया गया, तो संबंधित केंद्र के विरुद्ध पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित जांच केंद्र संचालकों को निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन करने तथा अल्ट्रासाउंड जांच से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल बरही एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला हजारीबाग को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में लिंग परीक्षण हो रही हो तो त्वरित वैधानिक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

# क्षेत्र को चमन बनाने के लिए चाहिए सिर्फ रोशनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । दाउदनगर बाजार से भखरुआं जाने वाले मुख्य पथ स्थित मौला बाग से नहर के किनारे उत्तर और दक्षिण दिशा में अगर स्ट्रीट लाइट लग जाए तो यह इलाका चमन बन जाएगा। फिलहाल नहर के किनारे का यह मार्ग अंधेरे में डूबा हुआ है। लोगों को इस रास्ते आने जाने में डर लगता है, जबकि यह प्रमुख मार्ग है। अपराध की घटनाओं के डर के कारण लोग इस रास्ते अंधेरा में आना-जाना नहीं पसंद करते हैं। दूसरी तरफ सुखा नशा करने वालों से भी डर बना रहता है, जबकि सिपहां मार्ग में नर्सिंग कॉलेज और अनुमंडल अस्पताल जैसे प्रमुख संस्थान है। जहां देर रात लोगों की आवाजाही आवश्यक मजबूरी होती है। इसी रास्ते में प्रखंड सह अंचल समेत कई प्रखंड स्तरीय कार्यालयों का एक दरवाजा भी है। ऐसे में इस रास्ते में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की आवश्यकता महसूस होती है। दूसरी तरफ बम रोड की तरफ भी आबादी बस गई है। इधर आवागमन होते रहता है। अगर इस हिस्से में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाए तो लोग भय मुक्त होकर आवागमन कर सकेंगे। सुबह और शाम की तफरीह कर सकेंगे।

**जिससे लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। योजना लेकर होगा क्षेत्र रौशन : डॉ. प्रकाशचंद्र**

इस संबंध में इस संवाददाता ने विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को प्रस्ताव दिया तो उन्होंने कहा कि योजना लेकर काम कराया जाएगा। दोनों रास्तों को जगमग रोशन किया जाएगा। संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर काम किया जाएगा।

# सरकारी उपेक्षा से पहचान खो रहा बेलसारा गांव का प्राचीन तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। देव प्रखंड के बेलसारा गांव स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना पौराणिक तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपनी पहचान खो रहा है। करीब एक किलोमीटर के दायरे में फैले इस तालाब की अब तक उड़ाही नहीं कराई गई है। पूर्व में तालाब में बांध बनाकर छोटी वितरणी तैयार करने का प्रारूप बनाया गया था, जिससे सैकड़ों बीघे जमीन की सिंचाई हो सके। हालांकि, इसके बाद इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। तालाब के कुछ हिस्से में स्थानीय किसान मखाना की खेती कर रहे हैं, जिसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है, लेकिन तालाब के जीर्णोद्धार पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव के दिनेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की उड़ाही और तटबंध की मरम्मत को लेकर पंचायत स्तरीय ग्रामसभा व आमसभा में प्रस्ताव लिए जाते हैं। इसके बावजूद अब तक प्रस्ताव को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है।

# 18 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले ने दिया धरना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । 18 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले द्वारा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष गुरुवार को धरना दिया गया। टाउन सचिव बिरजू चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के लखन मोड़ स्थित टाउन कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए लोग भखरुआं मोड़ हो कर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन धरना में तब्दील हो गया। बाद में 18 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीओ को दिया गया। ज्ञापन में अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने,नगर पर्षद में होल्डिंग टैक्स वृद्धि को वापस लेने, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के द्वितीय किस्त की राशि, वंचित गरीबों को भुगतान करने एवं वंचित गरीबों का आवास आवंटित करने, शहर के रिंग रोड निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने एवं छह इंच कालीकरण करने, सम्राट अशोक भवन निर्माण पर रोक लगाकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने, नगर पर्षद कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, रामनगर पूर्वी व गऊघाट में प्राथमिकता के आधार पर पीसीसी सड़क एवं नाला का निर्माण कराने,अमृत बिगहा सहित वर्षों से गैरमजरूआ जमीन पर बसे भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने, सभी वार्डों में विवाह भवन का निर्माण कराने, अधूरी नल जल योजना को पूर्ण कर वार्डों व मोहल्लों में जलापूर्ति ठीक कराने, महादलितों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने एवं भूमिहीन महादलित को पांच डिसमिल जमीन देकर पुनर्वासित करने, अंचल कार्यालय में परिमार्जन एवं दाखिल खारिज के नाम पर हो रही कथित धांधली पर रोक लगाने और प्रक्रिया को सरल करने ,पुलिस प्रशासन की मनमानी पर रोक लगाने तथा सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों के हो रहे कथित शोषण पर रोक लगाने की मांग की गई है। जिला सचिव मुनारिक राम, प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान, नगर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कयूम अंसारी, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, पूर्व मुख्य पार्षद धर्मेंद्र कुमार, कामता प्रसाद यादव, रामचंद्र चौहान ,सुरेंद्र सिंह ,गणेश कुमार,एपवा नेत्री मीना सिंह,बसंती देवी, नेहा कुमारी, आरती देवी सहित अन्य उपस्थित थे। धरना के दौरान ही नगर पर्षद के ईओ ऋषिकेश अवस्थी धरनार्थियों से वार्ता करने धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन धरनार्थियों द्वारा कहा गया कि शिष्टमंडल एसडीओ से मिलकर ज्ञापन देगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए संविदा प्रदान करना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/35, दिनांक: 07.09.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों** की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-35; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 14.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण : एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-वीईआरजीएन-31-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में वर्टिकल गार्डन); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन हावड़ा में अवनी मॉल के निकट फोरशोर रोड पर स्थित बगीचे के सौंदर्यीकरण तथा रखरखाव के साथ लाइसेंस धारक के खर्च पर विज्ञापन के प्रावधान के लिए संविदा प्रदान करना। **एए/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-वीईआरजीएन-30-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में वर्टिकल गार्डन); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन रामपुरहाट एव साइंथिया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में स्थित बगीचे के सौंदर्यीकरण तथा रखरखाव के साथ लाइसेंस धारक के खर्च पर विज्ञापन के प्रावधान के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-मेडस्टेशन-40-26-2 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन हावड़ा रेलवे स्टेशन में फॉर्मेसी के साथ आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचपीएल-मेडस्टेशन-96-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के हरिपाल रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसआईयू-मेडस्टेशन-97-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन सिंगूर रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/4;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-मेडस्टेशन-98-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन नालीकुल रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/5;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूई-मेडस्टेशन-99-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन कटवा रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एबी/6;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-मेडस्टेशन-101-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन बर्द्धमान रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एसी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-मोबस्टोर-38-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-मोबाइल स्टोर एवं सहायक उपकरण कियोस्क); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन ओल्ड कॉमप्लेक्स में मोबाइल एवं सहायक उपकरण कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एडी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-एसटीजीईएन-47-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); दस (10) वर्षों की अवधि के लिए बोलपुर रेलवे स्टेशन में रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। (HWH-325/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए संविदा प्रदान करना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/36, दिनांक: 08.09.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों** की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-36; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 23.09.2026 को 14.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण: एए/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएच-4-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल में क्लस्टर-IV के अंतर्गत [**(क)** झापेटरढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, **(ख)** आदलपहाड़ी स्टेशन से कुर्वा स्टेशन तक, **(ग)** आजिमगंज सिटी स्टेशन से टाकीपुर स्टेशन तक तथा **(घ)** चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक)] स्टेशनों के आउट ऑफ होम (स्टेशन परिसर के बाहर) में वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए संविदा प्रदान करना। **एए/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-12-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में रवीन्द्र सेतु छोर से द्वितीय गैंट्री पर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए संविदा प्रदान करना तथा गैंट्री के क्षैतिज प्रदर्शन क्षेत्र के नीचे दोनों तरफ रेलवे दिशा सूचक साइनेज एवं स्वागत संदेश का प्रावधान। **एबी/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर (नॉन-डिजिटल)); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल में क्लस्टर-IV के अंतर्गत [**(क)** झापेटरढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, **(ख)** आदलपहाड़ी स्टेशन से कुर्वा स्टेशन तक, **(ग)** आजिमगंज सिटी स्टेशन से टाकीपुर स्टेशन तक तथा **(घ)** चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक)] स्टेशनों के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए संविदा प्रदान करना। **एसी/1;** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-35ईएमयूरेक्स-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन के भीतर एवं बाहर); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 35 ईएमयू रेकों (12 कोच रेक) के कोचों के सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों तथा अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) एवं कोचों के भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के जरिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार प्रदान करना। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। (HWH-326/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**आद्रा मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए ई–नीलामी सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं.: सीओएमएमएल/पीयूबी./ई–नीलामी/09/26 दिनांक: 08.09.2026**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित श्रेणियों के लिए ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं: **कैटेगरी: (1)** एमएसएस, (i) **नीलामी कैटलॉग सं.**: जीएसकैंटीन6, **लॉट सं./कैटेगरी**: एमएसएस–एडीआरए–बीकेएससी–एसटीजीईएन–26–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), **नीलामी शुरू (सभी लॉट)**: 23.09.26 को 12.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 23.09.26 को 12.30 बजे। (ii) **नीलामी कैटलॉग सं.**: आईसीक्रीमपीएआरएल6, **लॉट सं./कैटेगरी**: एमएसएस–एडीआरए–पीआरआर–एसटीजीईएन–28–26–2 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), **नीलामी शुरू (सभी लॉट)**: 24.09.26 को 12.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 24.09.26 को 12.30 बजे। (iii) **नीलामी कैटलॉग सं.**: जीएसट्रकरिपेयर5, **लॉट सं./कैटेगरी**: एमएसएस–एडीआरए–बीकेएससी–एसटीजीईएन–25–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), **नीलामी शुरू (सभी लॉट)**: 25.09.26 को 12.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:**25.09.26 को 12.30 बजे। **कैटेगरी: (2),** विज्ञापन, **नीलामी कैटलॉग सं.**: एडीवीटी87, **लॉट सं./कैटेगरी**: (i) एडीवीटी–एडीआरए–बीकेएससी–ओएच–132–26–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), (ii) एडीवीटी–एडीआरए–पीआरआर–ओएसडी–137–26–3 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), (iii) एडीवीटी–एडीआरए–बीकेएससी–ओएसएन–105–23–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट)**: 23.09.26 को 12.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 23.09.26 को 12.50 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-749) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

## करेह नदी से युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** थाना क्षेत्र के घिवाही-शंकरपुर गांव के बीच करेह नदी के किनारे गुरुवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान एवं घटना की जानकारी जुटाने में कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों की मौजूदगी में शव की पहचान दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के मनोथा गांव निवासी बिनोद मुखिया उर्फ बौका मुखिया, पिता जोगेश्वर मुखिया के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक 8 सितंबर को अपने गांव में जन्माष्टमी के प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूब गया था। घटना के बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना अशोक पेपर मिल थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने काफी खोजबीन की, लेकिन उस समय युवक का शव बरामद नहीं हो सका था इसी बीच 10 सितंबर को शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में करेह नदी के किनारे घिवाही-शंकरपुर के बीच निमार्णाधीन पुल के करीब एक शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर शिवाजीनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की स्थिति का जायजा लिया और पहचान की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस के अनुसार, शव नदी के बहाव के साथ बहकर शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों और अन्य परिस्थितियों को लेकर संबंधित थाना पुलिस द्वारा आवश्यक जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा गार्ड की लाश बरामद

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बेला थाना क्षेत्र स्थित बेला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में खाद और सीमेंट गोदाम के पीछे सुरक्षा गार्ड का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गोदाम के पीछे बाउंड्री के पास झाड़ियों में अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और परिजनों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही बेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर सुरक्षित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस शव की स्थिति को देखते हुए हत्या समेत कई बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस अभिरक्षा से आरोपित फरार

**मुंगेर।** न्यायालय परिसर, जहां आरोपियों की सुरक्षा के बीच पेशी कराई जाती है, वहीं पुलिस अभिरक्षा में पहुंचे एक आरोपी के फरार होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नावकोठी थाना क्षेत्र के अरविंद सिंह के पुत्र अमित सिंह को अवैध खनन से जुड़े मामले में कोर्ट में पेश करने के लिए लाया गया था। लेकिन पेशी की कार्रवाई पूरी होने से पहले ही वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों में अफरातफरी मच गई और आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई। अमित सिंह के खिलाफ मामला अवैध खनन के खिलाफ हुई कार्रवाई से जुड़ा बताया जा रहा है। 20 जनवरी को कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी और पांच ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। इसी मामले में पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए अमित सिंह को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश करने के लिए पुलिस अभिरक्षा में लाया गया था। हालांकि, कोर्ट पहुंचने के बाद वह पुलिस की निगरानी से निकलकर फरार हो गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक अन्य घायल



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के रोसड़ा-शिवाजीनगर मुख्य पथ पर गोसाई पोखर के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा नवनिर्मित पुलिया के समीप हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक अन्य रिश्तेदार घायल हो गया। घायल का इलाज कराया जा रहा है मृतक की पहचान रानीपरती पंचायत के खन्नुमा गांव निवासी रामबदन यादव के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, दीपक कुमार बुधवार की रात अपने एक रिश्तेदार के साथ शिवाजीनगर की ओर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रोसड़ा-शिवाजीनगर पथ पर गोसाई पोखर के समीप नवनिर्मित पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि दीपक कुमार की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार रिश्तेदार घायल हो गए।

## कॉम्प्लान ने नए क्षेत्रीय कैंपेन □इंडिया का कॉम्प्लान बॉय□लॉन्च किया




**पटना ।** जाइडस वेलनेस के पोषण पेय ब्रांड, कॉम्प्लान ने अपने नए क्षेत्रीय कैंपेन इंडिया का कॉम्प्लान बॉय लॉन्च किया, जिसमें ब्रांड एंबेसडर और भारत के उभरते हुए युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी नजर आएंगे। इस अभियान के जरिए कॉम्प्लान बिहार में अपनी मौजूदगी के साथ-साथ लोगों से जुड़ाव को और मजबूत करना चाहता है। साथ ही, यह कैंपेन बिहार के एक ऐसे युवा लड़के की बेमिसाल कहानी के जरिए ब्रांड की शानदार विरासत को भी आगे बढ़ाएगा, जिसने अपने सपनों, अनुशासन और अटल इरादे से इस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने में कामयाबी हासिल की है। जाइडस वेलनेस के सीईओ एवं होल-टाइम डायरेक्टर, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कोई भी ब्रांड तभी उपयोगी बना रह सकता है, जब वो उन लोगों की जरूरतों के हिसाब से बदले और आगे बढ़े, जिनकी वे सेवा करते हैं। कॉम्प्लान की हमेशा से उन बच्चों की सफलता का जश्न मनाने की परंपरा रही है जो बड़े सपने देखते हैं, और आज की पीढ़ी के सपने बिल्कुल अलग और नए हैं। वैभव इस बदलाव को बहुत खूबसूरती से दिखाते हैं।

## ममता कार्यकर्ता ने चुराया मोबाइल

**जमुई।** झाझा सीएचसी के महिला वार्ड में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रसव के बाद भर्ती एक महिला का मोबाइल गायब हो गया। स्वजन किसी बाहरी चोर पर शक कर रहे थे, लेकिन अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे ने कुछ ही देर में पूरा राज खोल दिया। मोबाइल किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि अस्पताल में कार्यरत ममता द्वारा ले जाने की बात सामने आई। सबेजोर निवासी रमिया देवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब सात बजे वह अपनी बहू को प्रसव के लिए सीएचसी लेकर पहुंची थीं। करीब नौ बजे प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को महिला वार्ड में भर्ती किया गया। वार्ड में उनकी बड़ी पोती मोबाइल देख रही थी। वह पोती के लिए खाने का सामान लाने चली गई। वापस लौटने पर पोती ने बताया कि एक महिला उसका मोबाइल लेकर चली गई है। मोबाइल नहीं मिलने पर स्वजन ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और मोबाइल बरामद होने तक वहां से जाने से मना कर दिया।

मामला प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवाब इकबाल तक पहुंचा। उन्होंने महिला वार्ड का सीसीटीवी फुटेज खंगालने को कहा, जिसके बाद फुटेज में एक ममता के हाथ में मोबाइल दिखाई दिया। सूचना पाकर एसआइ पूजा कुमारी पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचीं।

आरोपित की पहचान सुशीला देवी के रूप में हुई। पुलिस को देखते ही वह अस्पताल परिसर से निकल गई। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल के समीप किराये के मकान में पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की तो सुशीला देवी ने चोरी की गई मोबाइल पुलिस को सौंप दिया।

# वज्रपात से एक ही परिवार के तीन की मौत

## मवेशियों को लाने खेत गए थे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के अरड़बाड़ी गांव मेंवज्रपात की दर्दनाक घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक चाचा और उसके दो भतीजे शामिल हैं।

हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। वहीं, अररिया सदर अस्पताल परिसर में मृतकों के परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

परिजनों के अनुसार, इलाके में बारिश शुरू होने के बाद परिवार के कुछ लोग खेत में बंधे मवेशियों को घर लाने के लिए निकले थे। मवेशी खेत में थे और उन्हें लाने के लिए परिवार के लोग नदी पार कर खेत की ओर गए थे। इसी दौरान तेज बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। वज्रपात की चपेट में आने से तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी हालत मौके पर ही नाजुक हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और परिजनों ने आनन-फानन में तीनों को इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने जांच की और तीनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की ओर से मौत की पुष्टि किए जाने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सदर अस्पताल परिसर में मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार की महिलाएं अपने परिजनों की मौत की खबर सुनकर बार-बार बेसुध हो रही थीं। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की एक साथ मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी भी मामले की जानकारी लेने में जुट गए। आपदा विभाग के एडीएम नवनील कुमार ने मौखिक रूप से बताया कि मृतकों के शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार मृतकों के आश्रितों को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## भारत सैमसंग के लिए ग्लोबल इनोवेशन हब बना : जेबी पार्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत अब केवल वह इंडस्ट्री नहीं रहा जहां वैश्विक तकनीकों को पेश किया जाता है, बल्कि यह ऐसा देश बन चुका है जो दुनिया के लिए तकनीक की कल्पना, इंजीनियरिंग और विकास में योगदान दे रहा है। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने सैमसंग के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बात कही। पार्क ने कहा, ॒भारत की जो बात मुझे सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह यह है कि यह देश लगातार आगे बढ़ता है और उम्मीदों से आगे निकलता है। आज हम भारत को केवल 1.4 अरब लोगों के बाजार के रूप में नहीं देखते। हम भारत को ऐसी जगह के रूप में देखते हैं, जहां तकनीक का भविष्य कल्पित, विकसित और नेतृत्व किया जा रहा है। सैमसंग ने 1995 में भारत में प्रवेश किया था। पिछले तीन दशकों में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल और इनोवेशन अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में विकसित हुआ है।

# शराब तस्कर को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला

## दारोगा सहित चार पुलिसकर्मी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिला के रैयाम थाना क्षेत्र के बंसरा ठीकरा टोला में शराब तस्कर महावीर सहनी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दी गईं, वहीं गिरफ्तार महावीर सहनी को भी उत्तेजित ग्रामीणों ने छुड़ाकर भगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची भारी संख्या में पुलिस ने महावीर सहनी सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की मानें तो गुप्त सूचना के आधार पर रैयाम थाना की पुलिस महावीर सहनी को गिरफ्तार करने बंसारा गांव पहुंची थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अपनी गाड़ी में भी बैठा लिया था। इसकी जानकारी मिलते ही उसके रिश्तेदारों ने जेसीबी और ट्रैक्टर पुलिस की गाड़ी के सामने लगाकर पुलिसवालों को घेर लिया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी की गई और देखते ही देखते पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया गया, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस पूरे मामले में पुलिसवालों के घायल होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, रैयाम थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि मामले में वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।


बता दें कि दरभंगा जिले में पिछले छह महीने में यह दूसरी घटना है, जब पुलिस टीम पर हमला किया गया है। 28 अगस्त 2026 को सिंहवाड़ा थाना में एक नशे में धुत व्यक्ति ने डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। इस घटना में एक दारोगा सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# पानी में डूबने से पांच की गयीं जानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले में गंगा और सहायक नदियों की बाढ़ की विभीषिका अब रूह कंपाने वाले त्रासद हादसों का सबब बन रही है। गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से कुल पांच लोगों की असमय और दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के चार सदस्य–मां, उसके दो मासूम बेटे और एक बेटी शामिल हैं, जबकि पांचवीं मृतका पड़ोस में रहने वाली एक महिला होमगार्ड की बेटी है। एक ही बस्ती से पांच शव उठने की खबर मिलते ही समूचे इलाके में कोहराम मच गया और परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया।

हृदयविदारक यह हादसा खुटहा पंचायत अंतर्गत साह टोला के समीप घटा। मृतकों की पहचान मुकेश साह की 35 वर्षीय पत्नी मंचो देवी, उनके दो पुत्रों अभिषेक कुमार (9 वर्ष) व अक्षय कुमार (8 वर्ष), 13 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी कुमारी तथा पड़ोसी महिला होमगार्ड लुखो देवी



की 16 वर्षीय पुत्री अंशु प्रिया के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इलाके में बाढ़ का पानी पूरी तरह सड़कों और संपर्क मार्गों के ऊपर से तेज धार में बह रहा था। पानी के फैलाव के कारण सड़क और उसके किनारे बने गहरे नाले का अंतर पूरी तरह मिट चुका था। सभी लोग सड़क मार्ग से होकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक का पैर फिसला और वह नाले के तेज व गहरे बहाव में खिंचने लगा। उसे बचाने और संभलने की कोशिश में एक-एक कर सभी पांचों लोग गहरे पानी में समाते चले गए।

## जिप की दुकानों का आवंटन शुरू

**लखीसराय।** लखीसराय जिला परिषद ने अपनी आय वृद्धि और स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण निविदाएं जारी की हैं। जारी आम सूचना के अनुसार, कुल 40 दुकानों के आवंटन के लिए जिले के लोगों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये दुकानें सूर्यगढ़ा एवं हलसी में हैं। पहली निविदा के तहत प्रखंड मुख्यालय हलसी में सड़क किनारे 10 दुकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला परिषद ने इन दुकानों के किराए निर्धारण का प्रस्ताव पारित कर दिया है। इन दुकानों के आवंटन के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन मांगे गए हैं।

वहीं, दूसरी निविदा जिला परिषद निरीक्षण भवन, सूर्यगढ़ा में पटेल चौक के निकट स्थित है। यहां जिला परिषद की भूमि पर कुल 35 दुकानों का नवनिर्माण किया गया था, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय निविदा के बाद शेष बची 30 दुकानों के पुनः आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सुमित कुमार द्वारा जारी इस सूचना में बताया गया है कि आवंटन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी।

# निर्माणाधीन पुल का लांचर गिरा, कई कर्मचारी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत बनाए जा रहे एनएच-139डब्ल्यू फोरलेन पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य के दौरान एक निमार्णाधीन पुल का भारी-भरकम लॉन्चर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम कर रहे कई कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे निर्माण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को आनन-फानन में लालगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया। यहां छह घायल कर्मचारियों का इलाज किया गया। इनमें से दो की हालत बेहद गंभीर

### घटनास्थल पर मची अफरातफरी, हंगामा

बताई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल परिसर में भी घायलों के परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों और घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे और तकनीकी स्तर पर भी जरूरी सतर्कता नहीं बरती जा रही थी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि हादसे की जानकारी मिलते ही प्रोजेक्ट से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी और ठेकेदार मौके से फरार हो गए। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को संभाला और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि लॉन्चर गिरने की वजह किसी तकनीकी खामी थी या निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही हुई।

# एक्सपायर्ड मसाले एवं अखाद्य रंग नष्ट कराए गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा अपर मुख्य सचिव-सह-खाद्य सुरक्षा आयुक्त, झारखंड के निदेर्शानुसार 115 चिन्हित अमानक, मिस-लेबलिंग एवं भ्रामक दावों वाले खाद्य उत्पादों के विरुद्ध राज्यव्यापी सघन जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (खाद्य सुरक्षा शाखा), पाकुड़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा आज पाकुड़िया क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार एवं राधिका कुमारी की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, वैधता अवधि, लेबलिंग, खाद्य सुरक्षा मानकों तथा लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार संचालित किए जाने की जानकारी मिली। संबंधित खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत आवश्यक लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया तथा स्पष्ट किया गया कि बिना वैध लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन खाद्य कारोबार का संचालन नहीं किया जाए। अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जांच के दौरान विभिन्न दुकानों में एक्सपायर्ड मसाले एवं अन्य खाद्य सामग्री भी पाई गई, जिन्हें तत्काल बिक्री से हटवाकर मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा कुछ प्रतिष्ठानों में अखाद्य/अनुमन्य नहीं किए गए रंग पाए गए, जिन्हें भी मौके पर ही नष्ट कराया गया, ताकि इनका खाद्य पदार्थों में उपयोग न किया जा सके। मिठाई प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान भी मिलावटी खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित सामग्री को खाद्य उपयोग एवं बिक्री से तत्काल हटवाकर मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया गया कि खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं बिक्री में केवल अनुमन्य एवं खाद्य-ग्रेड सामग्री तथा निर्धारित खाद्य योजकों का ही उपयोग किया जाए।

इसके साथ ही 115 चिन्हित अमानक, मिस-लेबलिंग एवं भ्रामक दावों वाले उत्पादों के संबंध में भी प्रतिष्ठानों में स्टॉक की जांच की गई। जहां ऐसे चिन्हित उत्पाद पाए गए, उन्हें बिक्री काउंटर से तत्काल हटवाया गया तथा संबंधित खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे उत्पादों को आगे बिक्री अथवा प्रदर्शन के लिए न रखा जाए।

संबंधित खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि चिन्हित उत्पादों के स्टॉक को अपने वितरक के माध्यम से वापस करें तथा वापसी से संबंधित उचित बिल/दस्तावेजी प्रमाण प्राप्त करें। वितरकों को भी निर्देश दिया गया कि ऐसे उत्पादों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित निमार्ता/कंपनी को वापस भेजते हुए उसकी संपूर्ण दस्तावेजी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग, पाकुड़ को उपलब्ध कराएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित उत्पादों की बाजार में बिक्री न हो।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## तेजस्वी ने सरकार पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गुरुवार को वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में लगातार गिर रहे पुलों को लेकर सरकार को घेरा। तेजस्वी यादव ने कहा कि हाजीपुर जो वैशाली जिला का मुख्यालय है, उसकी क्या स्थिति है, और भागलपुर की क्या स्थिति होगी आप खुद समझ सकते हैं। भ्रष्टाचार में डूबी सरकार है, यहां तो चूहा भी..।

उन्होंने कहा कि मिलकर सरकार का खजाना खा लिया गया है। पुल गिरना अब आम बात हो गई है। पूरी दुनिया में यही नाम कमाया है मोदी जी और इनकी सरकार ने कि बड़े-बड़े पुल गिर रहे हैं। तेजस्वी ने सवाल उठाया कि जितने भी पुल गिरे हैं, आज तक एक भी अधिकारी या किसी नेता ने जिम्मेदारी ली है? सरकार का कोई पक्ष नहीं है। सरकार सवाल का जवाब नहीं देती, बस बचती रहती है। उन्होंने कहा कि बहुत बुरी स्थिति है, पुल तो गिरा है सब लोग देख ही रहे हैं।

# भटकी युवती को घर ले गया युवक, गिरफ्तार

## ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी-कटिहार रेलखंड के लखमिनिया स्टेशन पर भटककर किसी ट्रेन से उतरी दक्षिण भारत के विजयवाड़ा की एक युवती को बहला-फुसलाकर घर ले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस युवती के साथ किसी तरह की गलत हरकत होने की आशंका को लेकर भी जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, युवती की पहचान विजयवाड़ा निवासी 22 वर्षीय विवाहिता के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी और हिंदी नहीं समझ पा रही थी। वह इशारों में अपनी बात बता रही थी।

आरोप है कि मीरदह टोली निवासी मो. नेहाल युवती को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। इस दौरान युवती के साथ मारपीट किए जाने की भी बात सामने आई है, जिससे वह घायल हो गई। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने युवक और युवती को पकड़कर बलिया थाना पुलिस को सौंप दिया।

लोगों का आरोप है कि आरोपित ने युवती को कोई दवा भी खिलाई थी। हालांकि, पूछताछ में आरोपित ने कहा कि युवती के पेट में दर्द होने पर उसने दवा दी थी।

घायल युवती को इलाज के लिए बलिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज और मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि युवती के बयान और मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि युवती के साथ कोई गलत हरकत तो नहीं हुई।

# 'राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार' से सम्मानित हुईं रानी मुखर्जी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी को भारतीय सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। बुधवार को मुंबई में आयोजित 62वें महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। पुरस्कार ग्रहण करते समय रानी मुखर्जी ने महाराष्ट्र और फिल्म जगत के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का आयोजन प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म उद्योग से जुड़ी प्रमुख हस्तियां, कलाकार और तकनीशियन उपस्थित रहे। समारोह में मराठी और भारतीय सिनेमा के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। रानी मुखर्जी समारोह में पारंपरिक मराठी अंदाज में पहुंचीं। उन्होंने हरे रंग की साड़ी के साथ पारंपरिक आभूषण पहने थे। उनके इस लुक ने समारोह में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद रानी ने अपने संबोधन की शुरूआत मराठी भाषा में की, जिसका उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ स्वागत किया।रानी मुखर्जी ने महाराष्ट्र को अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि बताया। उन्होंने कहा कि मुंबई और यहां के लोगों ने उनके फिल्मी सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी शहर में उन्होंने सफलता और असफलता दोनों का अनुभव किया तथा प्रत्येक परिस्थिति से सीखकर आगे बढ़ीं। उन्होंने अपने करियर में मिले अवसरों और दर्शकों के प्रेम के लिए धन्यवाद दिया।

अभिनेत्री ने कहा कि उनके लिए सिनेमा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि भावनाओं और कहानियों को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम है। वह फिल्मों और किरदारों का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखती हैं कि कहानी में संवेदना हो और उनका पात्र दर्शकों से जुड़ सके। उन्होंने अपने सम्मान को कलाकारों, तकनीशियनों और फिल्म निर्माण से जुड़े उन सभी लोगों को समर्पित किया, जिन्होंने उनके सफर में सहयोग दिया।

'राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार' महाराष्ट्र सरकार की ओर से भारतीय और हिंदी सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को प्रदान किया जाता है। इसका नाम दिग्गज अभिनेता और फिल्म निमार्ता राज कपूर की स्मृति में रखा गया है। राज कपूर ने अभिनेता, निर्देशक और निमार्ता के रूप में भारतीय सिनेमा पर गहरा प्रभाव छोड़ा था। रानी मुखर्जी को यह सम्मान मिलना उनके लंबे फिल्मी सफर और विविध भूमिकाओं की औपचारिक मान्यता माना जा रहा है।रानी मुखर्जी ने अपने अभिनय करियर में रोमांटिक, सामाजिक, भावनात्मक और महिला केंद्रित फिल्मों में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने मुख्यधारा की मनोरंजक फिल्मों के साथ गंभीर विषयों पर आधारित कहानियों में भी काम किया। उनकी फिल्मों और किरदारों को दर्शकों के साथ आलोचकों की भी सराहना मिली। अपने अभिनय और संवाद अदायगी के कारण उन्होंने हिंदी सिनेमा में विशिष्ट स्थान बनाया।

रानी ने 1990 के दशक में फिल्मी दुनिया में कदम रखा और कुछ वर्षों में ही लोकप्रिय अभिनेत्रियों में अपनी जगह बना ली। अलग आवाज, प्रभावशाली अभिनय और चुनौतीपूर्ण किरदारों के चुनाव ने उन्हें दूसरी अभिनेत्रियों से अलग पहचान दिलाई। उनके करियर में कई ऐसी फिल्में शामिल हैं, जिनमें उन्होंने मजबूत तथा आत्मनिर्भर महिला



किरदार निभाए।'ब्लैक' में दृष्टिबाधित और श्रवण बाधित युवती के किरदार से लेकर 'मर्दानी' श्रृंखला में निर्भीक पुलिस अधिकारी की भूमिका तक रानी ने अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। 'हम तुम', 'साथिया', 'वीर-जारा', 'बंटी और बबली', 'नो वन किल्ड जेसिका', 'हिचकी' और 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' जैसी फिल्मों ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी। उनके कई किरदारों ने सामाजिक मुद्दों और महिलाओं के संघर्षों को बड़े पर्दे पर प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया।समारोह में रानी मुखर्जी के अलावा भारतीय और मराठी सिनेमा की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान को राज कपूर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी और वरिष्ठ अभिनेत्री हेलन ने सम्मान स्वीकार किया। संगीतकार पंडित हृदयनाथ मंगेशकर को वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता और निर्देशक प्रसाद ओक को वी. शांताराम विशेष योगदान पुरस्कार दिया गया। समारोह में वर्ष 2024 के मराठी सिनेमा की विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। फीचर फिल्म, अभिनय, निर्देशन, लेखन, संगीत, गायन और तकनीकी क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले कलाकारों तथा फिल्मकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। फिल्म 'छबीला' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का सम्मान जीता, जबकि 'स्थल' ने छह पुरस्कार हासिल किए। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में समारोह के प्रमुख विजेताओं की जानकारी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों और तकनीशियनों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिनेमा मनोरंजन के साथ समाज के विचारों, परंपराओं और संस्कृति को भी अभिव्यक्त करता है। मराठी फिल्म उद्योग ने अपनी अलग विषयवस्तु और प्रभावशाली कहानियों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह मराठी सिनेमा की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रमुख मंच माना जाता है। इसके माध्यम से सरकार अभिनय और निर्देशन के साथ कैमरा, संपादन, संगीत, लेखन तथा फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को सम्मानित करती है। इस आयोजन में वरिष्ठ कलाकारों के योगदान को याद करने के साथ नई प्रतिभाओं को भी पहचान दी जाती है। रानी मुखर्जी का मराठी में दिया गया संबोधन समारोह के सबसे चर्चित क्षणों में रहा। उन्होंने महाराष्ट्र में अपने सफर, दर्शकों से मिले प्यार और सिनेमा के प्रति अपने भावनात्मक रिश्ते का उल्लेख किया। पारंपरिक परिधान और आत्मीय संबोधन के कारण सोशल मीडिया पर भी उनकी तस्वीरें और वीडियो साझा किए जा रहे हैं। लोकसत्ता के अनुसार, अभिनेत्री ने यह पुरस्कार महाराष्ट्र के नागरिकों, कलाकारों, तकनीशियनों और फिल्म उद्योग को समर्पित किया।

CMYK

# औरंगाबाद समेत 10 जिलों में दाल प्रसंस्करण इकाई पर 25 लाख तक अनुदान: विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** औरंगाबाद समेत राज्य के 10 जिलों में दाल प्रसंस्करण इकाई लगाने पर किसानों, एफपीओ, पैक्स और युवा उद्यमियों को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत या अधिकतम 25 लाख रुपये तक अनुदान मिलेगा। कृषि विभाग ने दाल प्रसंस्करण इकाई स्थापना योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक 15 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। यह योजना दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य दलहन के प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण कृषि को लाभकारी बनाने का सशक्त माध्यम है। दाल प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने पात्र एफपीओ, पैक्स और युवा उद्यमियों से योजना का लाभ उठाकर बिहार को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग की अपील की। योजना के तहत एफपीओ, सीएलएफ, पैक्स, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक और अन्य पंजीकृत संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। अनुदान प्लांट एवं मशीनरी, भवन, वेयरहाउस तथा भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए दिया जाएगा। भवन और भंडारण अवसंरचना पर अनुदान कुल पात्र अनुदान का अधिकतम 30 प्रतिशत होगा। भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन और अन्य संचालन व्यय पर अनुदान नहीं मिलेगा। अनुदान की राशि लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। नई दाल प्रसंस्करण इकाई की न्यूनतम क्षमता 300 किलोग्राम प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इकाई में बीआईएस मानक की मशीनरी और एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य होगा। परियोजना को कम से कम तीन वर्ष तक संचालित और उसका रखरखाव करना होगा। योजना औरंगाबाद के अलावा पटना, नालंदा, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, सुपौल, भागलपुर, सीतामढ़ी, जहानाबाद और गया जिले में लागू की गई है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर भी किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है और किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने किसानों से उर्वरक को लेकर भ्रामक अथवा अपुष्ट खबरों और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

## भारत सैमसंग के लिए ग्लोबल इनोवेशन हब बन चुका है : जेबी पार्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत अब केवल वह इंडस्ट्री नहीं रहा जहां वैश्विक तकनीकों को पेश किया जाता है, बल्कि यह ऐसा देश बन चुका है जो दुनिया के लिए तकनीक की कल्पना, इंजीनियरिंग और विकास में योगदान दे रहा है। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने सैमसंग के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बात कही। पार्क ने कहा भारत की जो बात मुझे सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह यह है कि यह देश लगातार आगे बढ़ता है और उम्मीदों से आगे निकलता है। आज हम भारत को केवल 1.4 अरब लोगों के बाजार के रूप में नहीं देखते। हम भारत को ऐसी जगह के रूप में देखते हैं जहां तकनीक का भविष्य कल्पित, विकसित और नेतृत्व किया जा रहा है। सैमसंग ने 1995 में भारत में प्रवेश किया था।

## केवाइपी केंद्र संचालकों ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात, समस्याओं के समाधान का रखा प्रस्ताव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के पुनः संचालन एवं केंद्र संचालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर केवाईपी केंद्र संचालक सुजीत कुमार एवं अशोक अभय ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केंद्र संचालकों ने केवाईपी केंद्रों के नियमित संचालन, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण बहाली, लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि केवाईपी के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का लाभ मिलता है, इसलिए केंद्रों का सुचारु एवं नियमित संचालन आवश्यक है। सम्राट चौधरी ने केंद्र संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस में अनुशासन का डंडा, 29 नेताओं को कारण बताओ नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नई दिल्ली में बिहार प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के विरोध में धरना-प्रदर्शन में शामिल होना 29 कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ गया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में सभी 29 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कार्रवाई 8 सितंबर को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यालय के समीप आयोजित धरना-प्रदर्शन में सक्रिय रूप से शामिल होने के मामले में की गई है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित नेताओं का उक्त गतिविधि में शामिल होना पार्टी की नीति, अनुशासन और निर्देशों का उल्लंघन है। इसे घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है। समिति ने सभी संबंधित नेताओं को नोटिस प्राप्त होने के 72 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। नेताओं से पूछा गया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने या दिया गया जवाब असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में अनुशासन समिति पार्टी के नियमों के अनुसार संबंधित नेताओं के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी।कारण बताओ नोटिस पाने वाले 29 नेताओं में पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूनम देवी, कांग्रेस नेता विधूशेखर पांडेय, भारत भूषण दूबे, सत्येंद्र यादव और मृत्युंजय सिंह प्रमुख हैं। हालांकि समिति की ओर से जारी कार्रवाई में कुल 29 नेताओं को नोटिस दिए जाने की बात कही गई है। बिहार के चेयरमैन, मीडिया विभाग राजेश राठौड़ ने इस संबंध में जानकारी साझा की।

## 19वें पर्यावरण एवं ऊर्जा सम्मेलन में मंत्री ने ग्रामीण विद्युतीकरण को किया रेखांकित

**अक्टूबर तक 2.5 लाख बीपीएल परिवारों को छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ने का लक्ष्य, 2,560 कृषि फीडरों के सौर्यीकरण पर जोर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने आज नई दिल्ली में आयोजित 19वें पर्यावरण एवं ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में बिहार राज्य सहभागी के रूप में शामिल हुआ। बंगाल वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा नई दिल्ली स्थित ले मेरिडियन में आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में आत्मनिर्भर भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा' रहा। सम्मेलन में 'हर घर बिजली : बिहार की ग्रामीण विद्युतीकरण यात्रा' विषय पर संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने बिहार के विद्युत क्षेत्र में हुए व्यापक बदलाव तथा ऊर्जा सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि



बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में किसी भी देश के लिए अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करना आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे सम्मेलन बिहार को विद्युत क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को साझा करने तथा विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति के माध्यम से समावेशी एवं सतत विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को देश और दुनिया के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करते हैं। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा बिहार की विद्युत क्षेत्र की यात्रा यह दर्शाती है कि निरंतर निवेश, मजबूत इच्छाशक्ति और प्रभावी नीतियों के माध्यम से व्यापक बदलाव संभव है। कभी बुनियादी विद्युत पहुंच की चुनौतियों से जूझने वाले बिहार ने आज हर घर और हर खेत तक बिजली पहुंचाने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित कर ली है। ऊर्जा सुरक्षा हमारे लिए केवल तकनीकी लक्ष्य नहीं, बल्कि बिहार की विकास यात्रा की मजबूत नींव है। हम निवेशकों और उद्योग जगत के भागीदारों को बिहार की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। बिहार सरकार द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण क्षेत्र में व्यापक निवेश किया गया है। राज्य में विद्युत ग्रिड, उपकेंद्रों एवं पारेषण लाइनों के विस्तार के साथ विद्युत आधारभूत संरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लगभग 9,475 मेगावाट की अधिकतम विद्युत मांग तक पहुंच चुके बिहार में बढ़ती मांग को पूरा करने तथा राज्य के तेज विकास को गति देने के लिए विद्युत आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

## रांची में पावरग्रिड की तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-1 की ओर से रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में पावरग्रिड के देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमें उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पावरग्रिड के कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, उत्कृष्ट खेल भावना और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार होता है। तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पावरग्रिड कर्मी बैडमिंटन में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## गांधी शिल्प बाजार का समापन, 10 दिनों तक पटना के लोगों ने सराहा देशभर के कारीगरों का हुनर

**150 कारीगरों और बुनकरों के हस्तनिर्मित उत्पादों ने खींचा लोगों का ध्यान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** गांधी मैदान के गेट संख्या-05 के समीप आयोजित गांधी शिल्प बाजार (राष्ट्रीय) - 2026 गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 1 सितंबर से 10 सितंबर तक आयोजित इस 10 दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प बाजार में देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 150 हस्तशिल्प कारीगरों एवं हथकरघा बुनकरों ने अपने उत्कृष्ट एवं पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की। पूरे आयोजन के दौरान पटना के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की जमकर खरीदारी की तथा देश के कारीगरों के हुनर को सराहा। समापन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सारे बुनकरों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय शिल्प बाजार ने पटनावासियों को देश के अलग-अलग राज्यों की कला, संस्कृति और पारंपरिक हस्तशिल्प को एक ही स्थान पर देखने का अवसर प्रदान किया। मेले में मधुबनी पेंटिंग, ब्लॉक प्रिंट, ग्लास वर्क, कालीन एवं रग्स, कलमकारी, विभिन्न प्रकार की कढ़ाई, पारंपरिक वस्त्र, बांस एवं बेंत शिल्प, आभूषण सहित अनेक राज्यों की विशिष्ट हस्तनिर्मित कलाकृतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। यहां आने वाले आगंतुकों को सीधे कारीगरों एवं बुनकरों से उत्पाद खरीदने का अवसर मिला जिससे जहां ग्राहकों को बेहतरीन और पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पाद प्राप्त हुए, वहीं कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन के लिए एक सशक्त मंच मिला।

## आइपीएफ बिहार काउंसिल ने किया उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ मीट एंड ग्रीट का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने दुबई के इंडिया क्लब में बिहार सरकार की उद्योग और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बिहार के प्रवासी समुदाय के सदस्य, बिजनेस लीडर, प्रोफेशनल, कम्युनिटी के प्रतिनिधि और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बिहार में हो रहे बदलाव, निवेश के मौकों, खेल के विकास और भारत-यूएई के बीच मजबूत रिश्तों पर दिलचस्प बातचीत की। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल के कन्वीनर आर के महतो ने बिहार की समृद्ध विरासत और भारत में इसके ऐतिहासिक योगदान से लेकर आज राज्य में उभर रहे मौकों तक के सफर के बारे में बात की। उन्होंने बिहार को उसके ग्लोबल प्रवासी समुदाय से फिर से जोड़ने और उस जुड़ाव को सार्थक पार्टनरशिप में बदलने के महत्व पर जोर दिया।

## दादीजी मंदिर में सुहागिनों ने मंगलपाठ कर मांगा अखंड सौभाग्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में गुरुवार को भादो बदी अमावस्या पर आस्था का अद्भुत संगम दिखा। लाल-पीली चुनरी ओढ़े 1100 सुहागिनें एक स्वर में दादीजी नारायणी मंगलपाठ गा रही थीं। हाथों में थाल सजाए, आंखों में भक्ति की चमक और होंठों पर दादीजी का स्मरण...। सभी ने मंगलपाठ कर अखंड सुहाग का आशीष मांगा। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति-रस से सराबोर हो उठा। हर ओर फूलों की महक और भजनों की गूंज से मंदिर परिसर का पूरा वातावरण उल्लास से सराबोर हो उठा। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत गुरुवार को हुई। श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में यह महोत्सव शुक्रवार 11 सितम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम में यजमान के रूप में रंजीत ममता अग्रवाल ने पूजा की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे देसी एवं विदेशी फूलों से सजाया गया है पूरा माहौल राजस्थानी संस्कृति में रचा-बसा है। सुहागिनें भजनों की स्वर लहरियों से दादीजी का आह्वान कर रही थीं। ''हो रही जय जयकार दादीजी थारो मंदिर में...,'' ''धोये-धोये अंगना में आवो म्हारी दादीजी...,'' ''ल्यायां थारी चूनड़ी, करयो मां स्वीकार...,'' ''फूलां से थारी झांकी सजी है, कण-कण में थारी छवि बसी है...'', भक्तिरस से सराबोर इन भजनों ने समूचे परिसर को आध्यात्मिकता औ र उल्लास से भर दिया। बता दें कि महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार 11 सितम्बर को सुबह छह बजे से दादीजी की विशेष मंगल आरती होगी तथा उसके बाद जात एवं पूजन अलौकिक श्रृंगार होगा तथा छप्पन भोग लगाया जाएगा।

## लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता की सदस्यों ने किया हनुमान अंश फिल्म का सामूहिक दर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता द्वारा कंकड़बाग स्थित कॉनप्लेक्स सिनेमा में एक विशेष एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की लगभग 50 सदस्यों ने एक साथ हनुमान अंश फिल्म का सामूहिक दर्शन किया।इस विशेष आयोजन का सौजन्य एवं प्रायोजन क्लब की सदस्य लायन बाबिता सिन्हा द्वारा किया गया। उनके इस सुंदर एवं आध्यात्मिक प्रयास के लिए क्लब की सभी सदस्यों ने हृदय से आभार व्यक्त किया।फिल्म के माध्यम से भगवान हनुमान जी की भक्ति, त्याग, समर्पण और अद्भुत शक्ति का भावपूर्ण दर्शन कर सभी सदस्य भावविभोर हो उठीं। फिल्म के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और कई भावुक क्षणों में सदस्यों की आँखों से श्रद्धा एवं भक्ति के आँसू छलक पड़े। ऐसा प्रतीत हुआ मानो सभी कुछ समय के लिए सांसारिक जीवन से दूर होकर बजरंगबली की भक्ति में लीन हो गई हों।इस पावन अवसर पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के परिवारों में सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की और प्रार्थना की कि भगवान हनुमान जी की कृपा एवं आशीर्वाद सदैव सभी के परिवारों पर बना रहे।

## सरकारी स्कूलों की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई : शिक्षा मंत्री

**भूमि संपदा का पूरा ब्योरा जुटाने की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों की जमीन को चिह्नित कर उसका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। विद्यालयों की भूमि की सुरक्षा और उसके बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों में लैंड रजिस्टर बनाया जाएगा। यह रजिस्टर हर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले में स्थित सरकारी विद्यालयों की भूमि का पूरा ब्योरा जुटाया जाए। इसमें विद्यालय के नाम, भूमि का क्षेत्रफल, खाता-खेसरा सहित उपलब्ध राजस्व अभिलेखों और भूमि की वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की जमीन सार्वजनिक संपत्ति है। इसकी सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। विद्यालय की जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जहां कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिलेगी, वहां संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों की भूमि से संबंधित अभिलेखों का मिलान कर उन्हें व्यवस्थित किया जाए, ताकि भविष्य में भूमि को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही विद्यालयों की भूमि की स्थिति पर नियमित नजर रखने की व्यवस्था भी विकसित की जाए।

## सरस्वती विद्या निकेतन और 'बिहार विद्या साथी' पर शिक्षा विभाग बनाएगा टेली फिल्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) और डिजिटल प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' का प्रचार-प्रसार करने के लिए राज्य सरकार टेली फिल्म बनाएगी। ताकि इसका राज्य और देश में इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा सके। विदित हो कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आदेश पर शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 700 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) खोले गए हैं। इसमें कक्षा 9 से लेकर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' शुरू किया गया है ताकि इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को सातों दिन 24 घंटे लाइव शिक्षक उपलब्ध कराया जा सके। सरकार के इस फ्लैगशिप कार्यक्रम का व्यापक प्रचार -प्रसार करने के लिए शिक्षा विभाग ने टेली फिल्म बनाने का निर्णय लिया है।

## अप्रैल 2027 के पहले सप्ताह से शुरू होगी हज यात्रा

**अगले वर्ष की हज यात्रा में बिहार से 3637 जायरीन जाएंगे**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार से वर्ष 2027 में हज यात्रा पर जाने वाले 3637 जायरीन का अंतिम चयन हो गया है। इस बार पिछले साल के मुकाबले 1111 अधिक लोगों को हज पर जाने का मौका मिला है। वर्ष 2026 में प्रदेश से 2526 जायरीन हज के लिए गए थे। अगले साल हज यात्रा अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। हालांकि यात्रियों की रवानगी के लिए विमानों का शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के हज यात्रियों की रवानगी पटना एयरपोर्ट के साथ गया एयरपोर्ट से भी होगी। चयनित जायरीन को कवर नंबर जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही हज यात्रा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। चयनित यात्रियों को तय समय सीमा के भीतर यात्रा की पहली किस्त जमा करनी होगी। वर्ष 2027 में देश के 19 एयरपोर्ट से हज यात्रियों की रवानगी होगी। इनमें पटना और गया के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, कोच्चि, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कन्नूर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, श्रीनगर और विजयवाड़ा शामिल हैं। बिहार के यात्रियों के लिए पटना और गया एयरपोर्ट से हज ऑपरेशन होगा। हज यात्रा के लिए 15 साल से कम उम्र के बच्चों को हज यात्रा की अनुमति नहीं होगी। वहीं, 65 साल से अधिक उम्र के जायरीन के साथ एक अटेंडेंट का होना अनिवार्य होगा। अटेंडेंट का पूरा खर्च संबंधित यात्री को ही उठाना होगा। महिलाएं भी हज यात्रा पर जा सकती हैं, लेकिन उनके कवर में कम से कम चार लोगों का होना जरूरी है।

**पहली किस्त के रूप में जमा करने होंगे 1.52 लाख रुपये**

चयनित जायरीन को पहली किस्त के तौर पर 1 लाख 52 हजार 300 रुपये जमा करने होंगे। इसमें 300 रुपये प्रोसेसिंग चार्ज शामिल है। मुस्लिम आबादी के आधार पर केंद्रीय हज कमेटी बिहार के लिए हर साल करीब 12 हजार का हज कोटा तय करती है। हालांकि, पिछले कई वर्षों से बिहार का कोटा पूरा नहीं भर पा रहा है। वर्ष 2016 में सबसे अधिक 6533 जायरीन बिहार से हज पर गए थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया हैंडलर्स की कार्यशाला आयोजित

**जनकल्याण के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं : संजय सरावगी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बिहार के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों, बिहार विधान परिषद एवं विधानसभा के सदस्यों, बोर्ड एवं निगमों के अध्यक्षों एवं सदस्यों तथा प्रदेश पदाधिकारियों के सोशल मीडिया हैंडलर्स की महत्वपूर्ण बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सोशल मीडिया के विभिन्न आयामों, नैरेटिव निर्माण, डिजिटल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने तथा प्रभावी कंटेंट स्ट्रैटेजी को लेकर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया संगठन और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में पार्टी के सोशल मीडिया हैंडलर्स की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन के कार्यक्रमों तथा कार्यकर्ताओं के सेवा कार्यों की जानकारी तथ्यपरक, सरल और प्रभावी तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर सकारात्मक एवं तथ्य आधारित नैरेटिव को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि कंटेंट की गुणवत्ता के साथ उसकी प्रस्तुति, पहुंच और प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया के माध्यम से जनता से निरंतर संवाद स्थापित करने और बदलते डिजिटल ट्रेंड के अनुरूप रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है।

## ग्राम स्वराज और सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए राजीव गांधी का योगदान ऐतिहासिक : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर आवेदन पोर्टल लॉन्च किया गया। पोर्टल लॉन्च करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि ग्राम स्वराज का सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था। उस सपने को साकार करने की दिशा में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी ने ऐतिहासिक पहल की। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मजबूती प्रदान करने तथा सत्ता के विकेंद्रीकरण के माध्यम से गांवों तक लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब निर्णय लेने की शक्ति गांवों और पंचायतों तक पहुंचे। पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर उन्होंने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को आगे बढ़ाने का काम किया। राजेश राम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने भी ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से गांवों को सड़क, बुनियादी सुविधाओं और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। कांग्रेस की सोच हमेशा गांव, गरीब, किसान, मजदूर और पंचायतों को मजबूत करने की रही है। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने कहा कि संगठन ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

# संपादकीय

## बुजुर्गों की उपेक्षा- क्या भारतीय समाज से खत्म हो रही है सामाजिक संवेदना?

पारिवारिक उपेक्षा और वृद्धाश्रमों की बदहाली बुजुर्गों के प्रति गिरती सामाजिक संवेदना दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से वृद्धाश्रमों की रिपोर्ट मांगकर वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण पर जोर दिया है। किसी भी समाज और देश में अगर बुजुर्गों का जीवन मुश्किलों तथा चुनौतियों से दो-चार हो, तो यह न केवल वहां के कल्याण कार्यक्रमों में उनके हित से जुड़े प्रावधानों की विफलता है, बल्कि एक तरह से सामाजिक संवेदनाओं पर भी सवाल है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि परिवार से उपेक्षित बुजुर्ग जब किसी वृद्धाश्रम में पहुंचा दिए जाते हैं, तो वहां भी उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर वृद्धाश्रमों में भी उनकी देखभाल को लेकर जैसी उपेक्षा या उदासीनता बरती जाती है, वह बुजुर्गों के प्रति समूचे समाज के रवैये में गिरावट का उदाहरण है।शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के सभी राज्यों को यह निर्देश दिया है कि वे वृद्धाश्रमों की स्थापना और वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति के बारे में ताजा रिपोर्ट दाखिल करें। शीर्ष अदालत दरअसल करीब दस साल पहले दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बुजुर्गों के कल्याण और संरक्षण के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का अनुरोध किया गया है। कहने को भारतीय समाज में बुजुर्गों को बेहद सम्मानजनक स्थान प्राप्त है। ज्यादातर परिवारों में कमोबेश उनका इतना खयाल जरूर रखा जाता है, ताकि वे अपना जीवन संतोषजनक तरीके से गुजार सकें। हालांकि ऐसे लोग भी हैं, जो घर के वृद्धों की खुशी और सेहत के लिए हर संभव कोशिश करते हैं।कई बुजुर्ग अगर लंबी उम्र तक जी पाते हैं या अपना आखिरी दौर खुशी और संतोष के साथ बिता पाते हैं, तो उसमें उनका खयाल रखने वाली संतानों की बड़ी भूमिका होती है। मगर इसके बरक्स ऐसे लोग भी होते हैं, जो माता-पिता या घर के किसी भी बुजुर्ग को बोझ मानने लगते हैं। कई दंपति सिर्फ इसलिए माता-पिता से अलग रहने लगते हैं, ताकि उनकी सुविधाजनक जिंदगी में कोई दखल न हो।ऐसे लोग भूल जाते हैं कि अपनी संतान को जन्म देने से लेकर उन्हें पाल-पोस कर बड़ा करने और अपने बूते खड़ा होने लायक बनाने के लिए माता-पिता ने अपने सारे सुख की अनदेखी करके अपना पूरा जीवन झोंक दिया होता है।इसके बावजूद ऐसी नौबत क्यों आती है कि एक सुरक्षित स्थिति में जाते ही कुछ लोग माता-पिता को अपने हाल पर अकेले रहने के लिए छोड़ देते हैं। यहां तक कि किसी बीमारी से उपजी पीड़ा और बच्चों के प्रति उनकी संवेदनात्मक भूख का भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझते। कई परिवार घर में बुजुर्गों की देखभाल नहीं करने या उपेक्षा करने से आगे जाकर उन्हें किसी ऐसे वृद्धाश्रम में पहुंचा देते हैं, जहां वे अपने जीवन का बचा हुआ वक्त किसी तरह काटते हैं।इस संदर्भ में उन कानूनी तकाजों का भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता, जिनमें माता-पिता या बुजुर्गों की देखभाल को लेकर संतानों की कुछ जिम्मेदारी तय की गई है।

ब्रिक्स की खास उपलब्धियां - ब्रिक्स ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसका सफ़र आसान नहीं था। कई चुनौतियों के बावजूद यह अपने अनेक लक्ष्यों को हासिल कर सका। कुछ मुख्य उपलब्धियां हैं: स्ट्रेटेजिक विस्तार- ब्रिक्स ने सफलतापूर्वक अपनी पहुंच बढ़ाई है। 2026 तक, इस ब्लॉक में ऑफिशियली 11 सदस्य देश शामिल हैं: ओरिजिनल पांच (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) प्लस मिस्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब (हालांकि सऊदी अरब अपने फॉर्मल स्टेटस को लेकर कुछ डिप्लोमैटिक अस्पष्टता बनाए हुए है)। पार्टनर देशों का संस्थागतकरण- मुख्य फैसले लेने की क्षमता को कम किए बिना अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए, ब्रिक्स ने एक फॉर्मल 'पार्टनर देश' कैटेगरी शुरू की। 2025 में, दस देश—बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, नाइज़ीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज़्बेकिस्तान और वियतनाम—ऑफिशियल पार्टनर के तौर पर शामिल हुए, जिससे एंगेजमेंट के लिए एक फ्लेक्सिबल फ्रेमवर्क बना।

# ब्रिक्स 2026- भारत की कूटनीतिक क्षमताओं को चुनौती देता

(प्रोफ़ेसर (डॉ.) डी. के. पांडेय)

ब्रिक्स ग्लोबल साउथ के हितों को बताने और एक ज़्यादा संतुलित बहुध्रुवीय विश्व बनाने के लिए एक बुनियादी प्लेटफ़ॉर्म बन गया है। 2025 तक, ब्रिक्स के सदस्य देश दुनिया की लगभग 48 प्रतिशत आबादी और परचेसिंग पावर पैरिटी (पी पी पी) के आधार पर ग्लोबल जीडीपी का 39 प्रतिशत हिस्सा थे।

2026 में ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स के मौजूदा माहौल के आधार पर, ब्रिक्स एक इकोनॉमिक इन्वेस्टमेंट के शॉर्ट फॉर्म से बढ़कर एक बड़ी इंस्टीट्यूशनल ताकत बन गया है जो उभरते हुए मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर को आकार दे रहा है। इसके महत्व, उपलब्धियों, चुनौतियों और ब्रिक्स विरोधी बातों को सुलझाने के प्रयासों को समझना आवश्यक है।

**मल्टीपोलर दुनिया में ब्रिक्स का महत्व** - ब्रिक्स ग्लोबल साउथ के हितों को बताने और एक ज़्यादा संतुलित बहुध्रुवीय विश्व बनाने के लिए एक बुनियादी प्लेटफ़ॉर्म बन गया है। 2025 तक, ब्रिक्स के सदस्य देश दुनिया की लगभग 48 प्रतिशत आबादी और परचेसिंग पावर पैरिटी (पी पी पी) के आधार पर ग्लोबल जीडीपी का 39 प्रतिशत हिस्सा थे। भारत की 2026 ब्रिक्स प्रेसीडेंसी के तहत, इस की गाइडिंग थीम बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन और सस्टेनेबिलिटी है। कमज़ोर ग्लोबल गवर्नेंस, प्रोटेक्शनिस्ट पॉलिसी और बढ़ती जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता के दौर में, ब्रिक्स साउथ-साउथ सहयोग के लिए एक सही विकल्प देता है जो पारंपरिक दबदबे और हुक्म से रहित है। यह उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को अपनी पार्टनरशिप में विविधता लाने और ग्लोबल गवर्नेंस में अपनी आवाज़ बुलंद करने की इजाज़त देता है, बिना कोल्ड वॉर-स्टाइल के बाइनरी अलाइनमेंट में मजबूर हुए।

**ब्रिक्स की खास उपलब्धियां** - ब्रिक्स ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसका सफ़र आसान नहीं था। कई चुनौतियों के बावजूद यह अपने अनेक लक्ष्यों को हासिल कर सका। कुछ मुख्य उपलब्धियां हैं- स्ट्रेटेजिक विस्तार- ब्रिक्स ने सफलतापूर्वक अपनी पहुंच बढ़ाई है। 2026 तक, इस ब्लॉक में ऑफिशियली 11 सदस्य देश शामिल हैं- ओरिजिनल पांच (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) प्लस मिस्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब (हालांकि सऊदी अरब अपने फॉर्मल स्टेटस को लेकर कुछ डिप्लोमैटिक अस्पष्टता बनाए हुए है)। पार्टनर देशों का संस्थागतकरण- मुख्य फैसले लेने की क्षमता को कम किए बिना अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए, ब्रिक्स ने एक फॉर्मल 'पार्टनर देश' कैटेगरी शुरू की। 2025 में, दस देश—बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज़्बेकिस्तान और वियतनाम—ऑफिशियल पार्टनर के तौर पर शामिल हुए, जिससे एंगेजमेंट के लिए एक फ्लेक्सिबल फ्रेमवर्क बना। न्यू डेवलपमेंट बैंक (एन डी बी) की उपलब्धियाँ- एन डी बी ने हाल ही में अपनी 10वीं वर्षगाँठ मनाई, जिसमें क्लीन एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में 120 से ज़्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स को फाइनेंस किया गया। इसने ग्लोबल साउथ को पार्टनरशिप, सॉवरेनिटी और शेयर्ड प्रायोरिटीज़ पर बना एक मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक सफलतापूर्वक दिया है, न कि वेस्टर्न-लेड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स से जुड़ी कंडीशनैलिटीज़ पर। इंट्रा-ब्रिक्स ट्रेड ग्रोथ- मेंबर्स के बीच दो दशकों के ट्रेड एक्सपेंशन ने डेवलप हो रहे इकोनॉमिक संबंधों को सामने लाया है, जिससे साउथ-साउथ ट्रेड के नए, रेसिलिएंट पैटर्न बने हैं जो बाहरी झटकों से कम वल्नरेबल हैं। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने 5 सितंबर, 2026 को कहा कि इंट्रा-ब्रिक्स मर्चेंडाइज़ ट्रेड अब कई गुना बढ़ गया है, जो मेंबर देशों के बीच गहरे ट्रेड इंटीग्रेशन और मज़बूत इकोनॉमिक कोऑपरेशन के लिए बहुत ज़्यादा अनटैप्ड पोटेंशियल को हाईलाइट करता है। 2003 में 84 बिलियन से 2024 में 1.17 ट्रिलियन तक इंट्रा-ब्रिक्स मर्चेंडाइज़ ट्रेड 13 गुना बढ़ गया, जो 13.3 परसेंट की सालाना एवरेज रेट से बढ़ रहा है, जो इसी समय के दौरान 5.7 परसेंट की ग्लोबल ट्रेड ग्रोथ से काफी ज़्यादा है।




**भविष्य की चुनौतियाँ** - भारत के लिए अलग-अलग चुनौतियों के बीच ब्रिक्स को आगे ले जाना आसान नहीं होगा। उनमें से कुछ ये हैं-

ब्रिक्स कनेक्ट्स को लागू करना- भारत की 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता की पहल ब्रिक्स कनेक्ट्स का उद्देश्य सदस्य देशों के नागरिकों को लाभ पहुँचाने को प्राथमिकता देना है। इसके मुख्य फ़ोकस एरिया में डिजिटल पेमेंट और फ़ाइनेंशियल इनक्लूज़न (वित्तीय समावेश) को बढ़ाना, एजुकेशनल डिग्री को आपसी मान्यता देना, सस्ता इंटरनेट और इंसानों पर केंद्रित ए आई, एक नया ब्रिक्स स्टार्टअप नॉलेज हब, और बेहतर ट्रेड कॉरिडोर शामिल हैं, जिनसे लॉजिस्टिक्स की लागत कम हो सकती है और सामान सस्ता हो सकता है।

अंदरूनी सोच में विभिन्नता- यह ग्रुप एक जैसा ग्रुप नहीं है, जिससे आम सहमति बनाना मुश्किल हो जाता है। इसमें बहुत अलग-अलग जियोपॉलिटिकल सोच वाले देश हैं, जिनमें वे देश शामिल हैं जो पश्चिम का सक्रिय रूप से सामना कर रहे हैं (जैसे, रूस, ईरान) से लेकर वे देश भी शामिल हैं जो पश्चिमी देशों (जैसे, भारत, ब्राज़ील) के साथ मज़बूत स्ट्रेटेजिक और इकोनॉमिक संबंध बनाए हुए हैं।

इंस्टीट्यूशनल एकता बनाम विस्तार- ब्रिक्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि वह खुद को ज़्यादा बढ़ाए बिना अपनी बढ़ती जियोपॉलिटिकल अहमियत को ठोस इंस्टीट्यूशनल असर में बदले। तेज़ी से विस्तार से इस ग्रुप के बेकाबू होने और निर्णायक रूप से काम करने की इसकी क्षमता कम होने का खतरा है।

अलग-अलग इकोनॉमिक प्राथमिकताएँ- फाइनेंशियल इंटीग्रेशन पर सदस्यों के अलग-अलग विचार हैं। जहां कुछ लोग वेस्ट से तेज़ी से फाइनेंशियल डीकपलिंग पर ज़ोर देते हैं, वहीं दूसरे प्रैक्टिकल इकोनॉमिक डेवलपमेंट को प्राथमिकता देते हैं और बड़े फाइनेंशियल बदलावों के नतीजों से डरते हैं।

ब्रिक्स विरोधी कोशिशों और बातों पर ध्यान देना

ब्रिक्स उस पश्चिमी नैरेटिव को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है जिसके तहत इसे पश्चिम-विरोधी क्लब या एक विघटनकारी ताकत के तौर पर देखा जाता है। इन कोशिशों से निपटने के लिए यह कई रणनीतियाँ अपनाता है-

नैरेटिव को नए सिरे से पेश करना- 2026 में भारत की अध्यक्षता में नेतृत्व ने टकराव वाली छवि को स्पष्ट रूप से खारिज किया है। आधिकारिक राजनयिक रुख इस बात पर ज़ोर देता है कि ब्रिक्स पश्चिम-विरोधी नहीं है; यह संतुलन का पक्षधर है और ब्रिक्स देशों को प्रतिशत7-विरोधी नहीं बनना चाहिए, और प्रतिशत7 को ब्रिक्स -विरोधी नहीं बनना चाहिए। यह समूह खुद को स्वाभाविक रूप से विरोधी के बजाय गैर-पश्चिमी और सुधारवादी के तौर पर पेश करता है।

डी-डॉलरलाइज़ेशन पर व्यावहारिक और क्रमिक दृष्टिकोण- गंभीर आर्थिक जवाबी कार्रवाई (जैसे टैरिफ की धमकियाँ) से बचने के लिए, ब्रिक्स ने डी-डॉलरलाइज़ेशन से जुड़ी अपनी बयानबाज़ी को नरम किया है। अमेरिकी डॉलर या ब्रिक्स की साझा मुद्रा को अचानक और पूरी तरह से बदलने के बजाय—जिसका भारत जैसे सदस्यों ने स्पष्ट रूप से विरोध किया है—यह समूह व्यावहारिक और क्रमिक बदलाव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें स्थानीय मुद्रा में लेन-देन को बढ़ावा देना, द्विपक्षीय स्वैप समझौते और व्यापार के लिए डिजिटल मुद्रा के ढांचे की संभावनाओं को तलाशना शामिल है। समावेशी बहुपक्षवाद पर ध्यान- ब्रिक्स लगातार व्यापक ह सुधार, बहुपक्षीय व्यापार सुधार और समावेशी वैश्विक शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। मौजूदा संस्थानों को पूरी तरह खत्म करने के बजाय उनमें सुधार की वकालत करके, ब्रिक्स कई उदारवादी देशों का समर्थन हासिल करता है।

## स्कूली किताबों के एक सवाल ने खोली लैंगिक समानता और साझा जिम्मेदारियों की नई राह

(वंदना तिवारी)

बच्चों को बचपन से ही लैंगिक संवेदनशीलता और साझा जिम्मेदारियों की सीख देना बेहद जरूरी है। घर-बाहर के कामों में बराबरी और रूढ़ियों को तोड़ना ही एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज का निर्माण करेगा। हमारे समाज में लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि घर का काम मुख्य रूप से महिलाओं की जिम्मेदारी है और बाहर जाकर कमाना पुरुषों का दायित्व। मगर बदलते समय के साथ परिवार की यह तस्वीर तेजी से बदल रही है। जब कक्षा छह के सामाजिक विज्ञान के एक पाठ में बच्चों से पूछा गया कि 'क्या पिता खाना बना सकते हैं' और 'क्या मां घर के बाहर काम कर सकती हैं', तो चर्चा केवल एक पाठ तक सीमित नहीं रही। बातचीत बच्चों को परिवार, जिम्मेदारी और साझेदारी के नए अर्थ समझाने लगी। दरअसल, बच्चे परिवार और समाज को देखकर ही स्त्री और पुरुष की भूमिकाओं को समझना शुरू करते हैं। अगर वे बचपन से यह देखते और सुनते हैं कि घर का काम केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है और बाहर जाकर कमाना केवल पुरुषों का दायित्व है, तो यही धारणाएं उनके भीतर सामान्य और स्वाभाविक मान्यता के रूप में स्थापित हो जाती हैं। बाद में यही धारणाएं लैंगिक असमानता, महिलाओं पर दोहरे बोझ और घर के काम के असमान बंटवारे को बनाए रखती हैं। आज के बदलते परिवेश में जब परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी साझा है, तो घरेलू जिम्मेदारियां भी साझा क्यों नहीं होनी चाहिए? खाना बनाना, बच्चों की देखभाल करना, सफाई करना या परिवार के अन्य सदस्यों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना केवल स्त्री का काम नहीं माना जा सकता। पिता खाना बना सकते हैं और मां घर के बाहर काम कर सकती हैं। परिवार की भूमिकाएं स्थिर नहीं होतीं, बल्कि सहयोग, संवेदनशीलता और परिस्थितियों के अनुसार साझा की जा सकती हैं। शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक की जानकारी देने का माध्यम नहीं है। वह बच्चों को समाज में उपस्थित असमानताओं को पहचानने, उन पर प्रश्न करने और अधिक न्यायपूर्ण संबंधों की कल्पना करने का अवसर भी देती है। विद्यालय में बच्चों को लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में पढ़ाना इसलिए जरूरी है, ताकि वे समझ सकें कि किसी कार्य को केवल स्त्री या पुरुष से जोड़ना उचित नहीं है। जब बच्चों को यह समझाया जाएगा कि पारिवारिक भूमिकाओं में सहयोग और लचीलापन एक संतुलित और सहयोगी वातावरण का निर्माण करते हैं, तो उनकी धारणा भी अलग जमीन पर विकसित होगी। भूमिका-अभिनय यानी रोल-प्ले सामाजिक विज्ञान के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ है, क्योंकि इससे बच्चों में सहानुभूति और समझ का विकास संभव हो पाता है। जब बच्चे विभिन्न पारिवारिक भूमिकाएं निभाते हैं, तो उन्हें विविध दृष्टिकोणों की समझ प्राप्त होती है और वे पारिवारिक अंतःक्रियाओं की जटिलताओं की सराहना करते हैं। यह अनुभवात्मक अधिगम मानव व्यवहार और सामाजिक मानदंडों को समझने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित होता है, जो सामाजिक विज्ञान शिक्षा के केंद्रीय तत्त्व है। भूमिका-अभिनय के माध्यम से विद्यार्थी न केवल परिवार के भीतर विशिष्ट भूमिकाओं के बारे में सीखते हैं, बल्कि वे अपने निर्धारित परिदृश्यों की चुनौतियों का सामना करते हुए आलोचनात्मक चिंतन और समस्या-समाधान कौशल भी विकसित करते हैं। लैंगिक संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाने का अर्थ केवल यह बताना नहीं है कि महिलाएं भी बाहर काम कर सकती हैं। इसका अर्थ यह समझाना भी है कि आर्थिक रूप से योगदान देने वाली महिला से घर की पूरी जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा करना असमानता है। इसी प्रकार पुरुषों को घरेलू काम से दूर रखना भी उन्हें देखभाल, संवेदनशीलता और पारिवारिक साझेदारी के अनुभव से वंचित करता है। साझा जिम्मेदारियां स्त्री और पुरुष दोनों को रूढ़िवादी भूमिकाओं की सीमाओं से बाहर आने का अवसर देती हैं। बच्चों के भीतर नए प्रकार के सामाजिक बदलावों के प्रति लचीलापन विकसित करना और उन्हें बदलते परिवेश से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इससे वे केवल अपने परिवार की भूमिकाओं को अलग दृष्टि से नहीं देखते, बल्कि समानता, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को अपने जीवन से जोड़कर समझते हैं। यही समझ आगे चलकर उनके व्यक्तिगत संबंधों, कार्यस्थल और सामाजिक व्यवहार को अधिक न्यायपूर्ण बना सकती है। यह दृष्टिकोण न केवल पारिवारिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की गहरी समझ विकसित करता है, बल्कि वास्तविक जीवन के मुद्दों पर गतिशील और रोचक तरीके से आलोचनात्मक चिंतन को भी प्रोत्साहित करता है। इस तरह के सामाजिक प्रशिक्षण पारिवारिक गतिशीलता की जटिलताओं तथा साझा जिम्मेदारियों के महत्त्व को सिखाने में भूमिका-अभिनय की उपयोगिता को उजागर करते हैं, जो एक संतुलित पारिवारिक जीवन के निर्माण में योगदान देती हैं।

अगर शिक्षा बच्चों को रूढ़िवादी लैंगिक भूमिकाओं पर प्रश्न करना नहीं सिखाएगी, तो समाज में वास्तविक बदलाव कठिन होगा। केवल महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है। परिवार और समाज की सोच तथा जिम्मेदारियों के बंटवारे में भी परिवर्तन आवश्यक है।

# मक्का डिफेंस पैक्ट आग नहीं, धुआं निकला, मोदी की डिप्लोमेसी ने बिगाड़ दिया पाक का खेल

**यही कारण है कि इस समझौते को एक मजबूत सैन्य गठबंधन की बजाय फिलहाल स्ट्रैटेजिक सिग्नलिंग और डिटरेंस का प्रयोग कहना अधिक उचित होगा। यहां इतिहास भी कई सवाल खड़े करता है। 2015 में हूती हमलों के दौरान पाकिस्तान ने सऊदी अरब की रक्षा के लिए सीधे सैन्य हस्तक्षेप से दूरी बनाई थी। 2019 में अबकैक और खुरैस के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले के समय भी कोई स्वचालित पाकिस्तानी सैन्य प्रतिक्रिया नहीं हुई।**

(नीरज कुमार दुबे)

शुरुआत में ऐसा लगा था कि मक्का पैक्ट एक ऐसा भू-राजनीतिक प्रयोग बनकर उभर रहा है, जिसके तार पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और संभवतः बंगाल की खाड़ी तक फैल सकते हैं। समझौते का मूल संदेश यह था कि तीनों में से किसी एक पर सशस्त्र हमला, तीनों पर हमला माना जाएगा।

तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए मक्का ज्वाइंट डिफेंस एग्रीमेंट की चर्चा पूरी दुनिया में हुई। मक्का पैक्ट पर हस्ताक्षर करने वाले तीनों देशों ने इसको लेकर ऐसी ऐसी बातें कहीं जिससे रक्षा रणनीति के क्षेत्र में इस समझौते की खबर आग की तरह फैल गयी। लेकिन जैसे जैसे समझौते के बिंदु सामने आने लगे वैसे वैसे दुनिया को समझ आ गया कि यहां आग से ज्यादा धुआं है। हम आपको बता दें कि बड़े-बड़े दावों और सामूहिक सुरक्षा के संदेश के बावजूद इस समझौते की सैन्य क्षमता और वास्तविक प्रभाव को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। इसी बीच इस पैक्ट के पैकेट की हवा पूरी तरह निकालने के लिए मोदी सरकार की कूटनीति भी तेज हो गई है। भारत साफ तौर पर यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि पाकिस्तान इस समझौते का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कोई रणनीतिक दबाव बनाने के लिए नहीं कर सके।

देखा जाये तो शुरुआत में ऐसा लगा था कि मक्का पैक्ट एक ऐसा भू-राजनीतिक प्रयोग बनकर उभर रहा है, जिसके तार पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और संभवतः बंगाल की खाड़ी तक फैल सकते हैं। समझौते का मूल संदेश यह था कि तीनों में से किसी एक पर सशस्त्र हमला, तीनों पर हमला माना जाएगा। लेकिन इस घोषणा के पीछे जितनी बड़ी सामरिक महत्वाकांक्षा है, उतनी ही गहरी अस्पष्टता भी है। इसी अस्पष्टता में पाकिस्तान की सबसे बड़ी उम्मीद छिपी है और भारत के लिए सबसे बड़ा रणनीतिक सवाल भी है। सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में एक नया इस्लामिक नाटो बनने जा रहा है, या फिर यह राजनीतिक संदेश, सामरिक दबाव और प्रतिरोधक क्षमता का एक बड़ा लेकिन सीमित प्रयोग भर है?

देखा जाये तो मक्का समझौते की सबसे बड़ी कमजोरी इसकी भौगोलिक और सामरिक असंगति है। पाकिस्तान न तो पश्चिम एशिया का हिस्सा है और न ही खाड़ी क्षेत्र का। तुर्किये की सुरक्षा चिंताएं सीरिया, इराक, कुर्द उग्रवाद, शरणार्थियों और अपनी दक्षिणी सीमाओं से जुड़ी हैं। सऊदी अरब के सामने ईरान, यमन के हूती और क्षेत्रीय अस्थिरता की चुनौतियां हैं। पाकिस्तान की प्राथमिक चुनौती बिल्कुल



अलग है। ऐसे में सवाल उठता है कि तीनों देशों की साझा दुश्मन की परिभाषा आखिर क्या है?

यही कारण है कि इस समझौते को एक मजबूत सैन्य गठबंधन की बजाय फिलहाल स्ट्रैटेजिक सिग्नलिंग और डिटरेंस का प्रयोग कहना अधिक उचित होगा। यहां इतिहास भी कई सवाल खड़े करता है। 2015 में हूती हमलों के दौरान पाकिस्तान ने सऊदी अरब की रक्षा के लिए सीधे सैन्य हस्तक्षेप से दूरी बनाई थी। 2019 में अबकैक और खुरैस के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले के समय भी कोई स्वचालित पाकिस्तानी सैन्य प्रतिक्रिया नहीं हुई। दूसरी तरफ, जब पाकिस्तान और तालिबान के बीच सीमा तनाव हुआ, तब सऊदी अरब ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता नहीं दी। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि जब पुराने द्विपक्षीय समझौते संकट के समय सीधे सैन्य कार्रवाई में नहीं बदले, तो नया त्रिपक्षीय समझौता वास्तव में कितना असरदार साबित होगा?

लेकिन भारत के लिए खतरे का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि तुर्किये या सऊदी अरब वास्तव में पाकिस्तान के लिए युद्ध लड़ेंगे या नहीं? सामरिक गारंटी युद्ध शुरू होने से पहले ही राजनीतिक व्यवहार बदल देती है। पाकिस्तान को यह संदेश मिल सकता है कि उसके पीछे अब एक व्यापक सुरक्षा ढांचा खड़ा है। खासकर तब, जब तुर्किये लगातार पाकिस्तान का राजनीतिक और सैन्य समर्थन करता रहा है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसका रुख भारत के खिलाफ स्पष्ट था।

यही नहीं, 31 अगस्त को इस्तांबुल में हुई बैठक में इस समझौते को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। इसमें एक स्थायी सचिवालय बनाने, सैन्य सहयोग बढ़ाने, रक्षा उद्योग में साझेदारी करने और मिलकर रक्षा उपकरण तैयार करने की बात हुई। रियाद में सचिवालय बनाने और शुरुआती वर्षों में पाकिस्तानी महासचिव नियुक्त करने की योजना से साफ है कि इस समझौते को एक स्थायी और संगठित ढांचा देने की कोशिश की जा रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों से हालिया बातचीत भी बताती है कि इस दिशा में कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

अब सबसे संवेदनशील मोर्चा है बांग्लादेश। यदि ढाका इस समझौते में शामिल होता है, तो मामला भारत के लिए पश्चिमी सीमा तक सीमित नहीं रहेगा। पाकिस्तान से जुड़ा एक सामूहिक रक्षा ढांचा भारत की पूर्वी सीमा और बंगाल की खाड़ी तक पहुंच सकता है। भारत की 4096 किलोमीटर लंबी पूर्वी सीमा के संदर्भ में यह रणनीतिक समीकरण बदल सकता है। यही कारण है कि नई दिल्ली कथित रूप से बैकचैनल कूटनीति के जरिए ढाका की वास्तविक मंशा टटोल रही है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सैन्य प्रतिबद्धता चाहता है या इस मंच का उपयोग केवल कूटनीतिक और आर्थिक लाभ के लिए कर रहा है?

यहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की असली ताकत सामने आती है। भारत किसी एक खेमे में बंद देश नहीं है। वह स्ष्ट्ह में चीन और पाकिस्तान के साथ बैठता है, अमेरिका, फ्रांस और इजरायल के साथ गहरे सुरक्षा संबंध रखता है और अमेरिका, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वॉड का सदस्य है। भारत की नीति साफ है। हर मंच पर मौजूद रहो, लेकिन किसी की रणनीतिक कैद में मत जाओ।

इसके अलावा, तुर्किये के एससीओ में पूर्ण सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा के बीच भारत के पास 'सहमति' नामक एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक हथियार है। दरअसल, एससीओ में किसी नए देश को सदस्य बनाने के लिए मौजूदा सदस्य देशों की सहमति जरूरी होती है। ऐसे में भारत का रुख साफ है। अगर तुर्किये नाटो, मक्का समझौते और एससीओ, तीनों का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे यह भरोसा देना होगा कि पाकिस्तान के साथ उसका रक्षा समझौता एससीओ के भीतर भारत के खिलाफ किसी दबाव या रणनीतिक फायदा उठाने का माध्यम नहीं बनेगा। माना जा रहा है कि भारत को तुर्किये से तीन स्पष्ट आश्वासन चाहिए। एक तो पाकिस्तान को तुर्किये के जरिए एससीओ में अप्रत्यक्ष प्रभाव नहीं मिलेगा। साथ ही स्ष्ट्ह की सदस्यता किसी बाहरी रक्षा प्रतिबद्धता का विस्तार नहीं बनेगी और भारत-पाकिस्तान संकट में तुर्किये की संस्थागत स्थिति मक्का समझौते का हथियार नहीं बनेगी।

# जिला पदाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

## कैंप टोला एवं घाट टोला के लोगों की परेशानी का जायजा लेकर दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने उफनती गंगा को नाव से पार कर कुसेर्ला प्रखंड के मुरादपुर पंचायत के बाढ प्रभावित गोबराही दियारा पहुंचकर पीड़ितों का दर्द जाना तो वहीं चल रहे विभिन्न राहत कार्यों की समीक्षा की।इस क्रम उनके साथ अन्य विभागीय पदाधिकारियों का काफिला रहा। अन्य पदाधिकारियों एवं मेडिकल टीम के साथ जिला पदाधिकारी खेरिया घाट पर पहुंचे।जहां से एक बड़ी देशी नाव पर सवार होकर उफनती गंगा को पार कर गोबराही दियारा के लिए रवाना हुए।हलांकि इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी की नाव के साथ राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ की तीन आधुनिक मोटरबोट लगातार एस्कॉर्ट करती रही।जिला प्रशासन का यह दौरा पूरी तरह जमीनी हकीकत परखने और अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया माना जा रहा है।गंगा नदी के उस पार बसे होने के कारण भौगोलिक रूप से यहां प्रशासनिक मदद और राहत सामग्री पहुंचाना हमेशा से एक कठिन चुनौती रही है।डीएम ने दुर्गास्थान और घाट टोला का सघन भ्रमण कर जलमग्न बस्तियों, विस्थापित परिवारों और पशुचारे की उपलब्धता का प्रत्यक्ष जायजा लिया।उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को हर जरूरी सहायता त्वरित गति से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित सरकारी सामुदायिक रसोई का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और राशन सामग्री के भंडारण को बारीकी से परखा. डीएम ने रसोई प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि शरणार्थियों और बच्चों को समय पर शुद्ध व पौष्टिक गर्म भोजन मिलना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने कहा कि गोबराही दियारा के लिए नियमित रूप से गंगा में बड़ी सरकारी नौका तैनात की जाएगी। ताकि दियारा वासियों को मुख्य भू-भाग तक आवागमन, सुरक्षित निकासी और राशन ढुलाई में सुगम हो सके।



## महादलित आयोग के अध्यक्ष पहुंचे मनिहारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** बिहार राज्य महादलित आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने गुरुवार को मनिहारी पहुंचकर महादलित समुदाय के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह के वैश्म में अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आयोग के अध्यक्ष ने विशेष रूप से आवास विहीन महादलित परिवारों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने तथा उन्हें भूमि का पर्चा दिए जाने की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई और प्रगति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमंद महादलित परिवारों तक किस हद तक पहुंच रहा है।

## डीटीओ पहुंची मॉडल स्कूल हफलागंज निरीक्षण कर चलाया शिक्षण सत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी डेजी रानी ने उच्च विद्यालय हफलागंज में संचालित मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा 09 में विद्यार्थियों के तरीके से उत्तर लिखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीटीओ ने शिक्षकों से भी पठन-पाठन को और प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों की कमजोरियों को चिन्हित कर उन्हें अतिरिक्त मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।बता दें कि जिला पदाधिकारी के द्वारा जिले के चयनित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता



साथ संवाद करते हुए गणित में द्विघातीय समीकरण के मूलभूत सिद्धांतों एवं उन्हें हल करने की विधि पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहते हुए परीक्षा की तैयारी को व्यवस्थित तरीके से करने की सलाह दी। डीटीओ ने बताया कि परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए विषय की मूल अवधारणाओं को समझना, नियमित अभ्यास करना, समय प्रबंधन, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखने का निरंतर अभ्यास बेहद जरूरी है।उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन विषयों से घबराने के बजाय उन्हें छोटे-छोटे हिस्सों में समझकर नियमित रूप से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। तो उन्होंने परीक्षा के दौरान समय का सही उपयोग और उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरे एवं क्रमबद्ध एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पदाधिकारियों को विद्यालयों से संबद्ध किया गया है। इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, डेजी रानी अपने संबद्ध विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक संवाद किया। निरीक्षण के दौरान डीटीओ ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कक्षा 9 के विद्यार्थियों को गणित में द्विघात समीकरण के मूलभूत सिद्धांतों एवं उन्हें हल करने की विधि समझाई। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहते हुए परीक्षा की तैयारी को व्यवस्थित तरीके से करने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों के सम्मान से बढ़ा हौसला

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पूसी रेलवे महिला कल्याण संगठनं कटिहार की ओर से गुरुवार को कोसी रेलवे ऑफिसर्स क्लब में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संगठन द्वारा संचालित सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल, साहेबपाड़ा, कटिहार के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेल महिला समिति कटिहार की अध्यक्ष निबेदिता नरह ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। विद्यालय के 13 कर्मियों को नकद पुरस्कार तथा सभी 33 शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों को पारितोषिक प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष निबेदिता नरह ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। समाज के विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में रेल महिला समिति की उपाध्यक्ष पूजा सिंह, सचिव मंजरी पाल, कोषाध्यक्ष शिल्पी मंडल, स्कूल इंचार्ज अंजना रावत एवं मोनालिशा चूतिया, मधु मालती सहित संगठन की अन्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहीं। वही सम्मान मिलने वाले शिक्षिकाओं में स्कूल प्रिंसिपल रीता रानी चौधरी सहित संजना, शिखा प्रिया, अनमोल,साक्षी के अलावा वेलफेयर इंस्पेक्टर रेवती नंदन शर्मा सहित मनोज कुमार, श्रीमती सीता, सुनीता, सावित्री, मो. इसराफिल,अमित कुमार, सूरज कुमार, मंजू आदि मौजूद रहे ।

### अधिवक्ता संघ की आमसभा में पहुंचे प्रधान जिला जज

**कटिहार कोर्ट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अधिवक्ता संघ की आमसभा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह अधिवक्ता संघ पहुंचे। उनके साथ प्रथम एवं द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप मिश्रा एवं आशुतोष राय भी मौजूद रहे। न्यायिक पदाधिकारियों के संघ पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह ने अधिवक्ताओं से 12 सितंबर को न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निष्पादन कराया जाए, ताकि पक्षकारों को लंबे समय तक मुकदमेबाजी से राहत मिल सके। आमसभा में पीपी जगदीश प्रसाद साह, जीपी रुपेश कुमार सहित वरीय अधिवक्ता मुनेश्वर प्रसाद यादव, शंभू प्रसाद, विनोद कुमार, मोहम्मद एजाज आलम, अरुण कुमार चौधरी, अखिलेश कुमार झा, पवन दुबे, अशोक सिंह, रूपेश कुमार, मनोज ठाकुर, रवि रंजन सिंह, मोहम्मद फारूख, सोनी झा, यशस्वी अग्रवाल, महिमा केजरीवाल सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### प्रसव पूर्व 60 गर्भवती महिलाओं की जांच

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में 60 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेमराज के नेतृत्व में आशा के द्वारा पोषक क्षेत्र से लाए गए गर्भवती महिलाओं की अस्पताल में जांच कर सलाह एवं एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन, लंबाई,वजन आदि की जांच की गई। वहीं लैब टेक्नीशियन के द्वारा ब्लड जांच की गई। इस अवसर पर क्लर्क, लेखापाल, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, बीसीएम, लेब टेक्नीशियन, एएनएम, सीएचओ, सुरक्षा गार्ड आदि भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न योजना के तहत ऋण स्वीकृति को लेकर शिविर आयोजित

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त डा. नेहा कुमारी की अध्यक्षता में पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएवीकेवाई योजनान्तर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त ने बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति के बावजूद भुगतान नहीं होने पर खेद प्रकट करते हुए सभी बैंकों को अगले सप्ताह तक ऋण स्वीकृति एवं स्वीकृत ऋण का भुगतान करने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने शिविर में अनुपस्थित रहने वाले बैंकों के विरुद्ध पत्राचार करने का निर्देश दिया। शिविर में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पीएमएफएमई योजना के 04 आवेदकों को कुल 41.81 लाख रुपये, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पीएमईजीपी योजना के 03 आवेदकों को कुल 27.75 लाख रुपये,पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पीएमईजीपी योजना 01 आवेदक को 23.81 लाख रुपये ऋण की स्वीकृति दी गई। शिविर में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मितेश कुमार शांडिल्य, जिला अग्रणी प्रबंधक मनोज कुमार मधुकर, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं जिला संसाधन सेवी उपस्थित रहे।

### साफ-सफाई, रोशनी और विकास योजनाओं पर बोर्ड ने किया मंथन

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई नगर पंचायत में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और विकास कार्यों को गति देने को लेकर गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। मुख्य पार्षद विमला देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में साफ-सफाई, रोशनी, विकास योजनाओं और पियाऊ समेत कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने किया। बैठक में उप-मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह ,विधायक प्रतिनिधि सागर साहा सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। और अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।बैठक में सबसे प्रमुख रूप से नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा आम लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने अपने विचार रखे। इसके अलावा नगर क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था को लेकर भी प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सार्वजनिक स्थानों एवं नगर क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य पार्षद विमला देवी ,उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साहा एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से कहां की नगर पंचायत का विकास हम लोगों की पहली प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी पहुंचाना प्राथमिकता है। पूरे नगर पंचायत में पर्याप्त मात्रा में रोशनी की व्यवस्था के लिए स्टिक लाइट लगाए गए हैं। जिससे नगर क्षेत्र के सड़क एवं गलियों में जगमगा रहे हैं रोशनी। इस संबंध में मुख्य पार्षद विमला देवी ने कहां कि उपस्थित तो वार्ड सदस्य ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या बैठक के माध्यम से पटल पर रखे हैं।

## कारी कोसी बांध के नीचे 460 ढाला एवं संथाली ढाला बाढ़ की चपेट में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या चार कारी कोसी बांध के नीचे 460 ढाला के 400 सौ परिवार एवं वार्ड संख्या तीन संथाली ढाला के पास 450 सौ परिवार बाढ़ की चपेट में हैं । कारी कोसी नदी में बाढ़ का पानी काफी तेजी से बढ़ रहा हैं और बांध के पूरब साइड में भी काफी तेज गति से पानी का बहाव हो रहा हैं। लगातार पानी बढ़ने से भेड़मारा पंचायत के 460 ढाला वार्ड संख्या चार एवं संथाली ढाला वार्ड संख्या तीन में साढ़े आठ सौ परिवार बाढ़ की चपेट में हैं । बाढ़ का पानी आने से जहां खड़ी फसल में धान,पटवा,मखाना डूब गया हैं। वहीं बांध के नीचे रह रहे लोगों के घरों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया हैं। जिससे बाढ़ पीड़ित को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बाढ़ पीड़ित बांध के ऊपर शरण लिए हुए हैं एवं प्रशासन के आने का वाट जोह रहे हैं कि प्रशासन के द्वारा प्लास्टिक के साथ राहत शिविर चलाया जाए साथ ही साथ बाढ़ पीड़ित के खाते में जीआर की राशि भी दी जाए। इस बाबत वार्ड संख्या चार के वार्ड सदस्या नसरीन परवीन, वार्ड संख्या तीन के वार्ड सदस्या मनवारा खातून ने संयुक्त रूप से बताया कि अंचल प्रशासन अभिलंब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा ले प्लास्टिक, जीआर की राशि के साथ,राहत शिविर शुरू किया जाए, जिससे बाढ़ पीड़ितों की परेशानी कुछ कम हो सके। इस अवसर पर उप सरपंच मो0 माले कुस्तूर उर्फ लाबु आमीन, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो.आमिर, मो. जलाल, जाकिर हुसैन, पोदिया देवी, पूनम देवी, चंदन कुमार मंडल, सतीश कुमार मंडल, बीरबल भुईया आदि उपस्थित थे।



## डीडीसी ने किया मनिहारी के बाढ प्रभावित सिंगल टोला का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन णबाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह अलर्ट मोड में है।इसी को लेकर उप विकास आयुक्त डा. नेहा कुमारी ने मनिहारी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित सिंगल टोला पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और वहां संचालित कम्युनिटी किचन का निरीक्षण कर भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की आवश्यकताओं पर लगातार नजर रखने और जरूरतमंद परिवारों को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।डीडीसी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पॉलीथिन शीट का भी वितरण किया गया, ताकि बारिश और बाढ़ के बीच लोगों को अस्थायी राहत मिल सके। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की आशंका को देखते हुए उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूक भी किया।डीडीसी ने पानी को शुद्ध करने के लिए टैबलेट के सही उपयोग की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि टैबलेट डालने के बाद पानी को करीब दो से ढाई घंटे तक रखने के बाद ही उसका उपयोग करें।

## शराब और स्मैक की बिक्री से नाराज महिलाओं का फूटा गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र की भंगहा पंचायत के भंगहा गांव में शराबबंदी के बावजूद जगह-जगह हो रही शराब और स्मैक की धड़ल्ले से बिक्री के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। इस अवैध कारोबार से आक्रोशित महिलाओं ने गुरुवार को गांव के कॉपरेटिव गोदाम के समीप स्टेट हाईवे-77 को करीब तीन घंटे तक जाम रखा।सड़क जाम होने के कारण हाईवे के दोनों ओर छोटे- बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़क जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष नवीन कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक श्रीराम राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच आक्रोशित महिलाओं को भरोसा दिलाया कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद महिलाओं ने जाम हटाया।जिसके बाद हाईवे पर वाहनों का आवागमन फिर से सुचारू रूप से बहाल हो सका।स्टेट हाईवे-77 को जाम कर प्रदर्शन कर रही दर्जनों महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।महिलाओं का कहना था कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बाद भी भंगहा गांव के गली-मोहल्लों में नशे के सौदागर बेखौफ होकर शराब और स्मैक बेच रहे हैं।इसके कारण देर शाम होते ही आम लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। शाम के समय महिलाओं, युवतियों और छात्र-छात्राओं का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। वहीं शराब के नशे में पुरुषों द्वारा घर आकर अक्सर महिलाओं को प्रताड़ित किये जाने की बात कही। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना था कि स्थानीय पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न करने के कारण इन कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। इस अवैध धंधे की वजह से पुरुषों के साथ- साथ अब छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी भी पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो रही है, जो कि समाज के लिए एक बेहद गंभीर समस्या बन चुकी है।



## सामुदायिक किचन के लिए राशन का उठाव, भोजन नदारद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** सामुदायिक किचन के लिए राशन का उठाव तो हुआ लेकिन भोजन नदारद है। यह शिकायत लिखित रूप से पार दियारा पंचायत के भादू टोला ग्राम के नागरिकों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर जांच की गुहार लगाई है। भादू टोला में अंचल के द्वारा सात सितंबर से सामुदायिक किचन प्रारंभ हुआ।जिसका दैनिक रिपोर्ट अंचल कार्यालय में उपलब्ध है।दो तीन बार आंगनबाड़ी सहायिका के द्वारा राशन का उठाव किया गया, लेकिन एक भी व्यक्ति को भोजन नहीं कराया गया।मो. उजीर विश्वास, कंचन मंडल, बिरेन मंडल, नजीर हुसैन, मो. हयात सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर कहा है कि सामुदायिक किचन में भोजन नहीं खिलाया जा रहा है। पिछले कई दिनों से अंचल के सामुदायिक किचन में खाना नहीं बन रहा है,जिसके कारण हम लोग को भोजन के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। सामुदायिक किचन चलाने वाली सेविका श्यामली कुमारी से हम लोगों ने जब पूछा तो कहती हैं कि अंचल से कोई सामग्री नहीं मिली है,तो कैसे खाना बनेगा।उक्त ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के घर एवं चारों ओर पानी प्रवेश कर गया है, जिसके कारण हम लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। जिला पदाधिकारी से भी मांग करते हैं कि जांच हो।इधर वार्ड सदस्य मो. दुलाल ने प्राथमिक विद्यालय सीज टोला के शिक्षक गोपाल पर आरोप लगाया कि अंचल से 20 बोरा चावल का पैकेट दिया गया था, लेकिन मास्टर 10 पैकेट रखकर 10 पैकेट अपने घर भेज दिया। इसको लेकर मेरे पास साक्षी है। इस संबंध में अंचल अधिकारी हिंदुजा भारती ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, जांच की जाएगी।लेकिन ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा कहा गया कि नियमित भोजन बनता है।



## आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** दानापुर स्थित आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक सप्ताह तक चलने वाले 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत 'हिंदी दिवस' के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक कुमार श्रेयश एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने हिंदी भाषा की महत्ता को रेखांकित करते हुए आकर्षक पोस्टर बनाए और एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 1 से 8वीं तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कविता पाठ, श्लोक उच्चारण एवं भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्राओं के बीच 'स्वलिखित कविता प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपनी मौलिक रचनाओं से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को प्रधानाध्यापिका द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



## हर हाल में तीन दिनों में ई-केवाईसी 50 फीसदी पूरा करें : एसडीएम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार) ।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बारसोई एसडीएम राजू कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में पीडीएस डीलरों को ई-केवाईसी के तहत 3 दिन के भीतर 50 फीसदी प्रगति रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। इस समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों में निशांत कुमार सिंह मोहम्मद अलाउद्दीन प्रमोद भगत मोहम्मद वासिफ आदि सहित प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो जन वितरण प्रणाली के विक्रेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आजमनगर प्रखंड में अब तक मात्र 37 प्रतिशत उपभोक्ताओं का ही ई-केवाईसी पूरा हो पाया है। ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए सभी पीडीएस दुकानदारों को प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसडीएम राजू कुमार ने कहा कि ई-केवाईसी की सुस्त गति के कारण विभागीय कार्यकलाप प्रभावित हो रही है। उन्होंने सभी पीडीएस दुकानदारों को अगले तीन दिनों के भीतर ई-केवाईसी की प्रगति 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने को लेकर गंभीरता बरतने की बात कही है।

## मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन

### पोठिया थाना क्षेत्र में छापेमारी में संचालक सहित तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व उपकरण बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पोठिया थाना क्षेत्र में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने इस मामले में संचालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान निर्मित व अर्द्धनिर्मित हथियार, जिंदा कारतूस, मैगजीन तथा हथियार बनाने में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विशाल आनंद ने बताया कि पोठिया थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम सतबेहरी चांदपुर बहियार स्थित महंथ बाबा स्थान के समीप केला के खेती की आड़ में बनी एक झोपड़ी में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक कटिहार को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल एसआईटी का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर सतबेहरी चांदपुर बहियार स्थित महंथ बाबा स्थान के समीप छापेमारी की।पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद तीन व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मो. रफीक आलम (30) पिता मो. जैनुल आलम निवासी सतबेहरी चांदपुर थाना पोठिया, जिला कटिहार,मो. फिरोज (35), पिता स्व. तसलीम तथा मो. बजीर (44 )पिता स्व. एनुल दोनों निवासी मिजार्पुर बरसा थाना मुफस्सिल जिला मुंगेर के रूप में की गई है। झोपड़ी की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक अर्द्धनिर्मित पिस्टल, एक पिस्टल, एक बैरल, दो मैगजीन,7.65 एमएम की छह जिंदा गोलियां, दो अर्द्धनिर्मित मैगजीन, दो गैस कटिंग मशीन, एक ड्रिल मशीन तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए। इसके अलावा हथियार निर्माण में प्रयुक्त रेती, सूजा, लोहे के टुकड़े, स्प्रिंग समेत अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इस संबंध में पोटिया थाना कांड संख्या 233/26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस बरामद हथियारों और गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है।



संक्षिप्त समाचार

## आधार फेस वेरिफिकेशन अब सीधे बैंक-इंश्योरेंस ऐप में, यूआईडीएआई ने शुरू किया नया सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंक में अकाउंट खोल रहे हैं और आधार फेस वेरिफिकेशन के लिए दूसरे



ऐप में जाने को कहा जा रहा है तो अब ऐसा नहीं होगा। ने फेस ऑथेंटिकेशन का नया सिस्टम लॉन्च किया है, जो बैंक, इंश्योरेंस, ब्रोकिंग और दूसरे ऐप में काम करेगा। आधार से चेहरा मिलाने के लिए ऐप बदलने का झंझट नहीं, उसी ऐप में वेरिफिकेशन और आगे का काम होगा। इससे आम लोगों के लिए डिजिटल और सरकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पहले से कहीं आसान हो सकती है। आधार से पहचान की प्रक्रिया को आसान बनाने में बुधवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में दो नई सुविधाएं लॉन्च कीं। इनमें आधार फेस ऑथेंटिकेशन एसडीके और आधार फेस ऑथेंटिकेशन सैंडबॉक्स शामिल हैं। इनकी मदद से बैंक, इंश्योरेंस कंपनियां, फिनटेक और दूसरी संस्थाएं अपने मोबाइल ऐप में ही आधार फेस ऑथेंटिकेशन की सुविधा जोड़ सकेंगी। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी के मुताबिक कोई शख्स बैंक, इंश्योरेंस या ब्रोकिंग ऐप पर अपना अकाउंट खोल रहा है और वहां आधार से पहचान जरूरी है, तो वह उसी ऐप के अंदर फेस ऑथेंटिकेशन पूरा कर सकेगा। पहले इसके लिए ऐप की जरूरत पड़ती थी। इससे यूजर को एक ऐप से दूसरे ऐप में जाना पड़ता था। फेस ऑथेंटिकेशन सैंडबॉक्स भी शुरू किया है। यह सुरक्षित टेस्टिंग प्लेटफॉर्म है, जहा बैंक और दूसरी संस्थाएं अपनी सर्विस को असली सिस्टम में लागू करने से पहले जांच सकेंगी। इसमें फेस कैप्चर, यूजर की सहमति, ऑथेंटिकेशन, एरर हैंडलिंग और रिजल्ट की जांच की जा सकेगी।

## 12 साल पहले रोज बिकती थीं 6 इलेक्ट्रिक गाड़ियां, अब 6,850 पहुंच चुका है आंकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।



2014-15 में हर दिन जहां हर तरह की 6 से 7 इलेक्ट्रिक गाड़ियां बिकती थीं, वहीं मौजूदा समय में यह आंकड़ा 6,850 गाड़ियों से भी अधिक पहुंच गया है। यह मार्केट बीते 12 वर्षों में 79 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ा है। भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने वर्ल्ड ईवी डे पर बताया कि देश में सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री ने एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। इसमें पीएम-ई ड्राइव स्कीम का अहम रोल रहा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देश में ईवी गाड़ियों की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू कर रखी है। सेल हुए एक करोड़ से अधिक ईवी में इस पीएम स्कीम के तहत एक सितंबर तक 28 लाख 63 हजार 440 गाड़ियां सेल हो चुकी हैं। इसमें 25.88 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, 2.75 लाख इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और 53 ई-ट्रक शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे हम 'विकसित भारत 2047' की ओर बढ़ रहे हैं, भारी उद्योग मंत्रालय भारत के ईवी इकोसिस्टम को मजबूत करने, क्लीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने और ग्लोबल स्तर पर कॉम्पिटिटिव, टेक्नोलॉजी-आधारित ऑटोमोटिव इंडस्ट्री बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच मंत्रालय के मुताबिक, वित्त वर्ष 2011-12 से सितंबर 2026 तक देश में कुल 1,01,58,449 यूनिट्स वाहनों की बिक्री हुई है।

# बीते 3 सालों में निवेशकों को मिला जबरदस्त रिटर्न, 4 स्मॉल कैप फंड्स बने पहली पसंद

नई दिल्ली, एजेंसी। म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वालों के लिए यह खबर खास हो सकती है। हम यहां कुछ ऐसे चार फंड्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपने निवेशकों को बीते तीन वर्षों में 23.6 फीसदी तक का तगड़ा रिटर्न दिया है। जैसा कि हम सभी को मालूम है कि म्यूचुअल फंड्स की कई कैटगरी होती हैं, इनमें से एक कैटगरी इक्विटी स्मॉल कैप फंड की भी है।

इक्विटी स्मॉल कैप फंड्स की बात करें तो इसका मतलब होता है कि फंड का कम से कम 65 फीसदी हिस्सा स्मॉल कैप में निवेश हुआ रहता है। इसमें अन्य कैटगरी के मुकाबले अधिक रिस्क होता है। हालांकि, इसके साथ ही इसके रिटर्न भी अधिक होते हैं। हम जिन चार इक्विटी स्मॉल कैप की बात कर रहे हैं, उनके नाम हैं - बंधन स्मॉल कैप, इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप, क्वांट स्मॉल कैप और निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप। अब आइए इनके रिटर्न के बारे में जानते हैं।

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप का रिटर्न कितना है

निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड ने अपने पात्र निवेशकों को तीन साल में 14.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसने तीन महीने में 7.2 फीसदी, 6 महीने में 15.7 फीसदी और एक साल में 10.1 फीसदी का रिटर्न दिया है। निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप की नेट एसेट वैल्यू अभी 209.9913 रुपये है। इसमें कम से कम 5 हजार रुपये का निवेश कर सकते हैं। एसआईपी का पूरा नाम सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान है। यह म्यूचुअल फंड में नियमित और तय समय पर एक निर्धारित राशि को जमा करने की प्रक्रिया है। क्वांट स्मॉल कैप ने एक साल में कितना रिटर्न दिया है क्वांट स्मॉल कैप ने एक साल में 15.7 फीसदी का रिटर्न दिया है।




### बंधन स्मॉल कैप का रिटर्न कितना रहा है

बंधन स्मॉल कैप फंड की बात करें तो इसने तीन महीने में 7.9 फीसदी, 6 महीने में 17.7 फीसदी, एक साल में 12.4 फीसदी और तीन साल में 23.6 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसकी अभी नेट एसेट वैल्यू 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 57.853 रुपये की है। इसमें कम से कम एक हजार रुपये का निवेश किया जा सकता है।

### इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप का 3 साल का रिटर्न

इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप ने तीन साल में 21.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, इसने तीन महीने में 12.7 फीसदी, 6 महीने में 19.9 फीसदी और एक साल में 17.1 फीसदी की रिटर्न दिया है। इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप की अभी की एनएवी 54.67 रुपये है। इसमें कम से कम 100 रुपये का निवेश किया जा सकता है।

### क्वांट स्मॉल कैप ने तीन साल में कितना रिटर्न दिया है

क्वांट स्मॉल कैप फंड की बात करें तो इसने तीन साल में अपने पात्र निवेशकों को 16.5 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं, तीन महीने में 8.5 फीसदी, 6 महीने में 24.6 फीसदी और एक साल में 15.7 फीसदी का रिटर्न दिया है। क्वांट स्मॉल कैप फंड की एनएवी अभी 324.4167 है। इसमें कम से कम 5000 रुपये का निवेश किया जा सकता है।

## एटीएम से चुटकियों में निकलेगा डेबिट, क्रेडिट और एनसीएमसी कार्ड!

नई दिल्ली, एजेंसी। आपका एटीएम का अनुभव अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। यह केवल कैश निकालने या जमा करने की मशीन नहीं रह गई है। नए ओपन-सोर्स सॉल्यूशन के तहत कस्टमर सेल्फ-सर्विस जर्नी के जरिए तुरंत पर्सनलाइज्ड 4 डेबिट, क्रेडिट और कार्ड पा सकते हैं। इससे पारंपरिक कार्ड जारी करने में लगने वाला टर्नअराउंड टाइम काफी कम हो जाएगा। यह मर्चेंट को पेमेंट कलेक्शन के लिए तुरंत कोड पाने में भी मदद करेंगे। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को तीन नए इनोवेशन पेश किए। इनका मकसद फाइनेंशियल इनक्लूजन बढ़ाना, भूमिका बढ़ाना और फॉर्मल क्रेडिट तथा कैश डिपॉजिट सर्विस को कस्टमर के करीब लाना है। इन्हें डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के सेक्रेटरी संजय लोहिया ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में लॉन्च किया। इनमें इंस्टेंट कार्ड और मर्चेंट जारी करने के लिए एक ओपन-सोर्स एंड्रॉयड शामिल है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये मशीनें एटीएम के कैश निकालने और जमा करने के पारंपरिक कामों से आगे ले जाएंगी। दावा है कि ये चेक जमा करने, अकाउंट खोलने और लोन एप्लीकेशन जैसी सर्विस भी दे सकती हैं। यह पहल बैंकिंग इकोसिस्टम में भूमिका को बदल सकती है और उन्हें सिर्फ कैश मशीन के बजाय इंटेलिजेंट कस्टमर-सर्विस और बैंकिंग एक्सेस पॉइंट में बदल सकती है।

# शक तो होता है', जोखिम भरे आइडिया पर लगा दिया दांव, अब 100 करोड़ का बिजनेस



नई दिल्ली, एजेंसी। यह कहानी है पल्लवी उतागी की। वह मुंबई की रहने वाली हैं। अपने बेटे के लिए सुरक्षित और आरामदायक डायपर न मिलने की समस्या से जूझकर उन्होंने अपने स्टार्टअप की नींव रखी। इसका नाम 'सुपरबॉटम्स'है। यह 2018 में शुरू हुआ था। डिस्पोजेबल डायपर से भरे भारतीय बाजार में कपड़े के रीयूजेबल डायपर का आइडिया लेकर उतरना जोखिम भरा था। लेकिन, उनकी इस सोच ने 20 लाख से ज्यादा पैरेंट्स का भरोसा जीता। आज यह ब्रांड लगभग 100 करोड़ रुपये के (एनुअल रेकरिंग रेवेन्यू) तक पहुंच चुका है। आइए, यहां पल्लवी उतागी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### अपनाया ये अनोखा मॉडल

व्यवसाय के शुरुआती दिनों में पल्लवी ने योग्य लोगों को जोड़ने की चुनौती का सामना किया। फिर उन्होंने एक अनोखा मॉडल अपनाया- 'मदर-लेड वर्कफोर्स' का। उन्होंने मैटरनिटी लीव या काम से ब्रेक ले चुकीं टैलेंटेड माताओं को वर्क-फ्रॉम-होम और फ्लेक्सिबल वर्किंग का ऑप्शन देकर अपनी टीम से जोड़ा। पल्लवी का मानना था कि एक मां ग्राहकों की चिंताओं को सबसे बेहतर और सहानुभूतिपूर्वक समझ सकती है। आज कंपनी के कस्टमर केयर और ऑपरेशंस समेत कई प्रमुख जिम्मेदारियां घरों से काम कर रहीं 20 से अधिक माताओं की टीम संभाल रही है। ब्रांड निर्माण के रास्ते में पल्लवी को पारिवारिक संशय, ग्राहकों की पुरानी सोच और सप्लायर्स की कमी जैसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। 2019 में जब एक पूर्व कर्मचारी ने कंपनी के डिजाइन और रणनीतियों को चुराकर प्रतिस्पर्धी उत्पाद लॉन्च किया तो पल्लवी ने कानूनी लड़ाई के बजाय अपने उत्पाद को और अधिक अपग्रेड करने पर फोकस किया। इससे नकल करने वाला उत्पाद बाजार में बेअसर हो गया।

### घर के एक कमरे से शुरुआत

पल्लवी उतागी ने पुणे के इंजीनियरिंग की है। मुंबई के मार्केटिंग करने के बाद उन्होंने इन्फोसिस और पिरामल हेल्थकेयर जैसी बड़ी कंपनियों में काम किया। साल 2013 में पल्लवी मां बनीं। जब उनके बेटे कबीर को डिस्पोजेबल डायपर से रैशेज की समस्या हुई तो उन्हें बाजार में बेहतर विकल्पों की कमी खली। इसी व्यक्तिगत चुनौती से प्रेरित होकर उन्होंने 2018 में अपनी जमापूंजी से अपने स्टार्टअप की शुरुआत की। मुंबई स्थित अपने घर के एक कमरे से पल्लवी ने इसे स्टार्ट किया। उन्होंने 200 से अधिक प्रोटोटाइप का टेस्ट किया। धीरे-धीरे भारत में ही री-यूजेबल डायपर की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की।

# समय के साथ लोन लेने और उसको चुकाने का तरीका काफी बदला

नई दिल्ली, एजेंसी। समय के साथ लोन लेने और उसको चुकाने का तरीका काफी बदला है। आज के इस डिजिटल जमाने में लोन या किसी समान की फाइनेंस पर खरीदारी के बाद हर महीने की किश्त को चुकाने के लिए लोग ऑनलाइन प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हैं।

ईएमआई का हिन्दी अर्थ समान मासिक किश्त होता है। यह एक प्रकार की तय राशि होती है, जिसे आप किसी लोन को चुकाने के लिए हर महीने या तय समय पर संबंधित बैंक या वित्तीय संस्था को भुगतान करते हैं। अब सवाल यह है कि अगर आप एक लाख रुपये का लोन लेते हैं, तो उसकी ईएमआई कितनी देनी होगी। हम यहां 5 साल, 10 साल, 15 साल, 20 साल और 25 साल के लिए एक लाख के लोन पर उसकी मासिक किश्त यानी कि ईएमआई की बात करेंगे। इनपर तय ब्याज दर 7 प्रतिशत, 8 प्रतिशत, 9 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की है।



**जितना बड़ा लोन उतनी बार 1075 रुपये से गुणा करें:** हम यहां एक ट्रिक बता रहे हैं, जो एक लाख या उससे अधिक कितने भी रुपये के लोन के लिए 15 वर्षों में 10 फीसदी की ब्याज दर से गणना करके हर महीने की इएमआइ आपको बता देता है। 1075 रुपये इएमआइ के लिए एक यूनिट खर्च की तरह है। आप जितना बड़ा लोन लेते हैं, उतनी बार आप 1075 रुपये से गुणा करते हैं। आप इसकी ईएमआई बिना किसी मुश्किल गणना या कैलकुलेटर के सीधे गुणा करके निकाल सकते हैं। उदाहरण से समझते हैं- देकर करने में होता है।

### 1 लाख के लोन पर कितनी देनी होगी किश्त

एक लाख के लोन पर कितनी किश्त और कितने रुपये की ईएमआई देनी होगी, यह बात उस लोन की समय सीमा और ब्याज दर पर निर्भर करती है। ईएमआई के गणितीय फॉर्मूल के अनुसार, अगर आप एक लाख रुपये का लोन 5 साल के लिए 7 फीसदी की ब्याज दर से लेते हैं तो आपको इसके लिए हर महीने 1980 रुपये की ईएमआई देनी होगी। 10 साल, 15 साल, 20 साल और 25 साल के लिए लेते हैं तो इसकी ईएमआई क्रमशः 1161 रुपये, 899 रुपये, 775 रुपये और 707 रुपये की होगी।

## चीनी, नमक या सैचुरेटेड फैट... फूड पैकेट पर स्पष्ट चेतावनी के पक्ष में लोग, सर्वे में बताई मन की बात

नई दिल्ली, एजेंसी। ज्यादातर लोग चाहते हैं कि पैक्ड फूड और पेय की पैकिंग पर बड़े अक्षरों में साफ-साफ लिखा हो कि उसमें चीनी, नमक या सैचुरेटेड फैट ज्यादा है या नहीं। लोकल सर्कल्स के सर्वे में 10 में से 8 यानी 80 प्रतिशत लोगों का मानना है कि अगर किसी प्रॉडक्ट में चीनी, नमक या सैचुरेटेड फैट में से कोई एक भी चीज ज्यादा है, तो फूड रेगुलेटर स्न्नस्स्ढ्ढ को पहले दिन से ही उस पर वॉर्निंग लेबल लगाना जरूरी बनाना चाहिए। 80 प्रतिशत चाहते हैं पैक्ड फूड में एक भी ज्यादा तो चेतावनी लेबल दिखे 88 प्रतिशत ने कहा, यह वॉर्निंग लेबल पैकेट के सामने बड़े अक्षरों में हो 90 प्रतिशत की मांग- कुल चीनी, नमक या फैट की पूरी जानकारी हो 12 प्रतिशत ही चेतावनी को दो चरणों में लागू करने में पक्ष में यह सर्वे सुप्रीम कोर्ट को सौंपे गए स्न्नस्स्ढ्ढ के उस प्रस्ताव के बाद सामने आया है, जिसमें शुरू में सिर्फ दो या दो से अधिक हानिकारक तत्वों की अधिकता वाले उत्पादों पर ही चेतावनी लेबल लगाने की बात कही गई है। सर्वे में सिर्फ 12 प्रतिशत ने इसे दो चरणों में लागू करने का समर्थन किया। अधिकतर लोग इसे दो चरणों में लागू करने के पक्ष में नहीं हैं।

## आईपीओ हो तो ऐसा, 5 दिन में छप्परफाड़ रिटर्न, 14586 रुपये के बन गए 53000 रुपये

नईदिल्ली, एजेंसी। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयरों ने बाजार में उतरने के बाद से हलचल मचा रखी है। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 429 रुपये था। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयर शुक्रवार 4 सितंबर को बाजार में लिस्ट हुए हैं। जबरदस्त लिस्टिंग



के बाद से कंपनी के शेयर लगातार अपर सर्किट पर हैं। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयर गुरुवार को आईपीओ में 10 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 1560.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 5 दिन में ही निवेशकों का मालामाल कर दिया है।

### 14586 रुपये के 5 दिन में बन गए 53000 रुपये से ज्यादा

ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के आईपीओ में जिन निवेशकों को 1 लॉट अलॉट हुई, उन्हें कंपनी के 34 शेयर मिले। 1 लॉट के लिए निवेशकों को 14,586 रुपये का निवेश करना पड़ा। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयर गुरुवार को आईपीओ में 1560.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस हिसाब से 34 शेयरों की कुल वैल्यू बढ़कर 53,051.90 रुपये जा पहुंची है। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयर पांच दिन में अपने प्राइस के मुकाबले 260 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर का दाम 429 रुपये था। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 28 अगस्त 2026 को खुला था और यह 1 सितंबर तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर शुक्रवार 4 सितंबर को 746.30 रुपये पर लिस्ट हुए और लिस्टिंग वाले दिन 895.55 रुपये पर बंद हुए। वहीं, कंपनी के शेयर एनएसई में 757 रुपये पर लिस्ट हुए और कारोबार के आखिर में 908.40 रुपये पर बंद हुए। लिस्टिंग वाले दिन से कंपनी के शेयर लगातार अपर सर्किट पर हैं। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के शेयर गुरुवार को एनएसई में 1,568.70 रुपये पर पहुंच गए हैं।

### 142.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था कंपनी का आईपीओ

ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के आईपीओ पर टोटल 142.88 गुना बोली लगी। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स की कैटेगरी में 41.68 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। वहीं, गैर संस्थागत निवेशकों या नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 202.87 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 274.97 गुना दांव लगा है।

# टाटा से एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स को मिला 224.19 करोड़ का ऑर्डर

### लगातार दूसरे दिन उछले शेयर; आपका है दांव

नईदिल्ली, एजेंसी। एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स के शेयरों में 10 सितंबर को कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिली। कंपनी को टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी से करीब 224.19 करोड़ का टर्नकी प्रोजेक्ट मिलने की खबर के बाद शेयर शुरुआती कारोबार में लगभग 3 प्रतिशत चढ़ गया। इस ऑर्डर में भी शामिल है। 10 सितंबर, गुरुवार को सुबह 9:18 बजे पर कंपनी का शेयर 211.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। यह पिछले बंद भाव 205.90 से 5.60 या करीब 2.72 प्रतिशत की बढ़त थी। इसके पहले भी बुधवार को कंपनी के शेयर में करीब 4 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई थी। आइए कंपनी के नए प्रोजेक्ट के बारे में जरा विस्तार से जानते हैं।

कंपनी ने बताया कि यह उसकी स्टेप-डाउन सब्सिडियरी को मिला है। इसके तहत महाराष्ट्र के परली में विकसित किए जा रहे 180 विंड पावर प्रोजेक्ट से जुड़े काम किए जाएंगे। प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे कंपनी के रिन्यूएबल एनर्जी कारोबार में उसकी मौजूदगी और मजबूत होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट में कई महत्वपूर्ण काम शामिल हैं। स्रु को 58 विंड टर्बाइन जेनरेटर्स के लिए सिविल फाउंडेशन तैयार करने होंगे।



### बुधवार को आई थी करीब 5 की तेजी

शेयर की बात करें तो पिछले कारोबारी सत्र में यह 205.90 पर बंद हुआ था और करीब 4.97 प्रतिशत चढ़ा था। कंपनी का 52-वीक हाई 276.05 और लो 135 रहा है। मौजूदा स्तर पर शेयर अपने 52-वीक हाई से करीब 25.41 प्रतिशत नीचे, लेकिन 52-वीक लो से 52.52 प्रतिशत ऊपर है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 3,614.16 करोड़ है। इसमें जरूरी रिइनफोर्समेंट स्टील और जियोटेक्निकल से जुड़े कार्य भी शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी से जुड़े कई निर्माण कार्य करेगी।

### करीब 39 एकड़ में स्टोरेज यार्ड

पैकेज के तहत करीब 39 एकड़ में स्टोरेज यार्ड तैयार किया जाएगा। भारी उपकरण और सामग्री की आवाजाही के लिए प्रबंधन भी कंपनी की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही एक्सेस रोड, रास्ते, क्रेन पैड और अन्य जरूरी सिविल एवं इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य किए जाएंगे।

### कॉन्ट्रैक्ट में होंगे ये काम

ऑर्डर में 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण और कमीशनिंग भी शामिल है। इसके लिए रूट सर्वे और डिजाइन से लेकर पोल या टावर लगाने, कंडक्टर, इंसुलेटर और संबंधित उपकरणों की सप्लाई व स्थापना का काम किया जाएगा। परियोजना में और हार्मोनिक फिल्टर सिस्टम की स्थापना भी शामिल है।

### कंपनी के पास 189.99 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट

खास बात यह है कि इससे पहले 8 सितंबर को भी स्रु को इसी परली विंड प्रोजेक्ट से जुड़ा 189.99 करोड़ का टर्नकी कॉन्ट्रैक्ट मिला था। लगातार बड़े ऑर्डर मिलने से कंपनी के ऑर्डर बुक और भविष्य के कारोबार को लेकर निवेशकों का ध्यान बढ़ा है। एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड के शेयर में 10 सितंबर 2026 (गुरुवार) को एक बार फिर तेजी देखने को मिली। खबर लिखे जाने तक एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड के शेयर एनएसई पर 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 209.94 पर कारोबार कर रहा था।

### रिम्स के डॉक्टरों ने बनाया स्वदेशी डीजिटल डिवाइस

# अब नहीं काटने पड़ेंगे कोई भी चोटिल अंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सड़क दुर्घटना में पैर कुचल गया हो, भारी मलबे में हाथ दब गया हो या किसी गंभीर फ्रैक्चर के बाद मांसपेशियों के भीतर दबाव लगातार बढ़ रहा हो, ऐसे मामलों में डॉक्टरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है यह पता लगाना कि दबाव कितना बढ़ चुका है और मरीज को तत्काल ऑपरेशन की जरूरत है या नहीं। इसी चुनौती से निपटने के लिए रिम्स के डॉक्टरों ने कम लागत में स्वदेशी डिजिटल डिवाइस तैयार की है। यह उपकरण मांसपेशियों के भीतर बनने वाले दबाव (कंपार्टमेंट प्रेशर) को मापने और उसकी निगरानी में सक्षम है।

दरअसल, गंभीर दुर्घटना या चोट के बाद मांसपेशियों से घिरे हिस्से में सूजन अथवा रक्तस्राव के कारण दबाव बढ़ने लगता है। इस स्थिति को एक्यूट कंपार्टमेंट सिंड्रोम कहा जाता है।

बढ़ा हुआ दबाव नसों और मांसपेशियों तक रक्त की आपूर्ति प्रभावित कर देता है। यदि छह से आठ घंटे के भीतर इसका सही आकलन

## नियामकीय मंजूरी के बाद होगा क्लीनिकल ट्रायल

कर उपचार नहीं किया जाए तो नसों और मांसपेशियों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है और गंभीर स्थिति में अंग तक काटना पड़ सकता है।

डिवाइस इसी महत्वपूर्ण चिकित्सकीय निर्णय में डॉक्टरों की मदद करेगी। खास बात यह है कि करीब 80 हजार रुपये की लागत में तैयार इस तकनीक को विकसित करने का पूरा खर्च शोधकर्ताओं ने स्वयं वहन किया है। वर्तमान में कंपार्टमेंट प्रेशर मापने के लिए कई दशक पुरानी तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें सुई और मैनुअल रीडिंग के माध्यम से दबाव मापा जाता है।

इस प्रक्रिया में कई बार सुई चुभानी पड़ती है और अलग-अलग व्यक्ति द्वारा रीडिंग लेने के कारण परिणामों में अंतर भी आता है।

नई डिजिटल प्रणाली इन कमियों को दूर करते हुए अधिक सटीक, वस्तुनिष्ठ और लगातार निगरानी की सुविधा देती है। शोधकताओं के मुताबिक अगले चरण में इसे पूरी तरह डिजिटल बनाने पर काम चल रहा है, ताकि भविष्य में मरीज को सुई चुभोने की भी आवश्यकता न पड़े।

इसके लिए एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई, जर्मनी की एक विश्वविद्यालय तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है।

रिम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट डा. अरुणव राय के अनुसार तब वह एमएस (जनरल सर्जरी) कर रहे थे। इस दौरान गंभीर दुर्घटना के मरीजों की चिकित्सकीय प्रक्रिया के क्रम में उन्हें होने वाली पीड़ा ने उनकी टीम को काफी द्रवित किया।

खासकर छोटे बच्चों और किशोरों की परेशानी ने उन्हें इस दिशा में सोचने को विवश किया। इसके बाद डॉ. बिनय कुमार और डॉ. निशिथ एक्का के मार्गदर्शन और डॉ. साकेत वर्मा, डॉ. पंकज बोदरा व अन्य के सहयोग से इस स्वदेशी उपकरण के प्रारूप को विकसित करने में सफल हो पाया।

डॉ. अरुणव ने बताया कि सबसे बड़ी



चुनौती एक चिकित्सकीय विचार को भरोसेमंद, व्यावहारिक और किफायती उपकरण में बदलना था। इसके लिए कई चरणों में परीक्षण और सुधार किए गए।

डिवाइस तैयार करने का काम जनवरी 2025 में शुरू हुआ और करीब एक वर्ष आठ महीने की मेहनत के बाद प्रोटोटाइप तैयार हुआ। शोधकताओं के अनुसार सबसे पहले दूसरे राज्यों के अस्पतालों में काम कर रहे अपने परिचित डॉक्टरों से संपर्क किया गया और बाजार में उपलब्ध तकनीक की जानकारी जुटाई गई।

इसके बाद इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न विकल्पों की तलाश शुरू हुई। कई राज्यों से प्रोटोटाइप मंगाकर उनका परीक्षण किया गया।

इसी प्रक्रिया में चेन्नई के सेंसर ने सबसे सटीक परिणाम दिए। इसके बाद शोध के लिए इसी सेंसर को चुना गया। उपकरण में इस्तेमाल होने वाली विशेष नीडल के लिए जर्मनी की तकनीक को चुना गया।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जर्मनी में निर्मित नीडल की मोटाई कम और त्वचा के लिए अपेक्षाकृत अनुकूल होने के कारण उसका चयन किया गया।

शोधकर्ताओं के अनुसार डिवाइस का रिसर्च प्रोटोकाल तैयार कर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को भेजा गया है। नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद संस्थागत आचार समिति (एथिक्स कमेटी) से अनुमति लेकर क्लीनिकल ट्रायल शुरू किया जाएगा।

रिम्स निदेशक डॉ. डीके सिन्हा के अनुसार यदि क्लीनिकल परीक्षण सफल रहते हैं तो कम लागत वाली यह मेड इन इंडिया तकनीक देशभर के सरकारी और निजी अस्पतालों में ट्रामा उपचार की दिशा बदलने वाली महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि बन सकती है।

आवश्यक स्वीकृतियों और चिकित्सकीय परीक्षणों के बाद इसे बाजार में लाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा स्वदेशी उपकरण बनाना है जो मौजूदा विकल्पों की तुलना में काफी किफायती हो।

# डीएफएस सचिव ने की जीएफएफ 2026 में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में देश में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल शुरू कीं। इनमें तत्काल रुपे कार्ड और व्यापारी यूपीआई क्यूआर जारी करने वाले ओपन-सोर्स (एंड्रॉयड) एटीएम, किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम मुद्रा योजना के लिए यूपीआई पर क्रेडिट लाइनह्र तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के तहत थ्री-पार्टी कैश डिपॉजिट शामिल हैं। यह घोषणा यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ विजय की उपस्थिति में की गई। इनके माध्यम से ग्राहक एटीएम से तत्काल व्यक्तिगत रुपे डेबिट, क्रेडिट और एनसीएमसी कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। व्यापारी यूपीआई आधारित भुगतान स्वीकार करने के लिए मर्चेंट क्यूआर कोड भी प्राप्त कर सकेंगे। एटीएम से चेक जमा करने, खाता खोलने और ऋण के लिए आवेदन जैसी बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। वर्तमान में नौ बैंक एनपीसीआई और एटीएम निमार्ताओं के साथ मिलकर इस समाधान का आकलन कर रहे हैं। किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम मुद्रा योजना के पात्र लाभार्थी अपनी स्वीकृत ऋण सीमा का उपयोग यूपीआई के माध्यम से व्यापारियों को भुगतान करने के लिए कर सकेंगे। 7.7 करोड़ से अधिक सक्रिय किसान क्रेडिट कार्ड खातों में रुपए 10 लाख करोड़ से अधिक की स्वीकृत ऋण सीमाएं हैं, जबकि पीएम मुद्रा योजना के 57 करोड़ से अधिक ऋणों की कुल राशि रुपए 40 लाख करोड़ से अधिक है। ई-केवाईसी के माध्यम से पंजीकृत जमाकर्ता सहभागी आधार सक्षम भुगतान प्रणाली टचपॉइंट ऑपरेटरों के जरिए अपने परिवार के सदस्यों या प्रियजनों के बैंक खातों में सीधे नकद जमा कर सकेंगे। आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और लाभार्थी के नाम की एसएमएस के माध्यम से पुष्टि से लेनदेन की सुरक्षा और भरोसा बढ़ेगा। वर्तमान में 14 बैंक इस सेवा के लिए सक्षम हैं। इन पहलों का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए डिजिटल ऋण की सुविधा को आसान बनाना तथा ग्रामीण, अर्ध-शहरी और बैंकिंग सेवाओं से वंचित ग्राहकों के लिए सुविधाजनक नकद जमा की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# कंबल में लिपटी मिली नवजात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रेलवे कॉलोनी में गुरुवार की सुबह कंबल में लिपटी एक नवजात बच्ची लावारिस अवस्था में मिली। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी अंजान व्यक्ति ने बच्ची को देर रात वहां छोड़ दिया था। इसके बाद बच्ची कुछ घंटे तक लावारिस पड़ी रही। सुबह चाइल्डलाइन से सूचना मिलने के बाद आरपीएफ की नन्हे फरिश्ते टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अपने साथ ले गई। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत गुरुवार को चाइल्डलाइन के पर्यवेक्षक ने मोबाइल फोन के माध्यम से आरपीएफ को सूचना दी कि अधिकारी रेलवे कालोनी, रांची में एक नवजात बच्ची लावारिस अवस्था में पड़ी है।

सूचना मिलते ही उप निरीक्षक हेमंत कुमार के साथ एलसीटी रीना यादव, एलसीटी जिनिद टोपनो, आरक्षी नमन सुरिन, उप निरीक्षक सुशीला बाराइक और एलसी आशा टोप्पो की नन्हे फरिश्ते टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।

मौके पर टीम को एक नवजात बच्ची कंबल में लिपटी लावारिस अवस्था में मिली। आसपास बच्ची के माता-पिता अथवा अभिभावक के रूप में दावा करने वाला कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। बच्ची की सुरक्षा और उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उप निरीक्षक हेमंत कुमार और नन्हे फरिश्ते टीम ने उसे सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट रांची पहुंचाया।

बच्ची को वहां छोड़कर जाने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला गया। हालांकि, जिस स्थान पर बच्ची को छोड़कर जाने का अंदेशा है, वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इस कारण बच्ची को वहां छोड़कर जाने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी।

बच्ची को आरपीएफ पोस्ट रांची लाए जाने के दौरान बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के कर्मचारी शंकर प्रजापति भी मौजूद रहे। घटना की सूचना एलपीएस, चुटिया को भी दी गई। इसके बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सहयोग से नवजात बच्ची को आवश्यक चिकित्सीय उपचार और संरक्षण के लिए हास्पिटल में भर्ती कराया गया।

## सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**हाजीपुर।** बिहार के स्वास्थ्य विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक हाजीपुर के सदर अस्पताल पहुंच गए। मंत्री ने लगभग एक घंटे से अधिक अस्पताल के चप्पे-चप्पे का गहन निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के हाथ-पैर फूल गए।

मंत्री ने इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, रोगी कल्याण समिति के कार्यालय और दवा काउंटर की व्यवस्थाओं को खुद अपनी आंखों से देखा। इस दौरान अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और गंभीर कमियां उजागर होने पर मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई।

निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही इमरजेंसी वार्ड में देखने को मिली। मंत्री ने जब गंभीर मरीजों को पटना के पीएमसीएच रेफर किए जाने का रिकॉर्ड मांगा, तो अस्पताल प्रबंधन कोई डेटा पेश नहीं कर सका।

# युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ रविंद्र भवन में गुरुवार को जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष बिलाल शेख के नेतृत्व में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव और प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. तनवीर आलम मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष बिलाल शेख ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए जिले में युवा कांग्रेस की गतिविधियों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसआईआर के दौरान भी




कार्यकर्ताओं ने लोगों को फॉर्म भरने में सहयोग किया। प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि युवा कांग्रेस लगातार युवाओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को पूरे जिले में मजबूत करने का आह्वान किया।

वहीं, प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस को बदनाम करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मजबूती से मुकाबला कर रहे हैं।

बैठक में संगठन को बूथ और पंचायत स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का संकल्प लिया गया। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, विधानसभा प्रभारी लक्ष्मीकांत, प्रदेश सचिव बिक्की कुमार सहित कांग्रेस और युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनओसी के बिना नहीं बिकेगी मांस-मछली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र में मटन बिक्री के लिए पहले निगम से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना होगा, इसके बाद भी दुकान में मटन की बिक्री किया जा सकेगा। वहीं, ऐसा नहीं किया तो नियमानुसार मटन बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के आलोक में मांस की बिक्री से जुड़े कारोबार के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत नगर निकाय क्षेत्र में बिना एनओसी के मटन बिक्री नहीं किया जा सकेगा। नए नियम के अनुसार, एनओसी के लिए संबंधित नगर निकाय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। इसके साथ 100 रुपये जमा करना पड़ेगा। इसके बाद एनओसी जारी करने से पहले नगर निकाय की अधिकृत टीम बिक्री केंद्र का स्थल निरीक्षण करेगी।

निरीक्षण के दौरान दुकान में पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई, जल निकासी, वेंटिलेशन, मांस के सुरक्षित रखरखाव तथा कचरा निस्तारण की व्यवस्था की जांच की जाएगी। मांस की बिक्री के लिए निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। एनओसी की वैधता संबंधित लाइसेंस की अवधि तक रहेगी। लाइसेंस के नवीनीकरण के समय नया एनओसी लेना होगा। नगर निकाय द्वारा निर्धारित शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक के टॉप-10 और इंटर के टॉप-3 छात्र हुए पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में जिदातो बालिका उच्च विद्यालय के प्रशाल में प्रतिभा सम्मान समारोह सह शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के मैट्रिक परीक्षा में टॉप-10 और इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप-3 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संघ की ओर से विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष आंदरियास हेम्ब्रम,



जिला सचिव विजय कुमार भंडारी सहित शिक्षकों, अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने छात्रों से आगे भी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मंच संचालन शिक्षिका ज्योति पांडे और शतरूपा मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर विनय कुमार भगत, नमिता त्रिवेदी, एलीन बेंजमीन टुडू, नीलू नलीना सहित माध्यमिक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ मोड़ स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप संचालित एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कोलकाता एसटीएफ से मिले गुप्त इनपुट के आधार पर दुमका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित मकान में छापेमारी की।

पुलिस ने मौके से हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली लेथ मशीन और पूरा संयंत्र बरामद कर मकान को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व कोलकाता एसटीएफ ने हथियार तस्करी के एक मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया था।

कड़ाई से पूछताछ के दौरान तस्करों ने हंसडीहा में अवैध पिस्टल और देसी कट्टा बनाए जाने के ठिकाने का खुलासा किया। इसके बाद कोलकाता एसटीएफ ने तुरंत इसकी सूचना झारखंड पुलिस से साझा की। सूचना को गंभीरता से लेते हुए दुमका पुलिस ने रामगढ़ मोड़ स्थित संबंधित मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की, जहां हथियार निर्माण का पूरा सेटअप देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।

यह अवैध मिनी गन फैक्ट्री मुख्य मार्ग पर एक व्यस्त लाइन होटल के ठीक बगल में चलाई जा रही थी। आरोपियों ने यह ठिकाना बेहद शातिराना अंदाज में चुना था, ताकि आम लोगों या पुलिस को किसी तरह का संदेह न हो।

घटना की सूचना मिलते ही दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार देर शाम स्वयं मौके पर पहुंचे और अवैध फैक्ट्री का बारीकी से निरीक्षण किया।

छापेमारी के दौरान हंसडीहा सर्किल इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, हंसडीहा थाना प्रभारी अजीत यादव, सरैयाहाट थाना प्रभारी अनुज कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी मनीष कुमार, जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार सहित कोलकाता एसटीएफ की टीम शामिल थी।

पुलिस ने मौके से दो स्थानीय युवकों को हिरासत में लिया है।

# नौकरी के नाम पर ठगी का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** नौकरी दिलाने के नाम पर सिक्योरिटी मनी के रूप में लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का सिमडेगा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से ठगी से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरोह ने करीब 5-6 करोड़ रुपये की ठगी की है। यह मामला बानो और कुरडेग थाना क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से जुड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर वीकेएस फाउंडेशन नामक एनजीओ के विरुद्ध नौकरी दिलाने के नाम पर सिक्योरिटी मनी लेकर ठगी करने का आरोप लगाया गया था।

बानो थाना में कांड संख्या 27/26 तथा कुरडेग थाना में कांड संख्या 36/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्रीकांत एस खोटरे के द्वारा वरीय पुलिस उपाधीक्षक रणवीर

## साक्ष्य के साथ छह चढ़े पुलिस के हत्थे

सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मदेव पासवान के संयुक्त नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया।

एसआईटी ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों कांडों में संलिप्त छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि वीकेएस फाउंडेशन के नाम पर नौकरी का झांसा देकर लोगों से सिक्योरिटी मनी ली जाती थी।

इस संस्था के माध्यम से नारी पैड सेवा एवं बाल जननी शिक्षा अभियान जैसे कार्यों के नाम पर लोगों को जोड़ा जाता था।

संस्था में अलग-अलग पद निर्धारित कर स्टेट हेड के लिए 3 लाख, डिस्ट्रिक्ट हेड के लिए 1.50 लाख, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर के लिए 60 हजार और सेंटर इंचार्ज के लिए 40 हजार रुपये की सिक्योरिटी मनी ली जाती थी। नियुक्ति के बाद भी विभिन्न मदों में राशि काटे जाने की बात जांच में सामने आई है।

वहीं एसआईटी की जांच में यह भी पता चला कि संस्था का संचालन करने वाला मुख्य आरोपित खुद को नेशनल हेड के रूप में प्रस्तुत करता था। संस्था से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता था। इसके अलावा कमीशन और प्रोत्साहन के नाम पर लोगों को व्हाट्सऐप के माध्यम से विभिन्न पैकेज तथा प्रलोभन दिए जाते थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संस्था के नाम पर प्राप्त रकम का उपयोग निजी धन अर्जन और संपत्ति खरीदने में किया जा रहा था। अब पुलिस आरोपितों की संपत्ति को चिह्नित कर उसे कुर्क करने की कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ रही है। वीकेएस फाउंडेशन के माध्यम से हुए वित्तीय लेन-देन समेत अन्य पहलुओं की भी गहन जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपितों में अशोक साय, ओम प्रकाश, कुशल केरकेट्टा, सरोज केरकेट्टा, गौरती केरकेट्टा और कुन्दन शर्मा शामिल हैं।

## झामुमो ने मनाई दुर्गा सोरेन की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** धनुषपूजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय में गुरुवार को जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के नेतृत्व में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धाओं में शामिल थे। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के साथ गरीबों, मजदूरों, वंचितों और झारखंडी अस्मिता के लिए हमेशा आवाज उठाई। उनका संघर्ष और योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यकर्ताओं ने कहा उनका जीवन आज भी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देता है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य श्याम यादव, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खड़े ट्रक से टकरायी कार, एक की मौत

## दो गंभीर रूप से जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** शहर के किशुनपुर मोहल्ले में गुरुवार की सुबह को दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा किशुनपुर में लखन मिस्त्री के घर के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में बोलेनो कार के जोरदार टकराने से हुआ।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेनो सवार किशुनपुर निवासी सरयू राणा के 28 वर्षीय पुत्र बसंत राणा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बसंत राणा बोलेनो कार से बधार की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक से कार अनियंत्रित होकर जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में उपेंद्र राणा और रामदेव राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए



हजारीबाग रेफर कर दिया। दोनों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सड़क किनारे खड़े ट्रक की पहचान करने के साथ ही दुर्घटना के कारणों की भी जांच कर रही है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ले और आसपास के ग्रामीणों में भी शोक का माहौल है।

ग्रामीणों ने सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सरकार के प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई है।

## बारिश से खराब सड़क पर डस्ट डलवाकर ग्रामीणों को दी राहत

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड के बलियाडांगा पंचायत अंतर्गत हरिदासपुर गांव में बारिश के कारण खराब हुई सड़क को लेकर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने पहल की। सड़क पर कीचड़ और जलजमाव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। समस्या की जानकारी मिलने के बाद उपासना मरांडी ने तत्काल सड़क पर डस्ट डलवाकर रास्ते को चलने योग्य कराया ।सड़क की खराब स्थिति से पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया और अन्य वाहनों के आवागमन में भी काफी दिक्कत हो रही थी। डस्ट डाले जाने के बाद ग्रामीणों को फिलहाल आवागमन में राहत मिली है। उपासना मरांडी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना और उनके समाधान के लिए पहल करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए आगे भी लगातार प्रयास किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों ने इस पहल के लिए उपासना मरांडी के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या की जानकारी मिलने के बाद तत्काल डस्ट डलवाए जाने से फिलहाल रास्ते पर आवागमन काफी सुगम हो गया है।

**सार-समाचार**

## अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेल सकते हैं वाशिंगटन व रेड्डी



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर से टी20 सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिससे पहले ऑफ-स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर नितिश कुमार रेड्डी को फिटनेस हासिल कर चुके हैं। ये दोनों खिलाड़ी गुरुवार को टीम के साथ जुड़ेंगे। एक सूत्र ने बुधवार को 'आईएएनएस' को बताया, 'सुंदर और रेड्डी कुछ समय पहले ही पूरी तरह फिट हो गए थे। दोनों ने बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपने फिटनेस टेस्ट और मैच सिमुलेशन पास कर लिए हैं।' उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सुंदर श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल सके थे। वहीं, रेड्डी ने आखिरी बार जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में खेला था, जिसके बाद उनके बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट बढ़ गई और वे आयरलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के दौरे पर नहीं जा पाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में फील्डिंग के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण जसप्रीत बुमराह खेल से बाहर हैं। ऐसे में उनके तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल होने के बारे में अभी कोई पक्की खबर नहीं है। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा की भागीदारी पर भी संशय बना हुआ है, जो हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। अगर इन दोनों में से कोई भी राष्ट्रीय टीम के साथ नहीं जुड़ पाता, तो तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को आखिरी समय में टीम में शामिल किया जा सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद भारतीय टीम एशियन गेम्स 2026 के लिए जापान रवाना होगी। टीम इंडिया 22 सितंबर को सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर मेजबान जापान के खिलाफ टी20 मैच खेलेगी, जिसके बाद 28 सितंबर को कोरोजी स्पोर्ट्स पार्क में एशियन गेम्स में अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने का अभियान शुरू करेगी।

## 'वह जल्द ही अपनी बेस्ट फॉर्म में लौटेंगे'

### इंटर के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद जोस मोरिन्हो ने किया विनीसियस का बचाव

नई दिल्ली। रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर को लेकर रियल मैड्रिड के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने भरोसा जताया है। मोरिन्हो का कहना है कि विनीसियस जल्द ही अपनी पुरानी फॉर्म में लौटेंगे। चैंपियंस लीग में इंटर के खिलाफ रियल मैड्रिड की 2-1 की जीत के दौरान कुछ घरेलू दर्शकों ने विनीसियस के खिलाफ हूटिंग की थी। हालांकि, मोरिन्हो का मानना है कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और जल्द ही अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आलोचकों का जवाब देंगे। बुधवार को सैंटियागो बर्नबेउ में 87वें मिनट में विनीसियस को सब्स्टीट्यूट किया गया, जिससे कुछ समर्थक उनके प्रदर्शन से



नाराज दिखे। ब्राजील का यह खिलाड़ी इंटर के मजबूत डिफेंस के सामने कुछ खास प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा। हालांकि, मोरिन्हो ने विंगर की आलोचना करने से इनकार किया और इसके बजाय टीम के लिए उनकी मेहनत की तारीफ की। मैच के बाद मोरिन्हो ने पत्रकारों से कहा, 'वह अपनी बेस्ट फॉर्म में नहीं हैं, और उन्हें यह पता है, लेकिन वह उस विनीसियस जैसा बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जो मैच का नतीजा तय करते हैं। अपनी बेस्ट फॉर्म में न होने के बावजूद वह पहले से कहीं अधिक मेहनत कर रहे हैं।'

पुर्तगाली मैनेजर ने थकान को भी एक कारण बताया जिसकी वजह से विनीसियस मैच के आखिर में डिफेंस में अपना काम ठीक से नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, 'जब वह पीछे आकर डिफेंस नहीं कर पाए, तो उसकी वजह थकान थी। मुझे इसकी बहुत कद्र है। मैं विनीसियस का बहुत सम्मान करता हूं। वह समय जरूर आएगा जब वह मैच का नतीजा तय करेंगे और हमें जीत दिलाएंगे।'

मोरिन्हो ने विनीसियस के प्रदर्शन की आलोचना का बचाव करते हुए इंटर की तकनीकी रणनीति के खिलाफ रियल मैड्रिड के अटैकर्स को हुई मुश्किलों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 'अगर वह मेहनत करते हैं, तो उन्हें हमेशा मेरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने टीम के लिए बहुत मेहनत की। ऐसी टीम के खिलाफ खेलना विंगर्स के लिए बहुत मुश्किल होता है जो पीछे तीन डिफेंडर और विंग-बैक का इस्तेमाल करती है।'

रियल मैड्रिड के बॉस का मानना ?

**जूनियर विमेंस हॉकी एशिया कपः शान से सेमीफाइनल में पहुंचीं भारत की बेटियां**

# पाकिस्तान को 19-0 से रौंदा

**मोकी (चीन)।** भारतीय टीम ने विमेंस जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 19-0 से रौंद दिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल का टिकट भी हासिल कर लिया है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने मैच की शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। टीम को पहला गोल करने में सिर्फ सात मिनट लगे, जब पूजा साहू ने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो मिनट बाद रोशनी ऐंड ने भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अटैक किया, जिससे पाकिस्तान की टीम पर दबाव बढ़ता चला गया। अगले पांच मिनट में भारत ने चार और गोल दाग दिए। तनुश्री दिनेश काडू ने 11वें मिनट में, सुखवीर कौर ने 13वें मिनट में और सानिका चंद्रकांत माने ने भी 13वें मिनट में गोल किया।



मधु सिदार और गीता यादव ने भी गोल कर टीम की बढ़त और बढ़ा दी। वहीं, सानिका माने ने 23वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके भारत की मजबूत स्थिति को और मजबूत कर दिया। भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा पूरी तरह बनाए रखा। तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल करके टीम की बढ़त को और मजबूत किया।

इसके बाद 33वें मिनट में पूर्णिमा यादव ने भी गोल दागा, जिससे भारत ने हाफ-टाइम तक 10-0 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ की शुरुआत के बाद भी भारतीय टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। 39वें मिनट में मधु सिदार ने एक और गोल किया और एक मिनट बाद सुप्रिया ने भी मैच का अपना पहला गोल दागा। इसके बाद पूजा मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 49वें और 51वें मिनट में लगातार दो गोल किए और अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने पूरे मैच में पाकिस्तान को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

कृष्णा शर्मा और बिनिमा धन ने भी गोल किए, जिससे टीम की बढ़त लगातार बढ़ती गई। सुप्रिया ने 54वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा, जबकि रोशनी ने मैच के आखिरी मिनट में गोल करके अपना दूसरा गोल पूरा किया और भारत की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। भारत की यह 19-0 की बड़ी जीत कोई हैरानी की बात नहीं थी, क्योंकि टीम ने ग्रुप चरण में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। भारत ने जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया जैसी मजबूत टीमों को हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

अब भारतीय टीम सेमीफाइनल में साउथ कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगी। मौजूदा चैंपियन भारत लगातार तीसरी बार जूनियर महिला एशिया कप का खिताब जीतने से सिर्फ दो जीत दूर है। टीम ने 2023 और 2024 में भी यह ट्रॉफी अपने नाम की थी।



**जूनियर एशिया कप हॉकी**

## अनमोल एक्का के छह गोल की मदद से भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**मोकी।** डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने बुधवार को यहां अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 15-0 से आसानी से हराकर एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की तरफ से कप्तान कप्तान अनमोल एक्का ने छह गोल किए। एक्का ने सभी गोल पेनल्टी कॉर्नर से किए। एक्का के गोलों की वजह से हीं भारत ने बिना गोल वाले शुरुआती क्वार्टर को एकतरफा मुकाबले में बदल दिया। इस जीत से भारत तीन जीत और एक ड्रॉ से 10 पॉइंट्स के साथ पूल ए में टॉप पर पहुंच गया। मैच में भारत ने गेंद पर दबदबा बनाए रखा और शुरुआती 15 मिनट में कई मौके बनाए, लेकिन चीनी ताइपे के मजबूत डिफेंस को भेद नहीं पाया। आखिरकार 17वें मिनट में




सफलता मिली जब आर्यन जेस ने पहला गोल किया, और एक मिनट बाद प्रभदीप सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी। 22वें मिनट में गुरसेवक सिंह ने स्कोर 3-0 कर दिया, जिसके तीन मिनट बाद एक्का ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदला। अर्जुन संतोष हरगुडे ने 28वें मिनट में एक और गोल किया, और कुछ ही देर बाद एक्का ने फिर गोल किया, जिससे भारत हाफ-टाइम में 6-0 की बढ़त के साथ गया।

तीसरा क्वार्टर पूरी तरह से भारत के नाम रहा। एक्का ने अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए दो शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदले और फिर एक और गोल करके अपनी संख्या चार कर ली। अजीत यादव ने भी 35वें मिनट में गोल किया, जिसके बाद एक्का ने 45वें मिनट में फिर से गोल करके अपना स्कोर पांच कर दिया और भारत को डबल फिगर में पहुंचा दिया।

आखिरी क्वार्टर में हरपाल ने 48वें मिनट में गोल किया, जिसके तीन मिनट बाद एक्का ने एक और सफल पेनल्टी कॉर्नर के साथ अपना शानदार छह गोल का आंकड़ा पूरा किया। हरपाल ने इसके तुरंत बाद अपना दूसरा गोल किया, जबकि आर्यन जेस ने मैच का अपना दूसरा गोल करके भारत को 15-0 से जीत दिलाई।

**एशियन गेम्स 2026**

# जेमिमा की जगह प्रतिका हुई भारतीय टीम में शामिल



नई दिल्ली। जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज प्रतिका रावल को चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स की जगह शामिल किया गया है। जेमिमा, जो भारत के मिडिल ऑर्डर की अहम खिलाड़ी हैं अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रही हैं। उन्हें यह चोट पिछले महीने की शुरुआत में 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में 'सदर्न ब्रेव' के लिए खेलते हुए लगी थी। इस चोट के कारण जेमिमा दुबई में चल रहे महिला एशिया कप 2026 से भी बाहर हो गई थीं। जब एशिया कप टीम में जेमिमा की जगह प्रतिका को शामिल करने की घोषणा की गई थी, तब उसके बाद होने वाले एशियन गेम्स के लिए उनकी जगह लेने वाली खिलाड़ी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बुधवार को 'आईएएनएस' को बताया, 'प्रतिका एशियन गेम्स 2026 में जेमिमा रोड्रिग्स की जगह जापान जाएंगी। एशियन गेम्स के लिए सौंपी गई 15 सदस्यीय टीम में उनका नाम शामिल है।'

प्रतिका ने दुबई में चल रहे एशिया कप में अपना टी20 इंटरनेशल डेब्यू किया और भारतीय टीम मैनेजमेंट ने उन्हें नंबर तीन पोजीशन पर खेलने के लिए चुना। टूर्नामेंट के लीग स्टेज में प्रतिका ने 22, 10 और 4 रन बनाए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टी20 इंटरनेशनल टीम में उन्हें अचानक तब बुलाया गया जब वह इंग्लैंड में 'वन डे कप' में 'वार्विकशायर' के लिए खेलने की तैयारी कर रही थीं। हाल ही में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू करने से पहले प्रतिका ने नवंबर 2024 के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी टी20 मैच नहीं खेला था, महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी। इस चोट की वजह से उन्हें लंबे समय तक मैदान से बाहर रहना पड़ा और वह काफी समय तक क्रिकेट नहीं खेल सकीं।

उस चोट के कारण प्रतिका महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का 2026 एडिशन भी नहीं खेल पाईं। उन्हें पिछले साल नई दिल्ली में हुए प्लेयर ऑक्शन में यूपी वॉरियर्स ने 50 लाख रुपये में खरीदा था। भारतीय टीम मैनेजमेंट को उम्मीद होगी कि रावल मिडिल ऑर्डर में जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगी, क्योंकि गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होना है। एशियन गेम्स 2026 में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी।

**एशियन गेम्स के लिए भारत की टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, प्रतिका रावल, भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कामलिनी (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, राधा यादव, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह, एन. श्री चरणी और नंदिनी शर्मा।

# वनडे रिकॉर्डः डेब्यू मैच में हरमन ने जड़े 150 रन

**हमवतन खिलाड़ी के 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' की बराबरी**

**विंडहोक।** साउथ अफ्रीका के 24 वर्षीय बल्लेबाज जॉर्डन हरमन वनडे डेब्यू मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में संयुक्त रूप से 'नंबर-1' बन गए हैं। बाएं हाथ के सलामी



बल्लेबाज ने बुधवार को नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ 126 गेंदों में 3 छक्कों और 17 चौकों के साथ 150 रन जड़े। इसी के साथ हरमन ने हमवतन मैथ्यू ब्रीत्जके के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिन्होंने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के विरुद्ध वनडे फॉर्मेट में डेब्यू करते हुए 148 गेंदों में 16 बाउंड्री के साथ 150 रन की पारी खेली थी। पुरुषों की इस लिस्ट में वेस्टइंडीज के डेसमंड हेन्स (148 बनाम ऑस्ट्रेलिया) तीसरे और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज (127 बनाम आयरलैंड) चौथे स्थान पर हैं। भारत की तरफ से केएल राहुल डेब्यू वनडे मैच में शतक लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने महज 27 के स्कोर पर कॉनर एस्टरहुइजेन (10) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद हरमन ने टोनी डी जोरजी के साथ दूसरे विकेट के लिए 166 गेंदों में 190 रन जोड़कर टीम को दोहरे शतक के पार पहुंचा दिया।

जोरजी 84 गेंदों में 8 बाउंड्री के साथ 72 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हरमन ने देवाल्ड ब्रेविस (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रन जुटाए। टीम को हरमन के रूप में 275 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा, जिसके बाद 292 रन तक 5 विकेट गिर गए।

इसके बाद कॉर्बिन बॉश (नाबाद 39) ने जेसन स्मिथ (15) के साथ छठे विकेट के लिए 32 गेंदों में 41 रन जुटाकर टीम को तिहरे शतक के पार पहुंचाया। नामीबिया की तरफ से रूबेन ट्रम्पेलमैन ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले, जबकि जेजे स्मिट और गेरहार्ड इरास्मस को 1-1 विकेट हाथ लगा।

दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज के तीन मुकाबले 9, 11 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे। साउथ अफ्रीका सीरीज का पहला मैच जीतकर बढ़त हासिल करना चाहेगा।

# 35 महीने से वनडे क्रिकेट की 'बेताज बादशाह' टीम इंडिया, टी20 में भी हुकूमत कायम



**नई दिल्ली।** वनडे क्रिकेट में भारत का वर्चस्व लगातार कायम है। 50 ओवर के फॉर्मेट में पिछले 35 महीनों से दुनिया की बड़ी से बड़ी टीम भी भारत से नंबर एक का ताज नहीं छिन सकी है। सिर्फ वनडे ही नहीं, बल्कि क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट यानी टी20 में भी भारत का दबदबा लगातार बना हुआ है। वनडे क्रिकेट में भारतरीय टीम की बादशाहत सितंबर 2023 से कायम है। भारत ने पाकिस्तान से नंबर एक की कुर्सी छीनी थी और उसके बाद से किसी भी टीम को इस पोजीशन के आसपास तक नहीं भटकने दिया है। भारतीय टीम के अभी कुल 116 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। भारत के बाद फिलहाल आईसीसी की ताजा रैंकिंग में न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर है, जिसके कुल रेटिंग प्वाइंट 109 हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 102 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। 2023 से लेकर अब तक 50 ओवर के फॉर्मेट में भारतीय टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। 2023 में टीम इंडिया ने कुल 35 वनडे मैच खेले और इस दौरान 27 मुकाबलों में जीत हासिल की, जबकि महज 7 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। साल 2024 में भारतीय टीम ने सिर्फ 3 ही वनडे मुकाबले खेले। इस दौरान टीम को 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा, तो एक मुकाबला टाई रहा।

टीम इंडिया के लिए साल 2025 वनडे फॉर्मेट में बेमिसाल रहा। साल की शुरुआत में ही भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब पर कब्जा जमाते हुए अपनी बादशाहत साबित की। 2025 में भारत ने कुल मिलाकर 14 वनडे मुकाबले खेले और टीम को 11 में जीत नसीब हुई। वहीं, सिर्फ 3 ही मैचों में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारत का जीत प्रतिशत 78.57 का रहा। साल के आखिरी में बीसीसीआई ने रोहित शर्मा के हाथों से वनडे टीम की कमान लेकर शुभमन गिल के हाथों में सौंपी। गिल की कप्तानी में भले ही टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया की धरती पर वनडे सीरीज में हार मिली, पर टीम का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा।

साल 2026 में भारत ने अभी तक कुल 9 वनडे मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को 5 में जीत, जबकि 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इस दौरान भारत को इंग्लैंड की सरजमीं पर वनडे सीरीज गंवानी पड़ी। हालांकि, नए-नवेले कप्तान गिल की अगुवाई में भारत ने इस फॉर्मेट में हर बड़ी टीम को कड़ी टक्कर जरूर दी है।

टी20 में भी भारत का दबदबा लगातार कायम रखा है। भारतीय टीम फरवरी 2022 से क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में जुलाई 2026 तक नंबर वन रही। इसके बाद इंग्लैंड के हाथों पांच मैचों की टी20 सीरीज 0-4 से गंवाने के बाद टीम की 1600 दिनों से चली आ रही बादशाहत कुछ दिनों के लिए इंग्लिश टीम ने खत्म की। हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में बड़ी जीत के साथ ही भारत ने एक बार फिर टी20 के किंग का ताज पहन लिया।

टी20 फॉर्मेट में नंबर वन रहते हुए भारत ने लगातार दो बार टी20 विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया। 2024 में रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में टीम को चैंपियन बनाया, तो 2026 में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया वर्ल्ड चैंपियन बनी। भारत पहला ऐसा देश बना, जिसने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया और अपने ही घर में टी20 वर्ल्ड कप जीता।

## संक्षिप्त समाचार

### कल से तीन दिन बैंक बंद, राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक से जुड़े जरूरी काम करने वाले ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। 11 सितंबर को देशभर के राष्ट्रीयकृत बैंकों में कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर यह हड़ताल लंबित मांगों के समाधान और पूर्व में हुए समझौतों को लागू नहीं किए जाने के विरोध में की जा रही है। 11 सितंबर को हड़ताल के बाद 12 सितंबर शनिवार और 13 सितंबर रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। ऐसे में राष्ट्रीयकृत बैंकों में लगातार तीन दिनों तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। ग्राहकों को नकद निकासी, जमा, चेक सहित शाखा से जुड़े जरूरी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहने की उम्मीद है। बैंक से संबंधित जरूरी काम है तो ग्राहक आज ही निपटा लें।

### जेबर दुकान में चोरी, दो किलो चांदी ले उड़े चोर

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मुरहू प्रखंड स्थित चर्च रोड में अवस्थित धनेश्वर सोनार दुकान में बुधवार की रात वेंटिलेटर तोड़कर चोरों ने डेढ़ से दो किलो चांदी के गहने चुरा लिए। आयरन तिजोरी नहीं तोड़ पाने के कारण अंदर रखे गहने नहीं ले जा सके। सुबह दुकानदार मोहन सोनार ने पुलिस को खबर दी। पुलिस छानबीन में जुट गई है। पिछले दिन भी एक कपड़े दुकान में चोरी हुई थी। ऐसी घटनाओं से दुकानदार सकते में हैं।

### पीएलएफआई की खूंटी में दस्तक, दास पेट्रोल पंप पर फायरिंग, 10लाख डिमांड

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगत सिंह चौक पर दास पेट्रोल पंप पर बुधवार को रात करीब साढ़े नौ बजे चेहरा ढंककर दो अपराधी बाइक पर सवार होकर आए, फायरिंग की, पीएलएफआई के पर्चे दिए तथा पंप मालिक सह ठिकेदार अमित साहू को संगठन के सहयोग के लिए 10लाख की मांग कर तोरपा रोड से निकल गये। नहीं देने पर अंजान भुगतने की धमकी दी।अमित साहू पेट्रोल पंप पर नहीं थे। डिमांड और धमकी से भय व्याप्त हो गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से छानबीन कर रही है।

### तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, युवक की मौत; तीन गंभीर

**चतरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के किशुनपुर में बुधवार देर रात करीब 11:30 बजे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक में घुसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 28 वर्षीय बसंत राणा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक किशुनपुर निवासी सरयू राणा का पुत्र था। कार में सवार उपेन्द्र, रामदेव और गुड्डू राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### एनपीयू में बड़ा प्रशासनिक बदलावः डॉ. मृत्युंजय कुमार बने प्रभारी रजिस्ट्रार

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर के पद पर कार्यरत डॉ. मृत्युंजय कुमार को तत्काल प्रभाव से प्रभारी रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से 9 सितंबर 2026 को अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार, उच्च शिक्षा निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के 9 सितंबर के पत्र के अनुपालन में डॉ. मृत्युंजय कुमार को नियमित नियुक्ति होने अथवा अगले आदेश तक, जो पहले हो, रजिस्ट्रार के नियमित कार्यों के लिए प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं, विश्वविद्यालय के वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ. नफीस अहमद को तत्काल प्रभाव से रजिस्ट्रार के पद से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें प्रभारी रजिस्ट्रार डॉ. मृत्युंजय कुमार को पद का प्रभार सौंपने का निर्देश दिया गया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि डॉ. नफीस अहमद को रजिस्ट्रार पद की सेवा से मुक्त करने का निर्णय सिंडिकेट के पश्चात अनुमोदन की प्रत्याशा में लिया गया है और यह प्रभाव 9 सितंबर 2026 से लागू होगा। डॉ. मृत्युंजय कुमार के प्रभारी रजिस्ट्रार बनने के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कामकाज में उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। अधिसूचना की प्रतिलिपि राज्यपाल सचिवालय, उच्च शिक्षा विभाग, झारखंड लोक सेवा आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समेत विश्वविद्यालय के सभी संबंधित अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं संबद्ध महाविद्यालयों को भेजी गई है।

### सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिजनों ने बाइक से जानबूझकर टक्कर मारने का लगाया आरोप

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव में बुधवार रात करीब आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय धर्मेंद्र साव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कंडा गांव निवासी स्वर्गीय नागेश्वर साव के पुत्र धर्मेंद्र साव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, धर्मेंद्र साव बुधवार शाम कंडा स्थित अपने पुराने घर गए थे। रात में नए घर लौटने के दौरान गांव की सड़क पर यह हादसा हुआ। हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें किसी व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से जानबूझकर टक्कर मारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### रांची में 459 पुलिसकर्मियों का तबादला

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी रांची के पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर तबादला किया गया है। एसएसपी राकेश रंजन के आदेश पर लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित जिला बल के 459 पुलिसकर्मियों को अलग-अलग थाना, पिकेट, टीओपी और ओपी में भेजा गया है। तबादला होने वालों में 261 पुरुष आरक्षी, 68 महिला आरक्षी और 126 हवलदार शामिल हैं। सभी को नई जिम्मेदारी के तहत नए स्थान पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

# 10 साल से अस्थायी नौकरी कर रहे एम्बुलेंस चालकों और नाइट वॉचमैन के नियमितीकरण का हाईकोर्ट ने दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डेस्कः झारखंड।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को लोहरदगा सदर अस्पताल में पिछले 10 साल से अस्थायी नौकरी करने वाले एम्बुलेंस चालक और नाइट वॉचमैन की रिट याचिका पर सुनवाई की गई. न्यायमूर्ति दीपक रोशन की पीठ ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए संबंधित प्राधिकार को 12 सप्ताह के भीतर नियमितीकरण पर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया. कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग एजेंसी के अधीन काम करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा.

**आउटसोर्सिंग के खिलाफ पहुंचे थे हाईकोर्ट**

मामला उन कर्मचारियों से जुड़ा था जो लंबे समय से सदर अस्पताल, लोहरदगा में एम्बुलेंस चालक और नाइट वॉचमैन के रूप में कार्यरत हैं. याचिकाकताओं का कहना था कि करीब एक दशक तक लगातार सेवा देने के बावजूद उन्हें उनके मौजूदा कार्य से हटाकर आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से काम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी. कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध आउटसोर्सिंग एजेंसी के अधीन काम करने के लिए बाध्य किया जा रहा था.

**याचिका में क्या थी मुख्य मांग**

याचिकाकताओं ने हाईकोर्ट से आग्रह किया था कि उनकी लंबी और निरंतर सेवा अवधि को देखते हुए नियमितीकरण पर विचार किया जाए. साथ ही यह भी मांग की गई कि उन्हें आउटसोर्सिंग एजेंसी के अधीन काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जाए. उनका कहना था कि वर्षों से अस्पताल में सेवा देने के बाद भी उनकी स्थिति अस्थायी बनी हुई थी.

**हाईकोर्ट ने पहले दिया था अंतरिम संरक्षण**

मामले की शुरूआती सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कर्मचारियों को अंतरिम राहत भी दी थी. अदालत ने संबंधित विभाग और प्राधिकार को निर्देश दिया था कि याचिकाकताओं को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से काम करने के लिए बाध्य नहीं किया जाए. इस अंतरिम आदेश के कारण कर्मचारियों को तत्काल राहत मिली और बाद में मामले की विस्तृत सुनवाई हुई.

**सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला**

सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति दीपक रोशन की पीठ ने रिट याचिका स्वीकार कर ली. अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकताओं के नियमितीकरण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई 12 सप्ताह के भीतर पूरी की जाए. यह आदेश संबंधित प्राधिकार को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने की जिम्मेदारी देता है.

# नौकरी दिलाने के नाम पर 900 लोगों से करोड़ों की ठगी, सरगना समेत छह गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा।** नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 900 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है।

पुलिस ने ठगी के सरगना समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अशोक साय, ओम प्रकाश, एनिस केरकेट्टा, सरोज केरकेट्टा, गौरती केरकेट्टा और कुन्दन शर्मा शामिल हैं।

एसपी श्रीकांत एस. खोटरे ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर बड़ी संख्या में लोगों से रकम वसूली थी। ठगी के शिकार लोगों की राशि वापस कराने के लिए पुलिस आरोपियों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई करेगी। मामले में पुलिस आगे भी जांच कर रही है।

## मायल बोतल मोड़ पर चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त, छह यात्री बाल-बाल बचे

**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चितरपुर-रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर मायल बोतल मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा।

वाहन में सवार बिहार के पटना निवासी छह श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। हादसे में सभी यात्री बाल-बाल बच गए, हालांकि कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार वाहन संख्या बीआर 01 जे 2471 में छह लोग सवार थे।

रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंचने के दौरान तेज गति के कारण चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे वाहन सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना स्थानीय रजरप्पा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रजरप्पा पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना का जायजा लिया। घायल यात्रियों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की तेज गति के कारण चालक का संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर तक लोगों की भीड़ जमा रही। करीब 11 बजे जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को खाई से निकालकर सड़क पर लाया गया। सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

## लेखन शैली से ही प्रेमचंद के संदेश प्रभावकारी हुएं : डॉ. शाहनवाज खान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज में बहुविषयक शोध विमर्श की साप्ताहिक श्रृंखला प्रमा की आठवीं कड़ी के तहत उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज खान ने प्रेमचंद की लेखन शैली विषय पर शोध प्रस्तुति दी। उन्होंने स्मार्ट बोर्ड पर पीपीटी के माध्यम से अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर रामगढ़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिमल कुमार मिश्रा द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर सह उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि प्रेमचंद की प्रासंगिक रचनाएं अपने परिवेश में उपस्थित जनसाधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और समस्याओं का बखूबी चित्रण करती हैं। प्रेमचंद के संदेश आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। आज मशीनीकरण के दौर में लोग दूसरों को तो छोड़िए, अपने माता-पिता और घर-परिवार के सदस्यों तक से प्रेम नहीं करते। इसका जीवंत उदाहरण यह है कि लोग वृद्ध माता-पिता की सेवा करने के बजाय उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में प्रेमचंद की कहानी ईदगाह से सबक लेने की जरूरत है। नन्हे हामिद द्वारा अपनी दादी अमीना के लिए चिमटा खरीदने की घटना कोई सामान्य प्रसंग नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से कुबार्नी, सब्र और मुहब्बत का संदेश मिलता है। डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि प्रेमचंद उर्दू और हिंदी दोनों साहित्य के महत्वपूर्ण साहित्यकार थे। उन्हें उर्दू के शुरूआती अफसाना निगारों में शुमार किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद की लेखन शैली ने ही उनके संदेशों को प्रभावकारी बनाया। प्रेमचंद ने जिन विषयों को चुना, जिन परिस्थितियों का चित्रण किया और जिन संदेशों को अपनी रचनाओं के माध्यम से दिया, वे अन्य कहानीकारों के विषय, चित्रण और संदेश से पूरी तरह अलग नहीं थे।

अंतर केवल उनकी लेखन शैली का था। उन्होंने कहा कि विषय और संदेश के साथ प्रभावकारी लेखन शैली के कारण ही प्रेमचंद सफल साहित्यकारों में अग्रणी रहे।

### असीम मंडल के संगठन को बड़ा झटका, दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड-बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है। 15 लाख रुपये के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य रामप्रसाद मार्डी उर्फ सचिन और 10 लाख रुपये की इनामी नक्सली मीता उर्फ नयनतारा ने गुरुवार को कोलकाता पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों नक्सली असीम मंडल उर्फ आकाश के दस्ते से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, असीम मंडल और उसके छह वांछित साथियों के पोस्टर हाल में झारखंड पुलिस ने दलमा और सीमावर्ती क्षेत्रों में लगाए थे।

इसके बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज किया था। आत्मसमर्पण को इसी अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। बंगाल पुलिस जल्द ही इस हाई-प्रोफाइल सरेंडर की आधिकारिक घोषणा कर सकती है।

## हिंदी साहित्य के युगपुरुष भारतेंदु हरिश्चंद्र की 176वीं जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खूंटी।** पूर्वी भारत साहित्य परिषद के बैनर तले बुधवार को भगतसिंह चौक पर देर शाम हिंदी साहित्य के आधुनिक युग के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र की 176वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में भारतेंदु हरिश्चंद्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। पूर्वी भारत साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र का जन्म 9 सितंबर 1850 को वाराणसी में हुआ था। उन्हें आधुनिक हिंदी साहित्य का ह्लभारतेंदुह्ल कहा जाता है।

उन्होंने कविता, नाटक, निबंध और पत्रकारिता के माध्यम से हिंदी भाषा को नई दिशा और पहचान दिलाई। मुरहू के साहित्य प्रेमी समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र एक महान साहित्यकार थे।उनकी प्रमुख रचनाओं में ह्लअंधेर नगरीह्ल, ह्लभारत दुर्दशाह्ल और ह्लसत्य हरिश्चंद्रह्ल शामिल हैं। साहित्य के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय भावना और हिंदी पत्रकारिता को भी मजबूत किया।

अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र का हिंदी साहित्य के विकास में अभूतपूर्व योगदान आज भी प्रेरणास्रोत बना हुआ है। युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य भारत के इतिहास में अमर रहेंगे।

पूर्व शिक्षक सुधांशु कुमार दत्ता,अनुप राय, तुलसी प्रजापति, जितेन्द्र पांडे सहित अन्य ने भी भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य में योगदान की चर्चा की।

## गिद्दी पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

### राहुल दुबे गिरोह से जुड़े होने का दावा



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिद्दी पुलिस ने कोयला कारोबारियों से लेवी एवं रंगदारी वसूली के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लेवी के 40 हजार रुपये, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।गिद्दी थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से गिद्दी क्षेत्र में आकर कोयला कारोबारियों से लेवी एवं रंगदारी वसूलने वाले हैं। सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी ने सनहा दर्ज किया और तत्काल छापामारी टीम का गठन किया। गठित टीम गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए रवाना हुई। इसी दौरान गुप्तचर से सूचना मिली कि आरोपी रंगदारी एवं लेवी की राशि वसूल कर बुंडू-बसरिया होते हुए रामगढ़ की ओर भाग रहे हैं। इसके बाद छापामारी टीम ने आरोपियों का पीछा किया। टोंगी-गिद्दी मुख्य मार्ग के समीप पुलिस ने मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया। पुलिस के अनुसार पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल सवार दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस ने दोनों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लेवी की राशि, दो मोबाइल फोन एवं पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई। इस मामले में गिद्दी थाना कांड संख्या 30/26, दिनांक 10 सितंबर 2026 को धारा 111(2)(बी), 111(3), 308(3) एवं 308(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मन्नु कुमार साव (19 वर्ष), पिता प्रमोद साव, सौदागर मोहल्ला, रामगढ़ कैंट, थाना एवं जिला रामगढ़ तथा अविनाश कुमार (18 वर्ष), पिता राजेश साव, कोरीटोला, मुंडा टोली, थाना एवं जिला रामगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के 80 नोट, कुल 40 हजार रुपये, एक सफेद रंग का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक नीले रंग का एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 24 एम-6620 बरामद की है।छापामारी टीम में गिद्दी थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन, दामुराम बोयपाई, चंदन उरांव, सुनील कुमार, ओम प्रकाश कुमार महतो, राजेंद्र कुमार एवं अनिल कुमार सिंह शामिल थे।

### खेत से 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी खपराटोली के समीप खेत से गुरुवार को करीब 45 वर्षीय विश्वनाथ उरांव का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतक पिठवर टोली का निवासी था।

ग्रामीणों के अनुसार, विश्वनाथ को बुधवार को एक बोरा धान बेचने के लिए ले जाते देखा गया था। उस समय वह नशे में था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। गुरुवार को खेत में उसका शव पड़ा मिला।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद होगी : विनोद किस्कू

**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़ अंचल क्षेत्र के कुंदरूकलां पंचायत स्थित महथा बगीचा मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूनार्मेंट के चौथे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ झामुमो के जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू एवं विशिष्ट अतिथि जिला प्रवक्ता संतोष कुमार तथा जिला महिला मोर्चा सचिव गीता देवी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बिनोद किस्कू ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा फुटबॉल को किक मारकर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए वह हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है।फुटबॉल टूनार्मेंट के एक मुकाबले में प्रीतम इलेवन ओरमांझी और रामगढ़ सेम इलेवन की टीमें आमने-सामने हुईं। निर्धारित समय में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच का रोमांच पेनाल्टी शूटआउट तक पहुंचा, जिसमें प्रीतम इलेवन ओरमांझी ने 3 गोल से जीत दर्ज की।

वहीं प्रथम पाली का मुकाबला लॉकडाउन गिद्दी एवं रांची ब्रदर्स के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैदान में मौजूद दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। अतिथियों को बुके प्रदान करने के साथ ही माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया।मौके पर फुटबॉल आयोजन समिति के खेल व्यवस्थापक रामू महतो, अध्यक्ष खेमन महतो आदि थे।

### खदान में मिला 60 वर्षीय महिला का कंकाल पहचान अब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड के बाघमारा पंचायत अंतर्गत हरिहरिटांड़-टेका खुटु जंगल स्थित एक खदान से गुरुवार को महिला का कंकाल बरामद हुआ।

ग्रामीणों की सूचना पर बलियापुर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कंकाल को कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया कंकाल करीब 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिला का है। इसके लगभग दो महीने पुराना होने की आशंका जताई गई है। कंकाल के पास से साड़ी भी बरामद हुई है।

फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस मामले की जांच और पहचान कराने में जुटी है।

## एसपी ने विश्रामपुर थाने का किया निरीक्षण

### लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विश्रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, पलामू ने विश्रामपुर थाना का विस्तृत निरीक्षण कर थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों के अनुसंधान, वारंट-कुर्की के निष्पादन, पासपोर्ट सत्यापन, अभिलेखों के संधारण तथा थाना परिसर की व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने गंभीर एवं लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाते हुए सभी कांडों का नियमानुसार और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अनुसंधान में अनावश्यक विलंब नहीं करने, साक्ष्यों के आधार पर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर समय पर आरोप-पत्र समर्पित करने पर विशेष जोर दिया। लंबित वारंट एवं कुर्की की समीक्षा करते हुए फरार व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा न्यायालय से निर्गत वारंट-कुर्की का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नियमित वाहन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर निगरानी तथा रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने को कहा गया। बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों, बाजार एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्ती और निगरानी रखने का निर्देश भी दिया।

एसपी ने थाना पहुंचने वाले आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास अपराध नियंत्रण की महत्वपूर्ण कड़ी है।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा पुलिसकर्मियों को पूरी ईमानदारी, अनुशासन और तत्परता से कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

एसपी ने स्पष्ट किया कि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई और आम जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे के बाद बीच सड़क पर हंगामा, पुलिसकर्मी से मारपीट का आरोप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद गुरुवार को बीच सड़क पर जमकर हंगामा हुआ। हादसे में बाइक सवार एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ महिला के परिजनों के उलझने और एक युवक द्वारा कथित तौर पर पुलिसकर्मी से मारपीट करने की बात सामने आई है।

बताया जा रहा है कि महिला बाइक से जा रही थी। इसी दौरान वह अचानक सड़क पर गिर गई। तभी दूसरी ओर से आ रहे एक वाहन ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और स्थिति संभालने का प्रयास किया।इसी दौरान घायल महिला के परिजन पुलिस से उलझ गए। देखते ही देखते सड़क पर हंगामा शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय वार्ड पार्षद भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घायल महिला को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल भेजा गया। महिला झरिया की रहने वाली बताई जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों के साथ-साथ पुलिसकर्मी के साथ कथित मारपीट की घटना की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बेटियों ने ली बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड मे स्थित मध्य विद्यालय मुरहुलसुदी में गुरुवार को बाल विवाह मुक्त भारत एवं बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। सहयोगिनी,और जस्ट राइट्स के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने एकजुट होकर




कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण कपरदार ने कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा माध्यम है, जिससे बाल विवाह और बाल श्रम जैसी बुराइयों पर अंकुश लगाया जा सकता है। शिक्षकों ने जोर देकर कहा कि 18 वर्ष से कम आयु में विवाह करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वास्थ्य को भी खतरे में डालता है। अभियान का मुख्य ध्येय ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों को जागरूक करना है, ताकि वे बेटियों की समय से पहले शादी करने के बजाय उन्हें उच्च शिक्षा दिलाएं और उनके सपनों को उड़ान दें। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक विजय दास, वीरेंद्र सिंह मुंडा, नकुल मुंडा, आशुतोष कुमार, संदीप कुमार महतो छात्रा तन्वी कुमारी, मोनू कुमारी, करिश्मा खातून प्रतिमा कुमारी, शोभा कुमारी,प्रिया कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य छात्राएं मौजूद थी।

# बीजीएच में आईएसओ गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का री-सर्टिफिकेशन ऑडिट संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ (एमएंडएचएस) विभाग में आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का री-सर्टिफिकेशन ऑडिट बाह्य लेखापरीक्षक संस्था मेसर्स टीयूवी के ऑडिटर्स द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। तीन दिवसीय ऑडिट के दौरान विभाग द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, नैदानिक प्रक्रियाओं तथा अस्पताल प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और गुणवत्ता मानकों की विस्तृत समीक्षा की गई। ऑडिट के समापन के पश्चात बाह्य लेखापरीक्षक दल ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग के आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन को आगामी तीन वर्षों के लिए नवीनीकृत करने की संस्तुति प्रदान की।उल्लेखनीय है कि ऑडिट की औपचारिक शुरूआत बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में आयोजित उद्घाटन



बैठक के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) ने की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा तीन दिवसीय ऑडिट की रूपरेखा और प्रक्रिया की जानकारी दी। टीयूवी के लीड ऑडिटर ने ऑडिट की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में चिकित्सा विशेषज्ञों, एमएंडएचएस विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों तथा बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिकारियों की सहभागिता रही।

तीन दिनों तक चले ऑडिट के दौरान विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं, संबंधित प्रक्रियाओं, दस्तावेजीकरण तथा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अनुपालन का मूल्यांकन किया गया। 09 सितंबर 2026 को आयोजित समापन बैठक में बाह्य लेखापरीक्षक दल ने ऑडिट के निष्कर्षों के साथ-साथ सुधार के संभावित अवसरों से संबंधित बिंदुओं को साझा किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) ने ऑडिट दल को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के ऑडिट संगठन की प्रणालियों और प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने ऑडिट के दौरान चिन्हित सुधार के बिंदुओं पर प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उनके क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। ऑडिट प्रक्रिया को सुचारु एवं सफल बनाने में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की टीम का सक्रिय योगदान रहा। वहीं, ऑडिट के सफल आयोजन एवं समन्वय का कार्य महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) तथा सहायक महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) के नेतृत्व में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा किया गया। आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन का आगामी तीन वर्षों के लिए नवीनीकरण बोकारो इस्पात संयंत्र की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के प्रभावी अनुपालन, रोगी-केंद्रित देखभाल, प्रक्रियागत उत्कृष्टता तथा सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल आज, झारखंड में भी प्रभावित होंगी बैंकिंग सेवाएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर देशभर के राष्ट्रकृत बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। झारखंड में भी विभिन्न प्रमुख बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी इस हड़ताल में शामिल होंगे। इसके चलते राज्य में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। यूएफबीयू का कहना है कि कर्मचारियों और अधिकारियों की कई लंबित मांगों का अब तक समाधान नहीं किया गया है।

बैंक यूनियनों ने कहा है कि कर्मचारियों और अधिकारियों की जायज मांगों का समाधान तथा पूर्व समझौतों का पूर्ण क्रियान्वयन होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।हड़ताल के कारण बैंक शाखाओं में सामान्य कामकाज प्रभावित हो सकता है।

## ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, 6 बैटरी समेत अन्य सामान बरामद

**तेनुघाट/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जोगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की छह एक्साइड बैटरी, पल्सर बाइक, दो स्मार्टफोन और एक हेक्सा ब्लेड बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, 8-9 सितंबर की रात तिलैया और डाकासाडीह गांव में अज्ञात चोरों ने पांच ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी कर ली थी। मामले में जोगेश्वर बिहार थाना कांड संख्या 17/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने ग्रामीणों



के सहयोग से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ और उनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बैटरी बरामद की गईं। आरोपियों के पास से एक अतिरिक्त बैटरी भी मिली, जिससे कुल छह बैटरी बरामद हुई हैं।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय सक्षम कुमार, निवासी विष्णुगढ़, हजारीबाग और 18 वर्षीय अमन कुमार रजक, निवासी मांडू, रामगढ़, वर्तमान पता विष्णुगढ़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।छापामारी दल में थाना प्रभारी प्रकाश यादव, पीएसआई सुरेश पाहन, एसआई राकेश बंडी, एसआई परवेज अशरफ सहित जैप के जवान शामिल थे।

## पेटरवार में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, 200 मरीजों की हुई जांच

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुंडू पंचायत स्थित मेला टांड़ में गुरुवार को वीना परिषद ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति, पेटरवार मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में रांची के एएसजी अस्पताल से पहुंचे चिकित्सकों की टीम ने करीब 200 ग्रामीणों की आंखों की



जांच की। इस दौरान ग्रामीणों को आंखों की देखभाल और नेत्र संबंधी समस्याओं को लेकर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दी गई। ट्रस्ट के सचिव भोला प्रसाद ने बताया कि वीणा परिषद ट्रस्ट के गठन के बाद यह पहला नेत्र जांच शिविर है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाजहित में कार्य करना है और भविष्य में भी ग्रामीणों के सहयोग के लिए इस तरह के स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति और पेटरवार मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता ने शिविर को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को काफी लाभ मिलता है। शिविर को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष भोला प्रसाद, कार्यकारिणी अध्यक्ष दीपक कुमार तांती, सचिव देव रंजन कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार जायसवाल, संरक्षक दिनेश कुमार गुप्ता, अजित प्रसाद, चंद्रमोहन प्रसाद, समाजसेवी रितेश कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर नेत्र जांच कराई।

## जेपीएससी-सीजीएल धांधली के खिलाफ धनबाद में भाजपा का प्रदर्शन, सरकार पर बरसे नेता



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेपीएससी, सीजीएल और उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित धांधली और भ्रष्टाचार के विरोध में गुरुवार को भाजपा ने धनबाद समाहरणालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने और आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता नहीं होने के कारण राज्य के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर सरकारी नौकरियों तक में कथित भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भर्ती के नाम पर साढ़े 10 हजार करोड़ रुपये की वसूली की गई है। शाही ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा। वहीं, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने सरकारी नौकरियों की सीटें लाखों रुपये में बेचे जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीआईडी के बजाय सीबीआई जांच जरूरी है। सांसद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं करती है, तो भाजपा इस मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि युवाओं के अधिकार, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। नेताओं ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को सड़क से अदालत तक ले जाया जाएगा।

## नौकरी की मांग को लेकर रैयतों ने ओएनजीसी प्लांट का गेट जाम किया, गैस उत्पादन ठप होने का खतरा

**गोमिया (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया स्थित ओएनजीसी के खुद्दड्डा सीबीएम गैस कलेक्टिंग स्टेशन पर गुरुवार सुबह से नौकरी की मांग को लेकर स्थानीय रैयतों का आंदोलन जारी है। पूर्व निर्धारित सूचना के तहत रैयतों ने सुबह करीब पांच बजे प्लांट के मुख्य गेट को जाम कर दिया। गेट जाम होने से प्लांट के भीतर कर्मचारियों की शिफ्ट बदली नहीं जा सकी। बताया जा रहा है कि बुधवार रात से ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी प्लांट के अंदर ही फंसे हुए हैं। संवेदनशील और प्रेशराइज्ड गैस संयंत्र होने के कारण थके हुए कर्मियों से लगातार काम लिए जाने को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता बढ़ गई है। ओएनजीसी का यह सीबीएम प्लांट प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन से जुड़ा है और यहां उत्पादित गैस ग्रिड में भेजी जाती है। आंदोलन के कारण यदि उत्पादन और गैस फीडिंग प्रभावित होती है, तो स्थानीय उद्योगों के साथ गेल की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है। वहीं, पाइपलाइन से जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गोमिया और तेनुघाट थाना पुलिस, अंचल निरीक्षक, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सहित करीब 20 से 30 पुलिस एवं होमगार्ड जवान मौके पर तैनात हैं। प्रशासन आंदोलनकारियों से वार्ता कर गेट खाली कराने का प्रयास कर रहा है, लेकिन रैयत नौकरी की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रशासन के अनुसार, ओएनजीसी परिसर को झारखंड राज्य संरक्षित स्थान अधिनियम, 1979 के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। ऐसे में आंदोलन के चलते सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## महिला का आपत्तिजनक वीडियो-फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर एवं महिला अपराध के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बालीडीह थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजा बाबू दास निवासी ब्राह्मणलगला, थाना चंदनकियारी, जिला बोकारो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बालीडीह थाना कांड संख्या 80/26 में प्राथमिकी अभियुक्त था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी पर सूचना प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर एक महिला का आपत्तिजनक वीडियो और फोटो वायरल करने का




आरोप है।मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों को जुटाया। पुलिस का दावा है कि जांच में आरोपी की संलिप्तता से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य सामने आए। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।

इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 सितंबर को आरोपी राजा बाबू दास को चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अनुसंधान कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## आग की लपटों में घिरी महिला मासूम को सीने से चिपकाए दूसरी मंजिल से कूदी, मौत

### मां-बेटे की मौत, पति और ससुर गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां आग की लपटों में घिरी एक महिला अपने मासूम बच्चे को सीने से लगाकर दूसरी मंजिल से नीचे कूद गई। हादसे में गंभीर रूप से झुलसी महिला और उसके मासूम बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर में अचानक आग लग गई थी। आग की चपेट में आने के बाद महिला अंदर फंस गई। जान बचाने के प्रयास में उसने अपने मासूम बच्चे को गोद में लिया और दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को तत्काल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मामले में नया मोड़ तब आया, जब मृतका के मायके वालों ने उसके ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का आरोप है कि महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और साजिश के तहत घर में आग लगाई गई।मायके वालों के बयान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। भूली ओपी पुलिस ने मां-बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि महिला और बच्चे की मौत आग लगने से हुए हादसे में हुई या इसके पीछे कोई साजिश थी। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही

## थाना दिवस का आयोजन, 72 फरियादियों की सुनी शिकायतें

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आमजनों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बोकारो जिले के सभी थाना क्षेत्रों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से सभी थाना प्रभारियों और ओपी प्रभारियों को थाना दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। थाना दिवस के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी समेत संबंधित पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान विशेष रूप से जमीन विवाद, राजस्व संबंधी मामले और अन्य जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। पुलिस के अनुसार, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 72 मामले फरियादियों के माध्यम से प्राप्त हुए।




इनमें से 49 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि 23 मामले लंबित रखे गए। वहीं एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जमीन के बंटवारे, जमीन के कागजात प्रस्तुत नहीं करने, अगली तारीख में बातचीत के लिए समय मांगने, दूसरे की जमीन पर दावा करने और घरेलू विवाद समेत कई मामले सामने आए।पुलिस का कहना है कि थाना दिवस के आयोजन से आमजनों में यह विश्वास बढ़ रहा है कि उनकी समस्याओं को सुना और समझा जा रहा है तथा उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि आपसी विवाद और मारपीट से बचें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर आयोजित होने वाले थाना दिवस में अपनी समस्या रखें।

## दुकान का ताला तोड़ने और मारपीट का आरोप, महिला ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया थाना क्षेत्र के एना इस्लामपुर निवासी फरहत जहां ने अपने पति मो. शाहिद हुसैन पर जालसाजी कर दुकान को सौतन के बेटे के नाम करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि गुरुवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचीं, तो दुकान का ताला पहले से टूटा हुआ था



और महताब आलम नामक व्यक्ति दुकान के अंदर मौजूद था। फरहत जहां के अनुसार, दुकान में प्रवेश का विरोध करने पर महताब आलम ने उनके और उनके बेटे के साथ कथित तौर पर मारपीट की। घटना के बाद महिला शिकायत लेकर झरिया थाना पहुंचीं, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्होंने धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में न्याय और कार्रवाई की मांग की। महिला के मुताबिक, पुलिस की ओर से उन्हें बताया गया कि मामला जमीन और दुकान से संबंधित है, इसलिए एलआरडीसी कार्यालय में शिकायत करने की सलाह दी गई। फरहत जहां ने बताया कि उनके पति के साथ मेंटेनेंस और संपत्ति को लेकर पहले से न्यायालय में मामला चल रहा है। उनका आरोप है कि पति गोविंदपुर में रहते हैं और शिकायत के बावजूद अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।फरहत जहां और उनके पुत्र आशिफ अंसारी ने पुलिस-प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल मामला संपत्ति विवाद और मारपीट के आरोपों से जुड़ा बताया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com